डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार | 12 मई 2026 | वर्ष-32, अंक-205, पृष्ठ-12
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10, संवत 2083 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## शादी समारोह से लौट रहे नाना-नाती की सड़क हादसे में मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बरछिया (जबरा) गांव में सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुकर प्रजापति (पिता कइल प्रजापति), निवासी जबरा थाना बारियातू जिला लातेहार तथा आलोक कुमार (पिता हुलास प्रजापति), निवासी चिरिंदिरी थाना राजपुर जिला चतरा के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में नाना और नाती बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार दोनों बीती रात सिमरिया थाना क्षेत्र के सलगी गांव में आयोजित एक विवाह समारोह से मोटरसाइकिल (नंबर जेएच 03 एटी 6438) से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान चतरा जिले के बगरा रोड के समीप तेज रफ्तार अज्ञात कोयला लदे भारी वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। विरोध में ग्रामीणों ने शाम करीब पांच बजे सुकर प्रजापति के शव के साथ बरछिया थाना के समीप रांची-चतरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

### तनावमुक्त पुलिसिंग की दिशा में पलामू पुलिस की बड़ी पहल

## पलामू के 3000 जवानों का होगा मानसिक स्वास्थ्य सर्वे

### सिर्फ ड्यूटी नहीं, अब पुलिसकर्मियों की भावनाओं का भी रखा जाएगा ख्याल

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** अक्सर पुलिसकर्मियों को सिर्फ वर्दी और ड्यूटी के नजरिये से देखा जाता है, लेकिन पलामू के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने इस सोच से आगे बढ़ते हुए पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक परिस्थितियों और भावनात्मक चुनौतियों को समझने की दिशा में एक अनूठी पहल शुरू की है। झारखंड में अपनी तरह की इस विशेष कार्ययोजना के तहत जिले के लगभग तीन हजार पुलिसकर्मियों की समसामयिक स्थिति का विस्तृत सर्वे कराया जा रहा है। यह पहल इसलिए भी खास मानी जा रही है, क्योंकि आमतौर पर पुलिसकर्मी दूसरों के संकट को संभालते-संभालते अपने तनाव, थकान और मानसिक दबाव को भीतर ही दबाकर जीते रहते हैं। ऐसे में पलामू पुलिस पहली बार अपने जवानों के मन की बात सुनने और उनके दर्द को समझने के लिए आगे आई है।

एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पदस्थापित पुलिसकर्मियों का सर्वे किया जा रहा है। इसमें उनकी ड्यूटी की प्रकृति, लगातार कार्य का दबाव, पारिवारिक चुनौतियां, मानसिक तनाव, स्वास्थ्य स्थिति और कार्यस्थल की परिस्थितियों से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है। इसका उद्देश्य केवल आंकड़े तैयार करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पुलिसकर्मी की जरूरत और मनःस्थिति को समझकर उनके कल्याण के लिए ठोस कदम उठाना है।

एसपी कपिल चौधरी का मानना है कि पुलिसकर्मी 24 घंटे समाज की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। त्योहार हो, आपदा हो, दुर्घटना हो या कोई संकट पुलिस हमेशा सबसे आगे खड़ी रहती है। ऐसे में जो पुलिसकर्मी समाज की चिंता करता है, उसकी चिंता करना भी पुलिस नेतृत्व की जिम्मेदारी है।


एसपी बोले- 'पुलिसकर्मी भी इंसान हैं'

उन्होंने 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को बताया कि एक तनावमुक्त और मानसिक रूप से स्वस्थ पुलिसकर्मी ही संवेदनशील और प्रभावी पुलिसिंग कर सकता है। इसी सोच के साथ पुलिसकर्मियों की मानसिक स्थिति का मनोवैज्ञानिक तरीके से आकलन किया जा रहा है, ताकि यह जाना जा सके कि कोई कर्मी तनाव, अवसाद, दबाव या किसी व्यक्तिगत परेशानी से तो नहीं गुजर रहा। जरूरत पड़ने पर उन्हें काउंसिलिंग और मनोवैज्ञानिक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा।

एसपी कपिल चौधरी ने कहा, 'पुलिसकर्मी भी इंसान हैं। वे लगातार दबाव और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं। कई बार वे अपनी परेशानियां किसी से साझा नहीं कर पाते। हमारा प्रयास है कि हम अपने जवानों को सिर्फ एक फोर्स नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह देखें। अगर पुलिसकर्मी मानसिक रूप से स्वस्थ और संतुलित रहेंगे, तभी वे समाज को बेहतर सुरक्षा और संवेदनशील सेवा दे पाएंगे।' उन्होंने कहा कि हम यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि कहीं कोई पुलिसकर्मी किसी तनाव, पारिवारिक समस्या या मानसिक दबाव से तो नहीं गुजर रहा। जरूरत पड़ने पर विभाग उनकी हरसंभव मदद करेगा। यह केवल प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी भी है। इस कार्ययोजना के तहत हर थाना और इकाई का अलग-अलग मूल्यांकन किया जाएगा। पुलिसकर्मियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना जाएगा और उनके समाधान की दिशा में विभागीय स्तर पर पहल की जाएगी।

पुलिस विभाग से जुड़े लोगों का कहना है कि अब तक पुलिसकर्मियों से केवल बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती रही है, लेकिन पलामू में पहली बार उनकी भावनाओं, मानसिक स्थिति और व्यक्तिगत जीवन को भी गंभीरता से समझने का प्रयास हो रहा है। यह पहल वर्दी के पीछे छिपे इंसान को पहचानने की एक संवेदनशील कोशिश है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस मॉडल को व्यापक स्तर पर लागू किया गया, तो इससे पुलिस बल में तनाव कम होगा, आत्मविश्वास बढ़ेगा, पारिवारिक संतुलन बेहतर होगा और आम जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार भी अधिक संवेदनशील बनेगा।



### डालटनगंज का तापमान

| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 41.0° | अधिक. 41.0° |
| न्यून. 28.0° | न्यून. 27.4° |

### गोड्डा में सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा

# स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

**नवीन मेल डेस्क**

**बोलीं मंत्री**

- ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी, विकास को मिलेगी नई रफ्तार
- भुसका पहाड़ को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की है तैयारी
- पंचायत में प्रस्तावित राइस मिल निर्माण की सभी बाधाएं दूर कर ली गई हैं



**रांची/गोड्डा।** राज्य की ग्रामीण विकास कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को महागामा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेहरमा प्रखंड में गोड्डा-पीरपैंती एनएच पथ बिरामचक से दियाजोरी बलबड्डा पथ (घोरीचक मोड़ वाया वीरनगर तक) के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। 1.47 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली यह सड़क क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगी और ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराएगी।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण के साथ-साथ भुसका पहाड़ पर पार्क निर्माण की योजना भी क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि भगैया ककरघट में विकसित नेचर पार्क की सफलता के बाद अब भुसका पहाड़ को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी की जा रही है।

मंत्री ने कहा कि इस योजना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और पर्यटन को साथ लेकर आगे बढ़ने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

दीपिका पांडेय सिंह ने यह भी बताया कि पंचायत में प्रस्तावित राइस मिल निर्माण की सभी बाधाएं दूर कर ली गई हैं। अगले छह से आठ महीनों के भीतर राइस मिल शुरू होने की संभावना है। इसके शुरू होने से किसानों को धान की बिक्री और प्रसंस्करण में सीधा लाभ मिलेगा तथा उन्हें स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मंत्री दीपिका ने कहा कि राज्य सरकार सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य कर रही है। ग्रामीणों की मांग के अनुरूप छठ घाट, पोखर, पीसीसी सड़क, खेल मैदान और अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास भी प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### ट्रैफिक जाम कम करने के लिए फ्लाईओवर और एलिवेटेड कॉरिडोर पर जोर

हेमंत सरकार झारखंड में सड़क जैसी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार सड़क निर्माण की गुणवत्ता, कनेक्टिविटी और शहरी यातायात प्रबंधन पर विशेष बल दे रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट के अनुसार, सरकार राज्य में सड़कों के घनत्व को बढ़ाने और मौजूदा सड़कों को फोरलेन में तब्दील करने के लिए काम कर रही है। राजधानी रांची, जमशेदपुर, धनबाद जैसे शहरों में ट्रैफिक जाम कम करने के लिए फ्लाईओवर और एलिवेटेड कॉरिडोर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शेष पेज 11 पर



## दृष्टिपात

### बारियातू के चुम्बा स्टोन माइंस में हाईवा पर फायरिंग

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनिया पंचायत स्थित चुम्बा स्टोन माइंस परिसर में सोमवार की शाम अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि गोलीबारी के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब छह बजे बाइक सवार दो अज्ञात अपराधी माइंस परिसर के समीप पहुंचे और वहां खड़े एक हाईवा वाहन को निशाना बनाते हुए दो से चार राउंड फायरिंग कर फरार हो गए। अचानक हुई गोलीबारी से मौके पर मौजूद लोग सहम गए और इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही माइंस संचालक अमित कुमार तथा बारियातू थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के इलाके में छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। घटना के बाद माइंस क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने जल्द मामले के खुलासे का भरोसा दिलाया है।

## बारातियों से भरी पिकअप पलटने से दो लोगों की मौत, छह घायल

- मनोहरपुर में तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उंधन गांव के पास उस समय हुआ, जब बारातियों से भरी एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 10 फीट नीचे खेत में जा गिरी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। मृत व्यक्तियों की पहचान बारंगा गांव निवासी 12 वर्षीय रोहन गोप और गोपीपुर गांव निवासी 25 वर्षीय दशरथ सरदार के रूप में हुई है। हादसे में घायल लोगों में गोपीपुर गांव के सूरज महतो (22 वर्ष), शिशुपाल मोदी (26 वर्ष), राहुल गोप (20 वर्ष), बारंगा गांव के गोपी मोदी (18 वर्ष), सौरभ लोहार (16 वर्ष) तथा मेदासाई गांव निवासी सुरेश गोप (48 वर्ष) शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## जीटी रोड पर दनुआ घाटी में छह वाहन टकराए, 12 घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र स्थित दनुआ घाटी में रविवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें छह वाहन आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में 12 लोग घायल हो गए। घटना में घायल कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक वाहन सड़क किनारे पलट गया, जबकि कई अन्य वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सभी वाहन झारखंड से बिहार की ओर जा रहे थे। टक्कर के बाद घाटी क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और घाटी में वाहनों का अत्यधिक दबाव माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद में जुट गए। चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार तथा चेक पोस्ट प्रभारी नीतीन कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

## रिटायर्ड टाटा स्टील कर्मी ने कुल्हाड़ी से की पत्नी, बेटे व गर्भवती बेटी की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रिको रोड नंबर-2 स्थित क्वार्टर संख्या एल5/13 में सोमवार की सुबह हुए तिहरे हत्याकांड ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या के बाद इलाके में दहशत और मातम का माहौल है। मामले में पुलिस ने घर के मुखिया और टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारी रवींद्र प्रसाद सिंह को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने रविवार की रात अपनी पत्नी, बेटे और बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी।


हत्या के कारण का खुलासा नहीं, पुलिस कर रही जांच

जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह स्वयं रवींद्र प्रसाद सिंह ने डायल-100 पर फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सिदगोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर के भीतर से तीन शव बरामद किए। मृतकों की पहचान रवींद्र प्रसाद सिंह की पत्नी सरिता सिंह (55), पुत्र रविशेक कुमार (30) और पुत्री सुप्रिया सिंह (31) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुप्रिया सिंह विवाहित थी और गर्भवती भी थी। शेष पेज 11 पर

### ट्रंप ने शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को अस्वीकार्य बताया

**वाशिंगटन/तेहरान।** इस साल फरवरी आखिर से अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य पर छिड़ी तकरार के और तेज होने की आशंका बढ़ गई है। युद्ध टालने और तनाव को कम करने के ताजा कूटनीतिक प्रयासों को झटका लगा है। ट्रंप ने वाशिंगटन के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। शेष पेज 11 पर



## टेंडर कमीशन घोटाले में आलमगीर को राहत, सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)**

झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के बहुचर्चित टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और उनके निजी सचिव संजीव लाल की जमानत याचिका मंजूर कर ली। ये दोनों आरोपी करीब दो साल से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।


दो साल से न्यायिक हिरासत में थे जेल में बंद, संजीव लाल को भी जमानत

सुनवाई के दौरान, आलमगीर आलम के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल मई 2024 से हिरासत में हैं। उन्होंने ट्रायल की कार्यवाही में हो रही देरी का जिक्र किया और कहा कि इसकी वजह एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) द्वारा बार-बार दायर की जा रही सप्लीमेंट्री चार्जशीट हैं। संजीव लाल ने भी इन्हीं आधारों पर जमानत याचिका दाखिल की थी। मामला टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और मनी लांड्रिंग से जुड़ा है।

ईडी ने इस मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। शेष पेज 11 पर

**संवाद सत्र** झारखंड की पहचान को वैश्विक मंच तक पहुंचाने पर चर्चा

# इंफ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टल का शुभारंभ

- सुदिव्य कुमार ने कहा, हमारी कोशिश है युवा क्रिएटर्स राज्य की ब्रांडिंग मजबूत करें

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने सोमवार को कहा कि झारखंड के पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिए बड़े महानगरों के क्रिएटर्स को आमंत्रित किया जा सकता था, लेकिन झारखंड की असली पहचान, यहां की सादगी, संस्कृति और लोकजीवन को सबसे बेहतर ढंग से हमारे अपने राज्य के इंफ्लुएंसर्स ही प्रस्तुत कर सकते हैं। मंत्री पतरातू स्थित होटल पर्यटन विहार में सोमवार को पर्यटन विभाग, झारखंड की ओर से राज्य स्तरीय 'इंफ्लुएंसर मीट 2026' के सफल आयोजन के दौरान बोल रहे थे।

सुदिव्य कुमार ने कहा, हमारी कोशिश है कि झारखंड के युवा क्रिएटर्स जब किसी पर्यटन स्थल पर कंटेंट निर्माण करें, तो वे गर्व से कह सकें कि वे झारखंड पर्यटन विभाग के साथ जुड़े हुए हैं। इससे न केवल राज्य की ब्रांडिंग मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय क्रिएटर्स को भी नई पहचान और अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विजन एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड के पर्यटन स्थलों, कला-संस्कृति, विरासत एवं स्थानीय खानपान को डिजिटल माध्यमों से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पहचान दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री की ओर से 'इंफ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टल' का शुभारंभ किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के कंटेंट क्रिएटर्स एवं इंफ्लुएंसर्स को पर्यटन विभाग से औपचारिक रूप से जुड़कर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। शेष पेज 11 पर

### राज्य के 80 से अधिक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स ने लिया भाग

इस आयोजन में राज्य के 80 से अधिक प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन संभावनाओं एवं स्थानीय पहचान को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करना है।

## शिक्षक नियुक्ति मामले में 10 जून को हाईकोर्ट में सुनवाई

**नवीन मेल डेस्क**



सरकार और जेएसएससी की ओर से अपील पर शीघ्र सुनवाई करने का आग्रह किया गया

**रांची।** स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2016 नियुक्ति मामले में मीना कुमारी से जुड़ी याचिका पर राज्य सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से दायर अपील (एलपीए) पर झारखंड हाईकोर्ट में अब 10 जून 2026 को सुनवाई होगी। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकार और जेएसएससी की ओर से अपील पर शीघ्र सुनवाई करने का आग्रह किया गया। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ को बताया कि इस मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने अपने मूल आदेश में संशोधन कर दिया है, जबकि उस आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई पहले से लंबित है। खंडपीठ को यह भी बताया गया कि एकल पीठ ने अपने संशोधित आदेश में फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के नए अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की नियुक्ति की है। इसके बाद फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने मामले की सुनवाई भी शुरू कर दी है। शेष पेज 11 पर

**आज / कल**



# विवाहिता को ससुराल छोड़ने गए परिजनों की पिटाई, मामला दर्ज

- मारपीट में चार महिलाएं घायल, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद (पलामू)।** झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित मुनगा गांव में विवाहिता को ससुराल पहुंचाने गए परिजनों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में विवाहिता समेत चार महिलाएं घायल हो गईं, जिनका इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, मुनगा गांव निवासी कौशल कुमार की पत्नी प्रीति देवी अपने मायके हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आई थीं। शादी समारोह के बाद वह परिजनों के साथ गजना धाम मंदिर में पूजा-अर्चना करने गईं। इसके बाद जब परिजन उन्हें वापस ससुराल छोड़ने पहुंचे, तो किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उग्र होकर प्रीति देवी के साथ आए परिजनों पर हमला कर दिया। मारपीट में प्रीति देवी, रिंकी देवी (डिहरी निवासी), रूपा देवी और मंजू कुंवर (दोनों बिलासपुर निवासी) घायल हो गईं। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की लिखित सूचना टंडवा थाना को दे दी गई है। पुलिस घायलों के बयान के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

## 16 मई को सम्मानित होंगे मेधावी छात्र-छात्राएं

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को आगामी 16 मई को बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज सभागार में सम्मानित किया जाएगा। इसे लेकर रविवार देर रात कंचन ढाबा में उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उप प्रमुख ने कहा कि प्रतिभावान छात्रों का सम्मान शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करेगा और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। बैठक में अवधेश सिंह चेरो, पंकज तिवारी, भोला मेहता, विजय पाठक, अर्पण सहित कई लोग मौजूद थे।

## मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ पर आवागमन अब भी कठिन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ पर अब तक सुगम आवागमन सुनिश्चित नहीं हो सका है। राजनडीह गांव से शुरू होकर पठारी क्षेत्रों तक जाने वाली इस सड़क पर कई समस्याएं बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ से वाया पदारथडीह काशीस्रोत रेल पुल होते हुए इस मार्ग तक पहुंचना आज भी कठिन है। लोगों ने पहले आरयूबी निर्माण की मांग की थी, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। इसके अलावा 22 किलोमीटर लंबी इस सड़क में राजनडीह झरिवा मोड़ से नदीपर मोड़ तक करीब दो किलोमीटर सड़क निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। बरसात के दिनों में यहां जलजमाव हो जाता है, जिससे आवागमन काफी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने एवं स्थायी समाधान की मांग की है।

## पीएमश्री +2 हाई स्कूल में जलजमाव से बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में बारिश के दौरान भारी जलजमाव की समस्या बनी हुई है। मुख्य द्वार से बारिश का पानी परिसर में प्रवेश कर जाता है, जिससे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि थोड़ी बारिश में ही वन विभाग और दैनिक बाजार की ओर से बहकर पानी विद्यालय परिसर में जमा हो जाता है। चहारदीवारी एवं भवन निर्माण के दौरान जल निकासी के लिए समुचित नाला निर्माण नहीं किए जाने से यह समस्या गंभीर बनी हुई है। विद्यालय परिसर में पहली से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। जलजमाव के कारण पठन-पाठन प्रभावित होता है। ग्रामीणों ने मुख्य द्वार एवं चहारदीवारी के बाहर से मुख्य नहर तक नाला निर्माण कराने की मांग की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि परिसर के अंदर नाली निर्माण एवं मुख्य नहर किनारे ह्यूम पाइप लगाया गया है। बरसात से पूर्व उसकी सफाई भी कराई जाती है, लेकिन भारी बारिश के दौरान मुख्य द्वार से पानी का प्रवेश रोकना कठिन हो जाता है।

## मवेशी चोरी मामले में दो गिरफ्तार, चोरी के दो भैंसे बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सिंघानी गांव में मवेशी चोरी मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी किए गए दो भैंसे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 10 मई की रात ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि दो व्यक्ति मवेशी चोरी कर भाग रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारंगी गांव निवासी बब्लू मुंडा और मीना यादव को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से चोरी किए गए दो भैंसे बरामद किए गए। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## एसडीपीओ की सख्ती से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप, बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनन और बालू परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज हो रही है। एसडीपीओ (आईपीएस) दिव्यांश शुक्ला के नेतृत्व में रविवार को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीनगर के समीप निमहत इलाके में छापेमारी कर पुलिस ने अवैध बालू लदे एक स्वराज ट्रैक्टर को जब्त किया। गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला और थाना प्रभारी चंदन कुमार की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ा। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक मौके से फरार हो गया। जांच में पता चला कि ट्रैक्टर बिना वैध चालान के बालू परिवहन कर रहा था। एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में अवैध खनन, बालू उठाव और अवैध परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की लगातार सख्ती से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अब ट्रैक्टर मालिक और फरार चालक की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने की। बैठक में सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल और प्रदेश मंत्री डॉ. अमरदीप यादव समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को प्रत्येक माह "मन की बात" कार्यक्रम सुनने और बूथ स्तर पर सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया।

## डीडीयू जंक्शन पर शिशु आहार कक्ष का शुभारंभ, मातृ दिवस पर रेलवे की अनूठी पहल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** मातृ दिवस के अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल द्वारा डीडीयू जंक्शन के कॉनकोर्स एरिया में महिला यात्रियों एवं उनके शिशुओं की सुविधा के लिए शिशु आहार कक्ष का शुभारंभ किया गया। पूर्व मध्य रेल ईसीआर महिला कल्याण संगठन की डीडीयू मंडल अध्यक्ष चित्रा सिंह ने फीता काटकर इस सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित कई रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं उपस्थित रहीं। रेलवे द्वारा यह सुविधा कॉनकोर्स एरिया तथा प्लेटफॉर्म संख्या 3/4 स्थित वातानुकूलित प्रतीक्षालय में निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने कहा कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस पर शिशु आहार कक्ष की शुरुआत एक संवेदनशील और जनहितकारी पहल है। महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष चित्रा सिंह ने कहा कि इस सुविधा का उद्देश्य धात्री माताओं को यात्रा के दौरान सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने शिशुओं को सहजता से आहार करा सकें।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 15 मई को, बच्चों को खिलाई जाएगी दवा





**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने की। बैठक में 15 मई को राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस और 18 मई को मॉप-अप दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाई जाएगी। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में दवा एवं प्रचार सामग्री समय पर उपलब्ध कराने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।

## स्थायी नौकरी नहीं मिलने से युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा गांव निवासी 30 वर्षीय रंजीत दुबे ने रविवार को ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 की है। सोमवार को घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया। मृतक रंजीत दुबे, हरेंद्र दुबे के पुत्र थे। प्रारंभ में शव की पहचान नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका था और शव को सुरक्षित रखा गया था। बाद में परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा पहचान होने पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे एमएमसीएच में शव परीक्षण कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के लोग और परिजन मौजूद थे। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव ले जाया गया, जहां कोयल नदी तट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार रंजीत दुबे पढ़ाई-लिखाई में काफी मेधावी थे। उन्होंने रांची के संत जेवियर महाविद्यालय तथा वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की थी। इसके बावजूद उन्हें स्थायी नौकरी नहीं मिल पा रही थी, जिससे वे मानसिक तनाव में थे। बताया जाता है कि इसी तनाव के कारण उन्होंने यह कदम उठा लिया। रंजीत दुबे अपने परिवार के इकलौते पुत्र थे। उनकी एक बहन है। पिता कृषि कार्य करते हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और लोग इस घटना पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। परिजनों के अनुसार वर्ष 2018 में भी रंजीत दुबे ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या का प्रयास किया था। इस घटना के बाद इलाके में दुख और संवेदना का माहौल बना हुआ है।

## मुख्य नहर किनारे वृहदाकार घाट निर्माण की मांग तेज

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल मुख्य नहर के तटवर्ती शिलापर, मोहम्मदगंज बाजार, किशुनडीह, पदारथडीह, भजनियां और सोनबरसा समेत कई गांवों के समीप घाट निर्माण की मांग तेज हो गई है। ग्रामीणों ने विशेष रूप से बीचलाडीह एवं देवीधाम मंदिर के समीप वृहदाकार घाट निर्माण की आवश्यकता बताई है। ग्रामीणों का कहना है कि इन स्थानों पर पहले छोटे आकार के घाट बनाए गए हैं, जहां छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालु अर्घ्यदान करते हैं। वर्तमान में उत्तर कोयल मुख्य नहर का रीमॉडलिंग कार्य चल रहा है, जिसके तहत नहर के दोनों किनारों का कंक्रीट से पक्कीकरण किया जा रहा है। लोगों ने मांग की है कि जिन स्थानों पर मंदिर स्थित हैं, वहां वृहदाकार घाट का निर्माण कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को स्नान व पूजा-अर्चना में सुविधा हो सके। ग्रामीणों ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय एवं नहर रीमॉडलिंग कार्य में जुटी वाप्कोस लिमिटेड के चेयरमैन सह अध्यक्ष का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए शीघ्र पहल की मांग की है।

## राजकीय मध्य विद्यालय रामबीघा में पोशाक वितरण, बच्चों के चेहरे खिले

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** स्थानीय राजकीय मध्य विद्यालय, रामबीघा में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कक्षा एक और दो के 22 छात्र-छात्राओं के बीच नई स्कूल पोशाक का वितरण किया गया। नई ड्रेस पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती शामिल हुए। वहीं वार्ड नंबर तीन की पार्षद बबीता देवी और सोनू चंद्रवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय शर्मा एवं शिक्षकों ने किया। पोशाक वितरण के दौरान प्रधानाध्यापक विनय शर्मा, शिक्षक रंजन कुमार शर्मा और रमेश चंद्रवंशी ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की स्वच्छता, नियमित उपस्थिति और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई प्रभावित न हो। बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आकर मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए, ताकि वे भविष्य में हुसैनाबाद और देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दस दिन में खराब हुई स्ट्रीट लाइट, अंधेरे में डूबा महतो टोला

**नवीन मेल संवाददाता**



**पंडवा।** पलामू प्रखंड के लोहड़ा पंचायत अंतर्गत महतो टोला वार्ड नंबर-4 में लगाई गई स्ट्रीट लाइट इंस्टॉलेशन के महज दस दिन बाद ही खराब हो गई है। लाइट बंद रहने से पूरे इलाके में अंधेरा पसरा हुआ है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के बाद से ही वह सही तरीके से नहीं जल रही थी। अब करीब दस दिनों से पूरी तरह बंद पड़ी है। रात के समय अंधेरा रहने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए संबंधित विभाग एवं पंचायत प्रतिनिधियों से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### हल्की बारिश में डूबा पांकी मुख्य बाजार, जलजमाव से व्यवसायी और ग्रामीण परेशान

## प्रशासन से अविलंब जल निकासी व नालियों की मरम्मत कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी।** हल्की बारिश ने एक बार फिर पांकी मुख्य बाजार की बदहाल व्यवस्था की पोल खोल दी है। बारिश थमने के 48 घंटे बाद भी मुख्य सड़क पर जलजमाव बना हुआ है, जिससे व्यवसायियों, राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पांकी के व्यस्त मुख्य बाजार क्षेत्र, जहां किसान स्टोर और खाद-बीज की कई महत्वपूर्ण दुकानें स्थित हैं, वहां सड़क पर गंदा पानी जमा होने से हालात बदतर हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही ठहर गया है, जिससे मुख्य सड़क किसी तालाब जैसी नजर आने लगी है। सड़क पर घुटनों तक भरे गंदे पानी के बीच लोगों को आने-जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बुजुर्गों और महिलाओं को चप्पल हाथ में लेकर पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर उदासीनता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि हल्की बारिश में बाजार की यह स्थिति है, तो मानसून में हालात और भयावह हो सकते हैं। लोगों ने अविलंब जल निकासी की व्यवस्था करने और नालियों की मरम्मत कराने की मांग की है।

### जल जमाव से संक्रमित बीमारी फैलने की आशंका, कारोबार पर बुरा असर

स्थानीय लोगों ने ईंट रखकर अस्थायी रास्ता बनाने की कोशिश की, लेकिन वह भी पर्याप्त साबित नहीं हो रहा है। व्यवसायियों ने बताया कि जलजमाव के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे कारोबार पर असर पड़ रहा है। वहीं गंदे पानी से संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है।

# राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

- **उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, खनन, परिवहन और उत्पाद विभाग के कार्यों का लिया जायजा**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को राजस्व संग्रहण से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागवार लक्ष्य और वसूली की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को 58433.31 लाख रुपये का लक्ष्य मिला था, जिसके विरुद्ध अब तक 17000.53 लाख रुपये की वसूली की गई है। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को राजस्व वसूली में और तेजी लाने का निर्देश दिया। परिवहन विभाग की समीक्षा में पाया गया कि वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली की गई है। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में भी विभाग ने लक्ष्य के अनुरूप वसूली शुरू कर दी है। उत्पाद विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उत्पाद अधीक्षक को सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। नगर निगम, अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत और विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गई तथा सभी विभागों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करने को कहा गया। बैठक में भू-लगान, दाखिल-खारिज, म्यूटेशन, भूमि सीमांकन और ई-रेवेन्यू कोर्ट की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्धारित समय के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## बिजली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए डीसी की नई पहल

**मेदिनीनगर।** जिले में बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने नई पहल की है। उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया है कि बिजली समस्याओं के निष्पादन के लिए एक विशेष व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। इस ग्रुप में सभी अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम), अंचल अधिकारी (सीओ) तथा विद्युत विभाग के कनीय एवं सहायक अभियंताओं को जोड़ा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी सीओ अपने-अपने क्षेत्रों में बिजली पोल क्षतिग्रस्त होने, तार पर पेड़ गिरने, ट्रांसफार्मर जलने समेत अन्य विद्युत समस्याओं की सूचना तत्काल ग्रुप में साझा करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित अभियंता प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें और कार्य पूर्ण होने के बाद उसकी फोटो भी ग्रुप में साझा करें। उपायुक्त ने कहा कि गर्मी, बारिश और तेज हवा के दौरान बिजली से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं, लेकिन बिजली एक अत्यावश्यक सेवा है। ऐसे में आम जनता को परेशानी से बचाने के लिए शिकायतों का त्वरित निष्पादन जरूरी है।

## स्व-गणना में तेजी लाने का निर्देश केवल चार दिन शेष : उपायुक्त

- **शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने को कहा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जनगणना-2027 के तहत चल रही स्व-गणना प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है। सोमवार को उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष से जिला शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी समेत शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर स्व-गणना को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि स्व-गणना अभियान एक मई से 15 मई तक संचालित किया जा रहा है और अब इसमें केवल चार दिन शेष बचे हैं। ऐसे में सभी अधिकारी एवं कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुपात में जिले में स्व-गणना की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। इसे गति देने में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। बीआरपी, सीआरपी एवं शिक्षक गांव-गांव जाकर लोगों को स्व-गणना की प्रक्रिया की जानकारी दें और उन्हें इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने विद्यालयों एवं स्थानीय स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर देते हुए कहा कि लोगों को डिजिटल माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया समझाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग समय रहते इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों से सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य पूरा करने पर बल दिया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विश्वशांति पदयात्रा टीम ने उपायुक्त से की मुलाकात

- **पर्यावरण, सड़क सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता अभियान को लेकर हुई चर्चा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्वशांति पदयात्रा एवं जन-जागरूकता अभियान चला रही टीम ने सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से शिष्टाचार मुलाकात की।

टीम ने उपायुक्त को बताया कि वे विभिन्न राज्यों में भ्रमण कर विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मतदाता जागरूकता जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उपायुक्त ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग और सड़क सुरक्षा समिति को भी आवश्यक सहयोग देने का निर्देश दिया।

इस दौरान उपायुक्त ने "सेल्फ एन्यूमरेशन (स्व-गणना)" अभियान का उल्लेख करते हुए लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 1 से 15 मई तक चल रहे इस अभियान के तहत नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं, जिससे डेटा संग्रहण अधिक पारदर्शी और सटीक होगा। मौके पर अवध बिहारी लाल, जितेंद्र प्रताप, महेंद्र प्रताप एवं गोविंदा नंद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बच्चों को अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी : चन्द्रदीप पासवान

**मेदिनीनगर।** बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। यह बातें पीएलवी चन्द्रदीप पासवान ने विश्रामपुर प्रखंड के कधवन, कामता, लोटार और हंसदाग गांव में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के तहत आयोजित किया गया। चन्द्रदीप पासवान ने कहा कि "नालसा योजना बच्चों हेतु बाल अनुकूल विधिक सेवाएं-2024" विशेष रूप से उन बच्चों के लिए बनाई गई है, जो देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता में हैं या विधि से संघर्षरत हैं। इसके तहत अनाथ एवं जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क, सुलभ और बाल अनुकूल विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया को समझ सकें और अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें।

## 15 मई तक होगा पेंशनधारियों का सत्यापन पलामू में 57.44 प्रतिशत कार्य पूरा

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना तथा केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं के लाभुकों का जिलेभर में सत्यापन कार्य जारी है। पलामू जिले में अब तक 57.44 प्रतिशत पेंशनधारियों का सत्यापन पूरा कर लिया गया है। सत्यापन के दौरान 2,134 लाभुक अयोग्य, मृत अथवा अज्ञात पाए गए हैं।

सत्यापन कार्य की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। यह कार्य आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से कराया जा रहा है। हालांकि मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के कुछ वार्डों में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लाभुकों को सत्यापन प्रपत्र नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार प्रखंड स्तर से अब तक प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के उपनिदेशक सह सहायक निदेशक पीयूष ने बताया कि जिले में सभी प्रकार की पेंशन योजनाओं के कुल 4 लाख 71 हजार 663 लाभुक हैं। इनमें से अब तक 2 लाख 71 हजार 440 लाभुकों का सत्यापन पूरा किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के 1 लाख 46 हजार 344 लाभुकों का सत्यापन किया गया, जिसमें 310 लाभुक अयोग्य, मृत अथवा अज्ञात मिले। वहीं सर्वजन पेंशन योजना के 84 हजार 608 लाभुकों के सत्यापन में 984 लाभुक अयोग्य अथवा मृत पाए गए। इसके अलावा केंद्र प्रायोजित पेंशन योजना के 40 हजार 448 लाभुकों में 840 लाभुक अयोग्य, मृत अथवा अज्ञात मिले हैं।

# दृष्टिपात

## सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में खुलेंगे जन औषधि केंद्र, मरीजों को मिलेगी सस्ती दवा

**मेदिनीनगर।** जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन औषधि केंद्र खोलने की दिशा में पहल तेज कर दी गई है। इस संबंध में सोमवार से निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन औषधि केंद्र खुलने से मरीजों को सस्ती दरों पर सामान्य दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को सामान्य दवाएं लिखने के लिए निर्देशित किया जाएगा, ताकि आम लोगों को आर्थिक राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुलभ इलाज की सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। जन औषधि केंद्रों के संचालन को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है और जल्द ही सभी औपचारिकताएं पूरी कर इन्हें शुरू कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मेदिनीनगर स्थित मेदिनी राय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में संचालित जन औषधि केंद्र से मरीजों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां चिकित्सकों द्वारा लिखी जाने वाली कई आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं रहती हैं। ऐसे में मरीजों के हित में अस्पताल प्रबंधन से सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध कराने की मांग उठ रही है, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके।

## झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ का पुनर्गठन, नई प्रदेश कमेटी का गठन



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ 3545 की एक आवश्यक बैठक रविवार को मांझी-सिकदरी रोड स्थित महेश सोनी के फार्म हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने की, जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया गया। संरक्षक मंडल में पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार एवं जयप्रकाश गुप्ता को शामिल किया गया। वहीं दुर्गा जौहरी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। उपाध्यक्ष पद पर महेश सोनी, हेमंत बर्मन, देवीदास, अंजनी कुमार, मुरली श्याम सोनी, बैजू सोनी, हलखोरी साव, विश्वनाथ स्वर्णकार, नीरज प्रसाद गुप्ता एवं कुलदीप साहू को मनोनीत किया गया। अयोध्या प्रसाद वर्मा को महासचिव, अखिलेश सोनी को अतिरिक्त महासचिव तथा टुनटुन सोनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। संगठन सचिव के रूप में विनोद कुमार सोनी, सुरेंद्र स्वर्णकार एवं अरुण कुमार को जिम्मेदारी दी गई। वहीं सचिव पद पर देवेंद्र कुमार वर्मा, ताराचंद प्रसाद, नम्रता सोनी, रामकिशोर शरण, पायल सोनी, मनोज सोनी, जितेंद्र सोनी, शिवप्रसाद सोनी, उत्तम शाह, ओमप्रकाश वर्मा एवं दिनेश सोनी को शामिल किया गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सुनील पोद्दार को दी गई, जबकि विधि सलाहकार के रूप में सुनील कुमार एवं संतोष कुमार को मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान संगठन के पूर्व पदाधिकारी के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष महेश सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मातृ दिवस पर संत मरियम आवासीय विद्यालय में सजी सुर-संध्या

**मेदिनीनगर।** मातृ दिवस के अवसर पर संत मरियम आवासीय विद्यालय में "सुर-संध्या" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मातृत्व, संगीत और भावनाओं से सराबोर रहा, जहां कलाकारों और विद्यार्थियों ने मां को समर्पित गीत, भजन और कविताओं की प्रस्तुति देकर सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मदर टेरेसा ग्रुप सेवा सदन की पूनम मिंज, अमबिला खलको एवं बर्णिका गुड़िया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान हाल ही में हुई जयपुर क्रूज दुर्घटना में मां-बेटे से जुड़ी मार्मिक घटना को याद करते हुए श्रद्धांजलि भी दी गई। मातृ दिवस की इस विशेष संध्या में पलामू के प्रसिद्ध लोक कलाकार राम-श्याम बंधु ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। वहीं लोक गायक उमाशंकर मिश्रा, भजन गायक विनायक शर्मा, रोहित, ओंकार नाथ तिवारी एवं सौरभ दुबे ने मां को समर्पित गीत और भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। प्रसिद्ध बांसुरी वादक पवन कुमार शर्मा ने अपनी मधुर धुनों से कार्यक्रम में आध्यात्मिक वातावरण बना दिया। संगत कलाकारों में तबला पर भूपेश शर्मा, कीबोर्ड पर मोहित नायक और जोड़ी पर शिवराम जी ने भी अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे बच्चों ने कविता, गीत और भावपूर्ण पंक्तियों के माध्यम से मां के त्याग, प्रेम और ममता को अभिव्यक्त किया। छात्र अभिनव कुमार, प्राची कुमारी, स्नेह लता कुमारी समेत अन्य विद्यार्थियों ने भी भजन प्रस्तुत किए। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि मां की ममता को शब्दों में बांध पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस की वास्तविक सार्थकता तब होगी, जब कोई मां वृद्धाश्रम जाने को मजबूर नहीं होगी। वहीं शिक्षक प्रवीण दुबे ने कहा कि मां अपने बच्चों के लिए हर संघर्ष सहती है, लेकिन उन पर कभी आंच नहीं आने देती। कार्यक्रम का संचालन श्रुति कुमारी ने किया।

## जीएलए कॉलेज परिसर में पीपल के पेड़ पर उभरी भगवान गणेश जैसी आकृति, लोगों में आस्था का माहौल

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के 72 वर्ष पुराने शिक्षण संस्थान जीएलए कॉलेज परिसर में सोमवार को एक अनोखा दृश्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। कॉलेज परिसर स्थित पुराने पीपल के पेड़ के तने पर भगवान गणेश जैसी आकृति उभरने के बाद परिसर में आस्था और उत्सुकता का माहौल बन गया। पेड़ के तने पर बनी आकृति को देखने के लिए दिनभर छात्र, शिक्षक और स्थानीय लोगों की भीड़ लगी रही। लोग इसे शुभ संकेत और सकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देख रहे हैं। भगवान गणेश को बुद्धि, विवेक और विघ्नहर्ता का देवता माना जाता है। ऐसे में इस आकृति को संस्थान की शैक्षणिक प्रगति और सफलता से जोड़कर देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि मानो प्रकृति ने स्वयं इस शिक्षण संस्थान को आशीर्वाद दिया हो। यह दृश्य केवल प्राकृतिक आकृति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आस्था, संस्कृति और प्रकृति के अद्भुत संगम के रूप में सामने आया। परिसर में उभरी यह आकृति छात्रों के भीतर अनुशासन, नैतिकता और शिक्षा के प्रति समर्पण की भावना को और मजबूत करने वाली मानी जा रही है।

## बसपा की जिला स्तरीय बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

- **पलामू की पांच विधानसभा कमेटियों के पुनर्गठन का निर्णय, कई लोगों ने ग्रहण की पार्टी सदस्यता**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को पलामू जिला इकाई की बैठक परिषद भवन मेदिनीनगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन सुहैलहक ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य प्रभारी रामचंद्र त्यागी उपस्थित थे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार, हुसैनाबाद नगर परिषद अध्यक्ष सह जोन प्रभारी अजय कुमार भारती, पूर्व प्रत्याशी शेर अली, प्रदेश महासचिव रमेश राम, प्रदेश सचिव मुनेश्वर राम, पलामू जोन प्रभारी चंद्रशेखर दास, विनोद कुमार सोनी, सुदर्शन राम, जुगल किशोर राम तथा अजय कुमार प्रभारी छतरपुर विधानसभा शामिल हुए।

बैठक में मुख्य रूप से पलामू जिला कमेटी का विस्तार किया गया तथा जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों की कमेटियों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। इसके अलावा छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से अजय कुमार गुप्ता एवं पवन कुमार ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय राज्य प्रभारी रामचंद्र त्यागी ने दोनों को माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। सर्वसम्मति से गठित नई जिला कमेटी में संतोष कुमार गुप्ता को जिला अध्यक्ष, सुहैलहक को जिला महासचिव, नारायण दास को जिला उपाध्यक्ष, धर्मदेव शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष, अनुज कुमार को जिला सचिव तथा विमलेश गुप्ता और रंजन कुमार सिंह चेरो को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। वहीं बामसेफ जिला संयोजक के रूप में कौशल्या देवी तथा बीबीएफ जिला संयोजक के रूप में बैजनाथ राम को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में तिथि निर्धारित कर प्रखंड एवं विधानसभा कमेटियों का पुनर्गठन किया जाएगा। साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में कथित अतिक्रमण एवं योग शिविर निर्माण का विरोध करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के बाद पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आयोजित धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर विरोध जताया। मुख्य अतिथि रामचंद्र त्यागी ने कहा कि वर्तमान समय में बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, घूसखोरी और शिक्षा जैसी समस्याएं विकराल रूप ले चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के साथ-साथ सर्व समाज के हित में बहुजन समाज पार्टी को सत्ता में लाना जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ने कहा कि आज सर्व समाज शोषण का शिकार है और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलकर ही सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। वहीं अजय कुमार भारती, चंद्रशेखर दास, मुनेश्वर राम एवं शेर अली ने समाज के सभी वर्गों को राजनीतिक भागीदारी दिलाने पर जोर दिया।

बैठक में हरिशंकर कुमार राम, राम पुजन बैठा, रंजन कुमार सिंह, कमलेश राम, सुदर्शन राम, सुहैलहक, रमेश राम, अजय कुमार राम, यशवंत कुमार, राजेश्वर राम, अमन राम, रंजीत राम, उपेंद्र कुमार रोशन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्थायी नौकरी नहीं मिलने से युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा गांव निवासी 30 वर्षीय रंजीत दुबे ने रविवार को ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 की है। सोमवार को घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया। मृतक रंजीत दुबे, हरेंद्र दुबे के पुत्र थे। प्रारंभ में शव की पहचान नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका था और शव को सुरक्षित रखा गया था। बाद में परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा पहचान होने पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे एमएमसीएच में शव परीक्षण कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के लोग और परिजन मौजूद थे। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव ले जाया गया, जहां कोयल नदी तट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार रंजीत दुबे पढ़ाई-लिखाई में काफी मेधावी थे। उन्होंने रांची के सेंट जेवियर महाविद्यालय तथा वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की थी। इसके बावजूद उन्हें स्थायी नौकरी नहीं मिल पा रही थी, जिससे वे मानसिक तनाव में थे। बताया जाता है कि इसी तनाव के कारण उन्होंने यह कदम उठा लिया। रंजीत दुबे अपने परिवार के इकलौते पुत्र थे। उनकी एक बहन है। पिता कृषि कार्य करते हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और लोग इस घटना पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृत्व दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशीप शाहपुर में सोमवार को मातृत्व दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मातृत्व के महत्व और मां के प्रति सम्मान की भावना से जोड़ना था। कार्यक्रम की शुरुआत मातृत्व दिवस पर शिक्षिका रागिनी और छात्रा वैष्णवी पांडे के भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने मां के त्याग, प्रेम और महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद आकृति सिंह ने एकल नृत्य और अंकित श्रेष्ठ ने एकल गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी, जबकि कक्षा षष्ठम से दशम तक की छात्राओं ने मनोरंजक लघुनाट्य प्रस्तुत किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजिश तिलक ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां की दयालुता हमें हर दिन बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देती है।

उन्होंने कहा कि इस विशेष अवसर पर सभी को अपनी माताओं के सम्मान और देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। वहीं गौरव कुमार ने कहा कि मां जीवन की पहली शिक्षक, सबसे अच्छी मित्र और सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। मां का निस्वार्थ प्रेम जीवन की हर कठिनाई से लड़ने की शक्ति देता है। उन्होंने कहा कि वैसे तो मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए हर दिन महत्वपूर्ण है, लेकिन मई माह में मनाया जाने वाला मदर्स डे इस भावना को विशेष रूप से अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन श्रेया कुमारी एवं अनुषा ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर क्विज़ और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

- **विज्ञान और तकनीक के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 100 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मेरा युवा भारत पलामू, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में स्थानीय गिरिवर +2 उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर क्विज़ (प्रश्नोत्तरी) एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, नवाचार और तकनीकी प्रगति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने विज्ञान एवं तकनीक से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी राष्ट्र विज्ञान और तकनीक के बल पर ही विकसित राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने 11 मई 1998 को भारत के परमाणु संपन्न राष्ट्र बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि का उल्लेख करते हुए वैज्ञानिकों और संबंधित संस्थाओं के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 11 मई 1999 को इस दिन को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। साथ ही उन्होंने मेरा युवा भारत पलामू द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उन्हें तकनीकी क्षेत्र के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## बैंक कैशियर पर नशे में ड्यूटी करने का आरोप, खाताधारकों में नाराजगी



डंडई। लवाहीकलां शाखा में कार्यरत कैशियर अशोक बेक पर खाताधारकों ने नशे की हालत में बैंक ड्यूटी करने और ग्राहकों से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जमा-निकासी जैसे कार्यों में अनावश्यक विलंब किया जाता है तथा पूछताछ करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। ग्रामीणों ने बैंक प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं शाखा प्रबंधक अजीत मिंज ने कहा कि संबंधित कर्मी को पूर्व में भी समझाया गया है और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाएगी।

### विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और आधारभूत सुविधाओं पर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# मंडल डैम परियोजना के अवशेष कार्य जल्द पूरे करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अनन्य मित्तल ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) के अवशेष कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना से जुड़े सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कंसलटेंसी एजेंसी मैनटेक के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उपायुक्त ने परियोजना प्रभावित एवं पुनर्स्थापित होने वाले परिवारों के लिए सड़क, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, श्मशान, मंदिर, तालाब और खेल मैदान जैसी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश




दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विस्थापन के कारण किसी भी परिवार को परेशानी न हो और सभी को बेहतर जीवन-स्तर उपलब्ध कराया जाए। बैठक में रंका अंचल के विश्रामपुर और रमकंडा अंचल के बलिगढ़ में बनाए जा रहे पुनर्वास स्थलों पर आधारभूत संरचना विकसित करने की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि डैम के 12 में से 10 गेट तैयार कर बांध स्थल तक पहुंचा दिए गए हैं, जबकि शेष दो गेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही डैम में पिकेट कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

**परियोजना से प्रभावित सभी परिवारों को मुआवजा राशि का शत-प्रतिशत भुगतान का निर्देश**

उपायुक्त ने समतलीकरण, सड़क, सिंचाई, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, सरना-मसना स्थल, धुमकुड़िया भवन, बिजली और पेयजल जैसी सुविधाओं के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही आगामी बैठक तक सभी निर्माण कार्यों का डीपीआर तैयार कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने परियोजना से प्रभावित सभी परिवारों को मुआवजा राशि का शत-प्रतिशत भुगतान जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। वन अधिकार समिति की स्वीकृति, लैंड डायवर्सन और शेष 338 लाभुकों के खाते में मुआवजा राशि भुगतान की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करने को कहा गया।

## डीएवी विद्यालय में शुल्क विवाद पर प्रशासनिक जांच



**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित डीएवी सार्वजनिक विद्यालय में शुल्क वृद्धि और अतिरिक्त राशि वसूली के मामले में सोमवार को जिला प्रशासन की टीम ने जांच की। अभिभावकों की शिकायत पर गढ़वा उपायुक्त के निर्देश के बाद बीपीओ रेणु बाला विद्यालय पहुंचीं और प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिन्हा से शुल्क संरचना और शिकायतों से संबंधित जानकारी ली। जांच टीम ने विद्यालय प्रबंधन से संबंधित दस्तावेज मांगे, जिस पर प्रबंधन ने कुछ समय की मांग की। जांच के दौरान एक अभिभावक द्वारा मोबाइल से वीडियो बनाए जाने पर विवाद हो गया। आरोप है कि विद्यालय के शिक्षक संजय राय भट्ट ने मोबाइल जब्त कर लिया, जिसके बाद अभिभावक धीरज कुमार और शिक्षक के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। मामला हाथापाई तक पहुंचने लगा, लेकिन मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति संभाल ली। घटना के बाद दोनों पक्षों ने भवनाथपुर थाना में एक-दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन मनमाने तरीके से शुल्क बढ़ा रहा है और विभिन्न मदों में अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। वहीं प्रधानाचार्य आकाश कुमार सिन्हा ने कहा कि शुल्क निर्धारण डीएवी प्रबंधन दिल्ली द्वारा किया जाता है और विद्यालय में भवन निर्माण, संगणक कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई अभिभावकों पर लंबे समय से शुल्क बकाया है, जिससे विद्यालय संचालन प्रभावित हो रहा है।

## विशेष वाहन जांच अभियान में 20 दोपहिया वाहन जब्त

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना गेट के सामने मुख्य मार्ग पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर चल रहे 20 दोपहिया वाहनों को जब्त कर चालान की कार्रवाई की गई। अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई बाइक चालक दूर से ही पुलिस जांच देखकर रास्ता बदलते नजर आए। जांच अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा एवं हेलमेट की जांच की। बिना हेलमेट चल रहे बाइक चालकों को पुलिस ने फटकार लगाई। वहीं कई नाबालिग बच्चे भी बाइक चलाते पकड़े गए, जिनके खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की सबसे बड़ी वजह यातायात नियमों की अनदेखी है। उन्होंने लोगों से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जब्त वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को पत्राचार किया गया है। अभियान में पुलिस पदाधिकारी अमित प्रशांत, सअनि मुन्ना सिंह, अनुज सिंह, संजय महतो, कौशल दुबे, विजय लाल चौरसिया सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## हाईवा की चपेट में आए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक

**रंका।** मानपुर महताब मोड़ के समीप सोमवार दोपहर सड़क दुर्घटना में उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटकमान के प्रभारी प्रधानाध्यापक मंदीप राम गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि वे जनगणना कार्य से संबंधित बैठक में शामिल होने रंका जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दुर्घटनास्थल पर यातायात नियंत्रण और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है।

# दृष्टिपात

## जमशेदपुर से चोरी हुआ 29 टन सरिया भवनाथपुर में बरामद

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में जमशेदपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चोरी हुए रूंगटा कंपनी के सरिया मामले में पुलिस ने भवनाथपुर स्थित अजीत ट्रेडर्स परिसर में छापेमारी कर भारी मात्रा में सरिया बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान कारोबारी गुड्डू यादव को गिरफ्तार कर जमशेदपुर पुलिस अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार बीते 2 अप्रैल को जमशेदपुर से करीब 29 टन रूंगटा कंपनी का सरिया ट्रक पर लोड कर बनारस भेजा गया था। ट्रांसपोर्ट का संचालन बलवंत यादव कर रहा था, जबकि ट्रक चालक उसका भाई सुमंत यादव था। निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी सरिया की खेप बनारस नहीं पहुंची, जिसके बाद मामला संदिग्ध हो गया। इस संबंध में ट्रांसपोर्टर ने जमशेदपुर के गोलमुरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल लोकेशन और पूछताछ के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने धुरकी थाना क्षेत्र के पुतूर गांव से ट्रांसपोर्ट मालिक बलवंत यादव और चालक सुमंत यादव को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि चोरी किया गया सरिया भवनाथपुर थाना क्षेत्र स्थित अजीत ट्रेडर्स में बेचा गया है। आरोपियों की निशानदेही पर जमशेदपुर पुलिस ने भवनाथपुर पुलिस के सहयोग से अजीत ट्रेडर्स में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वहां से लगभग 29 टन सरिया बरामद कर लिया गया। पुलिस ने मौके से कारोबारी गुड्डू यादव को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है कि चोरी के इस कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। वहीं बरामद सरिया को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**चिनिया।** गढ़वा जिले के चिनिया थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना चिनिया मुख्यालय स्थित बैजनाथ शाह के घर के पास रात करीब 11 बजे की है। घायल युवक की पहचान नेमना टोला निवासी संतोष कोरवा उर्फ मैनेजर कोरवा (30 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार संतोष कोरवा अपनी नानी के घर अनहारिदह से पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर खुरी गांव निवासी सुरेंद्र कोरवा, वीरेंद्र कोरवा एवं यमराज कोरवा सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चला रहा युवक शराब के नशे में था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसआई संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को 108 एम्बुलेंस के जरिए चिनिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां एएनएम बबीता कुमारी, सुरक्षा प्रहरी संजय यादव एवं एम्बुलेंस कर्मियों ने प्राथमिक उपचार किया। रात्रि में डॉक्टर की पदस्थापना नहीं रहने के कारण घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। वहीं बाइक पर सवार एक युवक को भी चोटें आई हैं, जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उक्त स्थल पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। थाना प्रभारी बीकू कुमार रजक ने लोगों से हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में विशेष दोपहिया वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा तथा नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## केतार पुलिस का सघन वाहन जांच अभियान

**केतार।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर केतार पुलिस ने सोमवार को कोल मोड़ एवं खरौंधी मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान दोपहिया, तीनपहिया एवं चारपहिया वाहनों की जांच की गई। पुलिस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। बाइक चालकों से हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन कागजात की जांच की गई। वहीं चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा तीनपहिया वाहन चालकों को निर्धारित गति में वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि तेज रफ्तार और बिना हेलमेट वाहन चलाने के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान बिना हेलमेट चल रहे 25 बाइक चालकों की बाइक एवं नियमों का उल्लंघन कर रहे तीन टेंपो जब्त किए गए हैं। आगे की कार्रवाई के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को पत्र भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में खलबली मची हुई है।

## आरके पब्लिक स्कूल में पीटी-1 परीक्षा परिणाम घोषित

**श्री बंशीधर नगर।** आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में सोमवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक सह पीटी-1 परीक्षा सत्र 2026-27 का परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय, प्राचार्य राजेश कुमार पांडेय एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अंग्रेजी विभाग के एचओडी राहुल सोनी ने विद्यालय का परिचय देते हुए कहा कि संस्थान "सीखो, नेतृत्व करो और सेवा करो" के आदर्श वाक्य पर कार्य कर रहा है। विद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ चरित्र निर्माण एवं कौशल विकास पर विशेष बल दिया जाता है। निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रत्येक बच्चे की सफलता में विद्यालय और परिवार दोनों की समान भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई और व्यवहारिक विकास में निरंतर रुचि लेने का आग्रह किया।

# पेयजल शिकायतों के समाधान में तेजी लाने का निर्देश, सात दिन से अधिक लंबित नहीं रहेगी समस्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में पेयजल संकट से निपटने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेयजल व्यवस्था और शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि चापाकल, जलमीनार और पेयजल आपूर्ति से जुड़ी कोई भी शिकायत सात दिनों से अधिक लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की चेतावनी




दी। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां पेयजल का कोई स्रोत उपलब्ध नहीं है, वहां कम से कम एक जल स्रोत की व्यवस्था अवश्य की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि टोल फ्री नंबर, व्हाट्सऐप, ई-मेल और ऑनलाइन माध्यम से शिकायतें प्राप्त की जा रही हैं। 11 मई तक जिले में कुल 1404 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1068 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। वर्तमान में 64 शिकायतें लंबित हैं, जिनके जल्द समाधान का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि पेयजल संबंधी समस्या होने पर तुरंत सूचना दें, ताकि समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## 12 से 14 मई तक होगा टीएनए राउंड-3 असेसमेंट, 204 शिक्षक होंगे शामिल

खरौंधी (गढ़वा)। प्रखंड संसाधन केंद्र खरौंधी में 12 मई से 14 मई 2026 तक TNA राउंड-3 असेसमेंट का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। इसमें प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के 204 शिक्षक शामिल होंगे। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगी। बीपीओ विपिन बिहारी गुप्ता ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा सफल संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों और कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## मातृ दिवस पर वृद्ध माताओं का सम्मान रंजनी शर्मा ने लिया आशीर्वाद



**खरौंधी (गढ़वा)।** अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने अपने पैतृक गांव सुंडी में वृद्ध माताओं का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है और युवाओं को वर्ष के 365 दिन अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में ग्रामीणों और महिलाओं की बड़ी संख्या मौजूद रही।

## आदिम जनजातीय परिवारों का होगा विशेष सर्वे, सरकारी योजनाओं से जोड़ने की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के 16 प्रखंडों में निवास करने वाले आदिम जनजातीय कोरबा एवं परहिया समुदाय के परिवारों का विशेष सर्वे कराया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के करीब 14 हजार परिवारों की लगभग 63 हजार आबादी को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की तैयारी की गई है। सर्वे के माध्यम से परिवारों को राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, आवास, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पेंशन समेत अन्य आवश्यक सुविधाओं से आच्छादित करने की योजना बनाई जा रही है। जिले के सभी गांवों और टोला में जाकर स्थानीय युवाओं की मदद से मोबाइल आधारित व्यवस्था के माध्यम से यह सर्वे किया जा रहा है। प्रशासन ने कहा है कि यदि कोई परिवार सर्वे से छूट जाता है तो भविष्य में योजनाओं का लाभ मिलने में कठिनाई हो सकती है। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में सर्वे दल अब तक नहीं पहुंचा है, वहां के लोग संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को सूचना देकर अगले 10 दिनों के भीतर सर्वे कार्य सुनिश्चित कराएं। यह अभियान 20 मई तक पूरा किया जाना है।

# शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर

- स्कूलों में 100 प्रतिशत उपस्थिति, आधार अपडेट और हेल्थ चेकअप सुनिश्चित करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग एवं मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षक-छात्र उपस्थिति, आधारभूत सुविधाओं और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए बीईईओ, बीपीओ और बीपीएम को



नियमित मॉनिटरिंग कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का आधार अपडेट और अपार आईडी निर्माण कार्य जल्द पूरा करने पर बल दिया। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत देते हुए एमओआईसी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर सभी बच्चों का हेल्थ चेकअप सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी शिक्षकों का टीचर नीड असेसमेंट कराने का निर्देश दिया, ताकि शिक्षकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था विकसित की जा सके। समीक्षा के दौरान ब्लॉकवार रैंकिंग, निपुण भारत मिशन, पीएम श्री योजना, पलाश कार्यक्रम, स्कूल सर्टिफिकेशन, आईसीटी प्रशिक्षण, कुक-कम-हेल्पर निबंधन, एनआईएलपी/उल्लास और लंबित न्यायालय मामलों की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–22/2026**

**आम इस्तेहार**

आवेदक रामदयाल राम वो शिवदयाल राम, पिता–स्व0 बालेश्वर राम, सा0–स्टेशन रोड, लातेहार, थाना+जिला–लातेहार द्वारा संगीता देवी पति–राजेश राम, सा0–कोमो, थाना+जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| कोमो | 31 | 16 | 10.75 डी0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 379447 (District)26-27*D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope system**

**Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-02/2026-27 Date:- 11.05.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of Tender on website | 20.05.2026 at 2.00 pm |
| 2 | Last date/Time for submission of Bids | 04.06.2026 at 5.00 pm |
| 3 | Date of opening of e-Tender | 06.06.2026 at 12.00 pm |
| 4 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra. |
| 5 | Contact no. of Procurement officer | 06541-223672 |
| 6 | E-mail of e-procurement Officer | eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 7 | Helpline number of e-Procurement cell | 06541-223672 |
| 8 | Last Date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | 04.06.2026 Up to 5.00 pm |

| Sl No. | Name of Scheme | Estimated Cost (in Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Barki Tal Aahar, Block- Mayurhand, Dist.- Chatra. | 18267600.00 | 11 Months |

Note :- 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Tender Fee and EMD will be received through online mode only, Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender Fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD, so, Bidder are advised NOT to close Bank Accounts used for online payment /(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. No Hard copy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/valuation, However, Department may ask original document for verification before award of contract.
5. Estimated value may change.
6. Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer,**
Minor Irrigation Division, Chatra.

**PR 379462 Minor Irrigation(26-27)#D**



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
**समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार,**
**दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल : ssalatehar@gmail.com**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 एवं अन्य के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत प्रखण्डों में संचालित 06 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, 03 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तथा 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू में खाद्यान्न, दूध, सब्जी, फल, अण्डा, मांस, मछली, स्टेशनरी, पोशाक, इत्यादि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से सीलबन्द लिफाफे में निविदा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक पैकेज के लिए 1000/– रूपये का राष्ट्रीयकृत बैंक से DEO-CUM-DPO, SSA LATEHAR के नाम से भुगतेय अप्रतिदेय (NON REFUNDABLE) डिमांड ड्रॉफ्ट, आवेदन के साथ समग्र शिक्षा कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 बिल्डिंग, द्वितीय तल लातेहार में निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की **तिथि 11.05.2026 से 25.05.2026 अपराह्न 05:00** बजे तक है तथा **दिनांक 11.05.2026 से 25.05.2026 तक अपराह्न 05:00** बजे तक निविदा समग्र शिक्षा अभियान जिला कार्यालय लातेहार में जमा किया जा सकता है। निविदा खोलने की विद्यालयवार विस्तृत विवरणी निम्नवत् है–

| निविदा से संबंधित विद्यालयों की विवरणी | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|
| कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, मनिका, गारू एवं बरवाडीह। (पैकेज–01,02,03,04) | • पैकेज 01 एवं 02 का निविदा खोलने की तिथि:– 26.05.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे। |
| नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू (पैकेज–01,02,03,04) | • पैकेज 03 एवं 04 का निविदा खोलने की तिथि:– 28.05.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे। |
| झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हेरहंज, बारियातु एवं महुआडांड (पैकेज–01,02,03,04) | ➢ **तकनीकी बीड में सफल निविदादाता का वित्तीय बीड खोला जायेगा।** |

इच्छुक निविदादाता के द्वारा निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूपेण भरते हुए निविदा प्रपत्र को दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे में जमा किया जाना है, जिसमें विद्यालय का नाम, तकनीकी बीड, वित्तीय बीड तथा पैकेज का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो। निविदादाता को प्रत्येक विद्यालय तथा प्रत्येक पैकेज के लिए अलग–अलग निविदा जमा करना होगा।

निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन/रद्द/विभक्त एवं पुन: निविदा प्रकाशन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित सभी सूचना आदि को जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 379440 Human Resource Developement(26-27).D

## अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने लगाया जानलेवा हमले का आरोप

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर उन्होंने लातेहार थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रमेश उरांव ने आवेदन में कहा है कि माको निवासी जितेंद्र पासवान, सुनील पासवान, नकुल पासवान और अजय राम ने कथित रूप से नशे की हालत में उनके साथ गाली-गलौज की और घर में घुसकर हमला किया। उन्होंने बताया कि किसी तरह घर के अंदर जाकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपित फरार हो चुके थे। रमेश उरांव ने कहा कि समय पर पुलिस नहीं पहुंचती तो उनकी जान जा सकती थी। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर चिंता जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बरवाडीह में स्कूली बच्चों से भरा वाहन पलटा, कई घायल

● ओवरटेक के दौरान अनियंत्रित हुआ वाहन, दो बच्चों को एमएमसीएच रेफर

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को स्कूली बच्चों से भरा एक वाहन सड़क किनारे पलट गया, जिससे आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग राहत कार्य में जुट गए। जानकारी के अनुसार विद्यालय की छुट्टी के बाद संत क्लारेट लेदगाई स्कूल के बच्चों को लेकर जा रहा वाहन ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन तेज रफ्तार में था। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को तत्काल बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मिशन हॉस्पिटल और गांधी जी मेडिकल्स में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी बच्चे फिलहाल खतरे से बाहर हैं। हालांकि दो बच्चों के हाथ में गंभीर फ्रैक्चर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया है। रेफर किए गए बच्चों में कृति रंजन (9) और शिवंशी वर्मा (14) शामिल हैं। अन्य घायलों में प्रियांशु गुड़िया, तेजस्वी चंद्रा, नव्या सिंह, कोमल रंजना और पीयूष राज शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनुराग कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। वहीं अंचलाधिकारी लवकेश सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह और मुखिया पूनम देवी ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हालचाल जाना।

# लातेहार में राजधानी एक्सप्रेस का साप्ताहिक ठहराव शुरू

● सांसद कालीचरण सिंह बोले- व्यवसायियों, छात्रों समेत हर वर्ग को मिलेगा लाभ

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिलेवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (12453-54) का साप्ताहिक ठहराव अब लातेहार रेलवे स्टेशन पर शुरू हो गया है। इस ऐतिहासिक पहल से जिले में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि अलग जिला बनने के बाद यह लातेहार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने कहा कि शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव लातेहार में भी होगा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रयासों से यह संभव हो सका। सांसद ने कहा कि इस ठहराव से व्यवसायियों, छात्रों और आम यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव को लेकर भी प्रयास जारी हैं और जल्द ही कई और ट्रेनों का ठहराव लातेहार स्टेशन पर सुनिश्चित कराया जाएगा। राजधानी एक्सप्रेस के स्टेशन पहुंचने पर सांसद कालीचरण सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने लोको पायलट का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इसके बाद ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में सरयु प्रसाद सिंह, जयप्रकाश महलका, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह, उपाध्यक्ष संतोष रंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष बंशी यादव, पंकज कुमार सिंह, अमलेश कुमार सिंह, डॉ. चंदन सिंह, छोटू राजा, रामदेव सिंह, राजन तिवारी, ध्रुव पांडेय, विष्णु देव प्रसाद, मुकेश पांडेय, मोती सोनी, प्रमोद प्रसाद, राजू रंजन प्रसाद, विवेद चंद्रवंशी, विवेकानंद प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, राजेंद्र पासवान और आजाद खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लुकुइया घाटी में आयरन पत्थर लदा ट्रक पलटा

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-चांपी-लोहरदगा मुख्य मार्ग स्थित लुकुइया घाटी में शनिवार देर रात आयरन पत्थर लदा 18 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक ओडिशा से आयरन पत्थर लेकर बिहार के औरंगाबाद जा रहा था। इसी दौरान घाटी के तीखे मोड़ और ढलान पर चालक संतुलन खो बैठा, जिससे ट्रक सड़क पर पलट गया। दुर्घटना के बाद ट्रक में लदा आयरन पत्थर सड़क पर बिखर गया। सूचना मिलने पर चंदवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर आवागमन सामान्य कराया। हादसे में चालक को हल्की चोटें आई हैं, जबकि उपचालक सुरक्षित बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लुकुइया घाटी में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय करने की मांग की है।

# 14.52 ग्राम ब्राउन शुगर और नकदी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




● गिद्धौर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों आरोपितों को भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान के समीप रविवार शाम पुलिस ने छापेमारी कर दो युवकों को 14.52 ग्राम ब्राउन शुगर और 55,500 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिलने के बाद सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार युवकों की पहचान रामगढ़ जिले के न्यू कॉलोनी बगीचा निवासी राहुल कुमार सोनी और आनंद कुमार ठाकुर के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपितों के पास से एक स्कूटी और दो एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त किए हैं। दोनों के खिलाफ गिद्धौर थाना कांड संख्या 54/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## कामता पंचायत में गहराया पेयजल संकट

**चंदवा।** कामता पंचायत में लगातार बढ़ रही पेयजल समस्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने दूसरे दिन भी विभिन्न गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पंचायत के कई गांवों में नल-जल योजनाएं महीनों से बंद पड़ी हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर अब तक ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि कामता चेकनाका, बेलवाही और दामोदर गांव समेत कई स्थानों पर मोटर, स्टार्टर और पाइप खराब होने से जलापूर्ति ठप है। विभाग मरम्मत के लिए उपकरण ले गया, लेकिन अब तक उन्हें वापस लगाकर योजनाएं चालू नहीं की गईं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। अयुब खान ने आरोप लगाया कि विभाग को खराब योजनाओं की पूरी जानकारी होने के बावजूद मरम्मत कार्य में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने उपायुक्त से हस्तक्षेप कर अविलंब नल-जल योजनाओं को दुरुस्त कराने की मांग की है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर क्विज और निबंध प्रतियोगिता आयोजित




**लातेहार।** गांधी इंटर कॉलेज में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत लातेहार के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय "विज्ञान, नवाचार और तकनीकी प्रगति" रखा गया था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान और तकनीक से जुड़े विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत की उप निदेशक कंचन कुमारी ने कहा कि 11 मई 1998 को भारत परमाणु संपन्न देश बना था। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और तकनीक के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि युवा वर्ग विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अधूरे पीएम और अबुआ आवास पर विभाग सख्त

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में दो से तीन वर्षों से अधूरे पड़े अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के मामलों को लेकर विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। राशि मिलने के बावजूद आवास निर्माण पूरा नहीं करने वाले लाभुकों पर अब कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जिससे लाभुकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार राजगुरु, सिबला, टोटी और अमरवाड़ीह पंचायत के कई लाभुकों के खातों में दो से तीन वर्ष पूर्व ही आवास निर्माण की राशि भेज दी गई थी, लेकिन अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। विभाग की ओर से कई बार नोटिस जारी करने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं होने पर अब पुलिस की सहायता से लाभुकों से बॉन्ड भरवाया गया है। बॉन्ड में 25 दिनों के भीतर अथवा 30 मई तक हर हाल में आवास निर्माण कार्य पूरा करने की शर्त रखी गई है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि तय समय तक निर्माण पूरा नहीं होने पर लाभुकों से 12.5 प्रतिशत ब्याज सहित राशि की वसूली की जाएगी। आवास कॉर्डिनेटर शशि कुजूर एवं पंचायत सचिव शेराफेनुस खलखो ने बताया कि अधूरे आवासों के कारण नए जरूरतमंद लाभुकों को योजना का लाभ देने में परेशानी होती है। उन्होंने सभी लाभुकों से समय पर निर्माण कार्य पूरा करने की अपील की। मौके पर एएसआई सुनील कुमार, पंचायत स्वयंसेवक सरफराज अहमद सहित विभाग के कई कर्मी मौजूद थे।

# उपायुक्त ने कृषि और पशुपालन कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

● समयपालन, साफ-सफाई और कार्य संस्कृति सुधारने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त संदीप कुमार ने सोमवार को जिला कृषि कार्यालय, भूमि संरक्षण कार्यालय, गव्य विकास कार्यालय एवं पशुपालन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में कर्मियों की उपस्थिति, कार्य व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया।

उपायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने का निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय संचालन में अनुशासन और कार्य संस्कृति बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजनों के कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसर और विभिन्न कक्षों की सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई बनाए रखने तथा कार्यालय परिसर को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य वातावरण और अनुशासित व्यवस्था से आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। निरीक्षण के दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश भी मौजूद थे।

## गिद्धौर के नशा मुक्ति केंद्र संचालक सुप्रियो बैराग का निधन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंगबली टोला में संचालित नशा मुक्ति केंद्र के संचालक सुप्रियो बैराग (32) का आकस्मिक निधन हो गया। वे पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार रविवार को सुप्रियो बैराग अपने गांव कोलकाता जाने के लिए चतरा से बस द्वारा रवाना हुए थे। इसी दौरान हजारीबाग पहुंचने पर उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। परिजन और सहयोगी उन्हें रांची ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बाद में हजारीबाग में पोस्टमार्टम के उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए कोलकाता भेज दिया गया। गौरतलब है कि सुप्रियो बैराग ने 2 अप्रैल को गिद्धौर में नशा मुक्ति केंद्र की शुरुआत की थी और लगातार लोगों को नशे की लत से मुक्ति दिलाने का कार्य कर रहे थे।

# बालूमाथ में विधायक प्रकाश राम का जनता दरबार, 500 से अधिक ग्रामीण पहुंचे

● जमीन, पेयजल, सड़क और बिजली से जुड़ी समस्याओं पर अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में 500 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए, जबकि करीब 50 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें अधिकांश आवेदन जमीन से जुड़े मामलों जैसे नकल, म्यूटेशन, ऑनलाइन, भूमि विवाद आदि से संबंधित थे। इसके अलावा पेयजल, सड़क, नाली और बिजली समस्या से जुड़े आवेदन भी ग्रामीणों ने विधायक को सौंपे।

विधायक ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मौके पर बीडीओ सोमा उरांव, सीओ बालेश्वर राम, थाना प्रभारी अमित कुमार, डॉ. अशोक कुमार, संजीव सिन्हा, सुनील पांडे, प्रीतलाल यादव, कृष्णा यादव, मनोहर साव, नौशाद मासीयतू, रामदेव साव, संजय यादव, अखिलेश भोक्ता, दिवाकर प्रसाद, शैलेश सिंह, विजय यादव सहित शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, प्रखंड व अंचल कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**लंबित मामलों पर अधिकारियों को लगाई फटकार :** जनता दरबार के दौरान विधायक प्रकाश राम ने पूर्व में आयोजित जनता दरबारों में मिले आवेदनों की समीक्षा भी की। समीक्षा में अधिकांश मामलों का निष्पादन लंबित पाए जाने पर विधायक ने अधिकारियों और कर्मियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए ही अधिकारी और कर्मचारी नियुक्त किए जाते हैं। यदि लोगों की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं होगा तो जनता का विश्वास प्रशासन से उठ जाएगा। विधायक ने सभी लंबित मामलों का निष्पादन 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**'अंचल कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्था खत्म करनी होगी' : विधायक :** जनता दरबार में बड़ी संख्या में जमीन संबंधित शिकायतें आने पर विधायक ने अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई मामलों में दलालों के माध्यम से अवैध वसूली की जाती है तथा आवेदन लंबित रखे जाते हैं। इस पर विधायक प्रकाश राम ने कहा कि बालूमाथ अंचल में व्याप्त अव्यवस्था को मिलकर समाप्त करना होगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी से कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि यदि जनता का काम पारदर्शिता के साथ नहीं कर सकते तो यहां से स्थानांतरण ले लें।

**तेतरिया खाड़ कोल माइंस का मुद्दा भी उठा :** जनता दरबार में तेतरिया खाड़ कोल माइंस से जुड़ी समस्याएं भी प्रमुखता से उठीं। ग्रामीणों ने माइंस में पड़े लाखों टन कोयला से निकल रहे धुएं से निजात दिलाने की मांग की। वहीं दूसरी ओर हाईवा से कोयला ढुलाई का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने ट्रकों से स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी होने की बात कही। इस पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण आपसी सहमति से समाधान निकालें। साथ ही उन्होंने धुआं निकल रहे कोयला स्टॉक के समाधान को लेकर उपायुक्त लातेहार से बातचीत करने का आश्वासन दिया।

# दृष्टिपात

## डॉक्टर नहीं रहने से मासूम की मौत, स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के मटलौंग पंचायत निवासी सागर कुमार के 9 वर्षीय पुत्र अमन कुमार की इलाज के अभाव में मौत हो गई। बताया जाता है कि खेलते समय अमन घर के पास स्थित कुएं में गिर गया था। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए मनिका स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उस समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। वहां मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चे को गंभीर स्थिति में लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि समय पर डॉक्टर उपलब्ध रहते और तत्काल इलाज शुरू होता, तो बच्चे की जान बच सकती थी। घटना के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक यज्ञ नारायण वैद्य का निधन, शोक

**चंदवा।** सेवानिवृत्त शिक्षक एवं पत्रकार अजय वैद्य के पिता यज्ञ नारायण वैद्य (91) का रविवार रात उनके सरोज नगर स्थित पैतृक आवास पर निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सोमवार को देवनद तट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र संजय वैद्य ने मुखाग्नि दी। यज्ञ नारायण वैद्य लंबे समय तक शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहे और सेवानिवृत्ति के बाद भी समाजसेवा में सक्रिय थे। बताया जाता है कि वे अपनी पेंशन राशि का एक हिस्सा दान करते थे तथा विहंगम योग संस्थान से जुड़कर गरीब बच्चों के बीच शिक्षा का प्रसार कर रहे थे। उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

## पलामू टाइगर रिजर्व में वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

**लातेहार।** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के महुआडांड़ अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रेंजर तरुण कुमार सिंह, प्रभारी वनपाल निर्भय सिंह और वनरक्षी अरुण सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी पद का दुरुपयोग कर स्थानीय लोगों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि विभागीय विकास कार्यों में मशीनों के बजाय स्थानीय मजदूरों को रोजगार दिया जाए और सभी योजनाओं को ग्रामसभा से पारित कराया जाए। ग्रामीणों ने बालू-पत्थर उठाव में स्थानीय लोगों को छूट देने, जंगली जानवरों से फसल नुकसान पर मुआवजा देने और हटाए गए ट्रैक्टर चालकों व टीपीएफ कर्मियों को पुनः बहाल करने की मांग भी उठाई। गौरतलब है कि रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने बारेसाढ़ वन परिसर में ताला जड़ दिया था, जिसे सोमवार को खोल दिया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि 15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**गिद्धौर (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में सोमवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मायाडीह गांव में विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। अधिकार मित्र पवन कुमार और जितेंद्र दास के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान "डोर-टू-डोर" भ्रमण कर लोगों को विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मजदूरों के अधिकार, दिव्यांग सम्मान, डायन-बिसाही, दहेज प्रथा उन्मूलन, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार तथा वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को निःशुल्क कानूनी सलाह लेने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : मनोज वर्मा



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में जन वितरण प्रणाली के तहत शुक्रवार को डीलर महावीर पासवान द्वारा झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, लूंगी, चना दाल, चावल एवं नमक का वितरण किया गया। वितरण कार्य निर्धारित केंद्र पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जहां सुबह से ही लाभुकों की भीड़ देखी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा उपस्थित थे। उन्होंने लाभुकों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जनहितकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री से वंचित न रहे। डीलर महावीर पासवान ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार पारदर्शी तरीके से सामग्री का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वितरण के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जानकारी दें, ताकि उसका समाधान किया जा सके। मौके पर मौजूद लाभुकों ने सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सामग्री पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे गरीब परिवारों को काफी राहत मिलती है। वितरण कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था बनाए रखने का भी विशेष ध्यान रखा गया।

## उत्तराखंड में कृषि तकनीक सीखेंगे झारखंड और यूपी के बीज व्यवसायी



**लातेहार।** कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों और उन्नत बीज उत्पादन की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से पलामू प्रमंडल और उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के सात बीज व्यवसायी सोमवार को उत्तराखंड रवाना हुए। चार दिवसीय कृषि विजिटर्स सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जेनेक्स कंपनी के तत्वावधान में हरिद्वार, ऋषिकेश और मसूरी में किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लातेहार के कृषि व्यवसायी निर्दोष गुप्ता कर रहे हैं। दल में तुपू गांव के अजीत प्रसाद, छिपादोहर के प्रवीण कुमार, गढ़वा जिले के बड़गड़ निवासी रमेश कुमार एवं विकास प्रसाद के अलावा सोनभद्र निवासी विजय कुशवाहा और नवनीत कुशवाहा शामिल हैं। निर्दोष गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल कंपनी के अत्याधुनिक प्लांटों का भ्रमण करेगा, जहां उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीक और बेहतर उत्पादन के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही मसूरी में आयोजित विशेष कृषि सेमिनार में भी प्रतिनिधि भाग लेंगे। कंपनी के झारखंड हेड कृष्णा कुशवाहा और सेल्स मैनेजर अनिल कुमार ने बताया कि प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन एवं आधुनिक खेती की नई तकनीकों से अवगत कराया जाएगा।

### उपायुक्त ने नदिया में बन रहे पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण

# पुस्तकालय जल्द से जल्द शुरू करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने सदर प्रखंड में विभिन्न योजनाओं का औचक निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिए। इसमें सर्वप्रथम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया में नवनिर्मित पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने नवनिर्मित पुस्तकालय लोहरदगा का निरीक्षण के क्रम में रीडिंग रूम में बैठने के लिए कुर्सी टेबल के अनुपात में सीटिंग क्षमता के बारे में अवगत हुए। पुस्तकालय भवन में ही बने किचेन का भी उन्होंने निरीक्षण करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को इसे सुचारू रूप से संचालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि पुस्तकालय भवन के अधूरे कार्य को जल्द से जल्द किया जाय। जिला शिक्षा पदाधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया कि पुस्तक क्रय की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए वे पुस्तकालय को आमजन के लिए कार्यशील करें।सिविल सर्विस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नियमित और समुचित पुस्तक और पत्रिकाओं की व्यवस्था कराने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। प्रतिदिन के अखबारों के साथ साथ यहां पत्रिकाओं की भी व्यवस्था हो। उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने स्वैच्छिक पुस्तक दान के लिए भी लोगों को प्रेरित करने का निर्देश दिया जिससे कि एक बड़ा पुस्तक बैंक का निर्माण किया जा सके।उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया जिससे कि पुस्तकालय को आमजन के लिए खोलने की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उपायुक्त ने पुस्तकालय परिसर में अवस्थित शौचालय का भी निरीक्षण किया। विदित हो कि शौचालय का जीर्णोद्धार का कार्य हिंडालको के सीएसआर मद से किया जा रहा है। मौके पर अवस्थित हिंडालको के प्रतिनिधि को उन्होंने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द अधूरे कार्य को पूर्ण कर इसे कार्यशील बनाएं।उपायुक्त ने विज्ञान केंद्र परिसर में संचालित पुराने पुस्तकालय का भी निरीक्षण कर वहां के व्यवस्थाओं से अवगत हुए।पुस्तकालय में पढ़ने आए छात्र की समस्या से अवगत होकर उन्होंने भीषण गर्मी में नियमित पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने पुराना डीआरडीए भवन में संचालित एपीजे कलाम कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया जहाँ उन्होंने कंप्यूटर प्रशिक्षक से प्रशिक्षण केंद्र में छात्र-छात्राओं के नामांकन की प्रक्रिया, संचालित बैच की संख्या, संचालित कोर्स की संख्या व अवधि आदि की जानकारी प्राप्त की। साथ ही वहाँ प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं से बातचीत की जहां छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, विधायक प्रतिनिधि विशुनपुर अजहर इकबाल, संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



### कोचिंग सेंटर का भवन जून में हैंडओवर करने का निर्देश

उपायुक्त ने सदर प्रखंड में जिला परिषद भवन के समीप जिला प्रशासन की ओर से जेईई एवं नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निर्माणाधीन कोचिंग सेंटर के भवन का औचक निरीक्षण किया। इसमें छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था, कमरे की क्षमता, परिसर से जल जमाव की स्थिति पर जल निकासी की व्यवस्था, शौचालय आदि का निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसी लघु सिंचाई को जून माह में ही हैंडओवर करने का निदेश दिया। साथ ही परिसर में सोख्ता गड्ढा के लिए भी आवश्यक निदेश लघु सिंचाई विभाग को दिए। भवन के बाहरी परिसर को समतल कराते हुए पेवर ब्लॉक लगाए जाने और अवस्थित होर्डिंग को हटाए जाने का निदेश दिया।

### क्राइम मीटिंग में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन पर जोर

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपी सादिक अनवर रिजवी ने की। बैठक में जिले के विभिन्न थानों में दर्ज मामलों की थानावार समीक्षा करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। क्राइम मीटिंग में किस्को एसडीपीओ वेदांत शंकर, लोहरदगा एसडीपीओ श्रद्धा करकेट्टा, मुख्यालय डीएसपी समीर तिर्की, अंचल निरीक्षक सह डीएसपी संदीप रंजन, अंचल निरीक्षक सह डीएसपी सुधीर प्रसाद सहित जिले के सभी थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसपी ने थानों में दर्ज कांडों की प्रगति रिपोर्ट ली और लंबित मामलों के निष्पादन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी कांड को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए। सभी मामलों की जांच तेजी से पूरी करते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून का सख्ती से पालन कराया जाएगा। मीटिंग में महिला उत्पीड़न, हत्या, चोरी, लूट, गृहभेदन सहित अन्य गंभीर आपराधिक मामलों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के लिए जांच प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा लंबित वारंटों के निष्पादन और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भी पुलिस अधीक्षक ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और ऐसे मामलों की नियमित निगरानी की जाए। महिला उत्पीड़न तथा एससी-एसटी अधिनियम से जुड़े मामलों को लेकर भी बैठक में गंभीरता से चर्चा हुई। एसपी ने कहा कि इन मामलों में पुलिस को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए और पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही जुआ, अवैध नशा कारोबार और अन्य असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा, अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# भंडरा में निकली ठाकुर जी की भव्य शोभा यात्रा, जयकारों से गूंजा नगर

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा ।** भंडरा में चल रहे सात दिवसीय 'भागवत प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ' के तीसरे दिन सोमवार अपराह्न 3:00 बजे ठाकुर जी की भव्य नगर भ्रमण शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। रथ पर सवार भगवान के अलौकिक स्वरूप के दर्शन कर हजारों भक्त निहाल हो गए और अक्षय पुण्य का लाभ अर्जित किया।कथा व्यास श्री गौरव कृष्ण शास्त्री जी के सानिध्य में दोपहर 3 बजे ठाकुर परिसर से शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। भगवान श्री राधा-कृष्ण की मनोहारी झांकी को फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान कराया गया। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे, शंख-ध्वनि और "हरे राम हरे कृष्ण" के संकीर्तन के साथ यात्रा नगर भ्रमण पर निकली। शोभा यात्रा ठाकुर परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार, थाना चौक, ब्लॉक रोड होते हुए पूरे भंडरा नगर का भ्रमण करते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने घरों के आगे रंगोली बनाकर, पुष्प वर्षा कर और आरती उतारकर ठाकुर जी का स्वागत किया। महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे सभी भक्ति भाव में लीन होकर "राधे-राधे" और "जय श्री कृष्ण" के जयकारे लगाते चल रहे थे।शोभा यात्रा के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भंडरा थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। स्वयंसेवकों ने भी भीड़ प्रबंधन में सहयोग किया। गर्मी को देखते हुए जगह-जगह शरबत और शीतल जल की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई थी।

# एलईडी वैन से गांव-गांव तक पहुंची कानूनी जागरूकता




**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के तत्वाधान में कैरो प्रखंड के विभिन्न गांवों में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया ।प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव मनोरंजन कुमार के मार्गदर्शन में एलईडी वैन के माध्यम से कैरो के चालहो गजनी एवं नागजुआ बाजार के ग्रामीणों को जागरूक किया गया कार्यक्रम के दौरान पीएलवी अशोक यादव, प्रियंका कुमारी, प्रद्युम्न सिंह, धनेश्वर साहू ने ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की कार्यप्रणाली निःशुल्क कानूनी सहायता लोक अदालत तथा सिविल कोर्ट की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# पूर्व मंत्री आलमगीर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने खुशी जाहिर की है। जिला कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि देश के न्यायपालिका पर हम सभी को पूरा भरोसा है और न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय का हम सम्मान करते हैं। सत्य और न्याय की जीत हुई है, तथा पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस निर्णय से उत्साहित है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी न्यायिक प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ेगी। कहा कि आलमगीर आलम साहब को केंद्र के मोदी सरकार के इशारे पर ईडी द्वारा झूठा मुकदमा कर जेल भेजा गया। वर्तमान समय में केंद्रीय संस्थान ईडी ,सीबीआई, आय-कर विभाग केंद्र सरकार के गुलाम हैं और यह राजनीतिक बदले की भावना से विपक्ष के नेताओं को बदनाम करने की नीयत से इस तरह का कार्रवाई करते रहे हैं। आलमगीर आलम लंबे समय से जनता की सेवा करते रहे हैं और क्षेत्र के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मौके पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की तथा न्यायपालिका के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला महासचिव शाहिद अहमद बेलू, मुजम्मिल अंसारी, मीनू खान, असलम अंसारी, सेराज अंसारी, तारीक अनवर, रिंकू कुरैशी, समेत अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ठेठईटांगर प्रखंड के पर्यटन स्थल समितियों की बैठक, स्वच्छता और विकास पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पर्यटन स्थलों की संचालन समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज ने की। इस दौरान पर्यटन स्थलों के विकास, स्वच्छता एवं बेहतर प्रबंधन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।बैठक में बीडीओ नूतन मिंज ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पर्यटन स्थलों को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखना संबंधित समितियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पर्यटन स्थलों में डस्टबिन रखने तथा आवश्यक साइनबोर्ड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही पर्यटन स्थलों पर शराब सेवन नहीं करने और शराब की बोतलें नहीं छोड़ने को लेकर सख्ती बरतने की बात कही। उन्होंने शराब पीने वालों पर जुर्माना लगाने तथा जुर्माना राशि को बोर्ड पर अंकित करने का निर्देश भी दिया।बीडीओ ने समितियों को आय-व्यय का सही हिसाब रखने और नियमित रूप से कैश बुक मेंटेन करने को कहा।

इसके अलावा पर्यटन स्थलों पर पार्किंग स्थल विकसित करने एवं पार्किंग शुल्क लेने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि प्रखंड के सभी पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों के लिए प्रत्येक समिति को 12 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है।बैठक में कैलाश धाम के पुजारी नारायण सिंह सहित अंजू खलखो एवं छुरिया धाम, राजडेरा, अलसंगा नंदी धाम और धूमरी पर्यटन स्थल की संचालन समितियों के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सभी ने पर्यटन स्थलों को आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सहयोग करने की बात कही।

## सर्पदंश की घटना में एक युवक घायल

**बानो** बानो प्रखंड मुख्यालय के भिखरा टोली के समीप रविवार देर शाम सर्पदंश की घटना में एक युवक घायल हो गया।घायल समड़ेगा निवासी24 वर्षीय रोशन लुगुन है।मिली जानकारी के अनुसार रोशन लुगुन किसी काम से बाइक से भिखराटोली रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान भिखराटोली के समीप रास्ते में रुकने पर अचानक एक सांप ने उन्हें काट लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुंचाया गया।अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक का इलाज शुरू किया। जिसके बाद उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने से युवक की स्थिति अब खतरे से बाहर है।

# प्रखंड कार्यालय सेन्हा या कचरा घर? प्रशिक्षण खत्म, पर गंदगी का अंबार बरकरार



- **स्वच्छता अभियान की उड़ रही धज्जियां, जिम्मेदार बेखबर**
- **8 मई को प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद भी नहीं हुई सफाई**
- **सभागार के सामने जूठे पत्तलों और बोतलों का लगा है ढेर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा (सेन्हा)।** सेन्हा प्रखंड कार्यालय इन दिनों अपनी कार्यप्रणाली से ज्यादा गंदगी के ढेर को लेकर चर्चा में है। आगामी जनगणना 2027 के लिए आयोजित चार चरणों का प्रशिक्षण तो 8 मई को संपन्न हो गया, लेकिन पीछे छूट गया है जूठे पत्तलों, गिलासों और प्लास्टिक की बोतलों का अंबार। स्थिति ऐसी है कि प्रखंड कार्यालय परिसर किसी कचराघर में तब्दील होता नजर आ रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई थी। भोजन के बाद उपयोग किए गए पत्तल और पानी की बोतलें प्रखंड सभागार के सामने और बगल की गलियों में ही फेंक दी गईं। प्रशिक्षण खत्म हुए तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सफाई की जहमत नहीं उठाई गई है। हैरानी की बात यह है कि इस गंदगी के ढेर पर न तो प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू की नजर पड़ रही है और न ही अन्य कर्मियों को इसकी सफाई से कोई सरोकार है। सभागार के सामने से गुजरने वाले हर व्यक्ति की नजर इस कचरे पर पड़ती है, जो प्रशासनिक उदासीनता की कहानी बयां कर रहा है। एक ओर जहां स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत केंद्रीय टीमें भ्रमण कर रही हैं और 'ओडीएफ प्लस' की स्थिति जांचने के लिए आम लोगों से फीडबैक ले रही हैं, वहीं प्रखंड मुख्यालय का यह हाल विभागीय कथनी और करनी में अंतर साफ कर रहा है।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय चतरा
(E-mail : dpochatra@gmail.com)
(जिला योजना)

**(RFP NO.174 Dated 17-03-2026 Second Call)**
**NOTIC FOR INVITING VERY SHORT TENDER EOI (Rate Contract)**

Invitation of Short-Term Expression of Interest for Rate Contract of Supply And Installation of Water Chiller at Primary, Uppper Primary, Secondary, Upper Secondary Government Schools of Chatra Distrit under DMFT Fund

| S. No | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Supply and Installation of Water Chiller at Primary, Upper Primary, Secondary & Upper Secondary Schools of Chatra. |
| 2 | Period of Work | 30 days |
| 3 | Date of Publication of Bid on Website | 11-05-2026 |
| 4 | Tender cost/Document Fee | To obtain the complete Tender form a non refundable fee of Rs. 5000(Five Thousand) has to be paid from the office- District Planning Officer, Chatra |
| 5 | Earnest Money Deposit(EMD) | 50000.00 INR as in Favour of District Planning Officer, Chatra |
| 6 | Last date & time for submission of Technical and Financial Proposal (Sealed Envelope) | 18-05-2026 |
| 7 | Opening of Technical Proposal and Financial Bids | 20-05-2026 |
| 8 | Bid Submission Place | District Planning Office, Chatra |
| 9 | Place of Opening of Technical Proposal and Financial Bids | District Planning Office, Chatra |
| 10 | Availability of RFP/EoI document at | chatra.nic.in |

**District Planning Officer, Chatra**
PR 379435 Planning and Development (26-27)_D


# समसेरा विद्यालय में दो शिक्षकों की बहाली, ग्रामीणों में खुशी



**बोलबा।** प्रखंड के समसेरा पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय समसेरा बखरी टोली में शिक्षकों की कमी को देखते हुए ग्रामीणों एवं मुखिया के प्रयास से दो प्रशिक्षित शिक्षकों की बहाली की गई। नियुक्त शिक्षकों में जोन केरकेट्टा एवं करिश्मा खेस्स शामिल हैं, दोनों एमए प्रशिक्षित हैं और विद्यालय के पोषक क्षेत्र के निवासी हैं।विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है, लेकिन लंबे समय से केवल एक पारा शिक्षक शिलानंद कुल्लू के भरोसे पठन-पाठन चल रहा था। इस समस्या को लेकर मुखिया सुरजन बड़ाईक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर अवगत कराया था, लेकिन समाधान नहीं हो सका।शिक्षकों की कमी के कारण अभिभावक बच्चों को दूसरे विद्यालयों में भेजने लगे थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
( लापता महिला अश्रिता पन्ना उम्र–करीब 25 वर्ष )



बड़गड़ थाना सनहा सं0–15/26 दिनांक–04.05.2026 में लापता महिला अश्रिता पन्ना उम्र–करीब 25 वर्ष, पति–सुनील तिर्की, पता–बरकोल खुर्द, पो0–परसवार, थाना–बड़गड़, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदक के द्वारा उल्लेख किया गया है कि आवेदक की पत्नी आश्रिता पन्ना दिनांक–01.05.2026 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई है तथा अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम–अश्रिता पन्ना, रंग–गोहुआं, लम्बाई–5.3इंच, बाल–काला,
पहनावा–नीला रंग का कुर्ती एवं लोवर, तथा हवाई चप्पल,
शरीर–दुबला/पतला, भाषा–हिन्दी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।
PR 379475 Police(26-27)D


**विरोध** | हेसल साइडिंग की अव्यवस्था पर ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक, पूर्व सांसद से हस्तक्षेप की मांग

# पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू से हस्तक्षेप की मांग

**एजेंसी। लोहरदगा**



पाखर लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक बड़ा तालाब स्थित साहू धर्मशाला में एसोसिएशन के अध्यक्ष आरिफ हुसैन बब्लू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ट्रक मालिकों एवं परिवहन कार्य से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई, जिसमें हेसल साइडिंग की अव्यवस्था मुख्य रूप से केंद्र में रही। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हिंडालको कंपनी की हेसल साइडिंग, जिसका संचालन बिकेबी कंपनी द्वारा किया जा रहा है, वहां पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं होने के बावजूद कुजाम, अमतिपानी, चिरूडीह, सेरंगदाग एवं पाखर माइंस सहित पांच-पांच माइंसों से प्रतिदिन भारी मात्रा में बॉक्साइट अनलोडिंग कराई जा रही है। इसके अलावा उसी साइडिंग में बॉक्साइट क्रेशिंग का कार्य भी संचालित होता है, जिससे निकलने वाला डस्ट एवं चूरा वर्षों से परिसर में जमा पड़ा हुआ है। इस जमा डस्ट ने साइडिंग की आधी से अधिक जगह घेर ली है, जिसके कारण बॉक्साइट रखने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचता। थोड़ी मात्रा में बॉक्साइट अनलोड होने के बाद ही साइडिंग पूरी तरह भर जाती है, जिसके कारण आए दिन माइंस बंद कर ट्रकों को घंटों और कई बार दिनों तक खड़ा रखा जाता है। इससे ट्रक मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ट्रकों की किश्त, बैंक एवं फाइनेंस कंपनियों का दबाव, डीजल, टैक्स, ड्राइवर-खलासी का खर्च और वाहन रखरखाव जैसी समस्याओं ने ट्रक मालिकों की कमर तोड़ दी है। कई परिवार आर्थिक संकट और भुखमरी जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। कंपनी प्रबंधन से मांग की कि साइडिंग परिसर में वर्षों से जमा डस्ट एवं चूरे को जल्द से जल्द हटाया जाए, ताकि वहां पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सके और ट्रकों के संचालन एवं बॉक्साइट अनलोडिंग की समुचित व्यवस्था बहाल की जा सके। संगठन ने कंपनी प्रबंधन से यह भी मांग की कि वर्तमान हेसल साइडिंग व्यवस्था पर पुनर्विचार करते हुए पूर्व की लोहरदगा साइडिंग में ही बॉक्साइट अनलोडिंग की व्यवस्था बहाल की जाए। वक्ताओं ने कहा कि लोहरदगा साइडिंग में हेसल साइडिंग से बेहतर एवं व्यवस्थित आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध थीं, जहां ट्रकों का परिचालन अपेक्षाकृत सुचारू रूप से होता था। वहां पर्याप्त जगह रहने के कारण ट्रकों की लंबी कतारें, जाम एवं अनलोडिंग में होने वाली भारी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता था। संगठन का कहना है कि लोहरदगा साइडिंग में पुनः अनलोडिंग शुरू होने से ट्रक मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी और परिवहन व्यवस्था भी व्यवस्थित हो सकेगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समस्याओं से संगठन के संरक्षक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को अवगत कराया जाएगा तथा उनसे ट्रक मालिकों की समस्याओं के समाधान हेतु हस्तक्षेप करने की मांग की जाएगी।

# अमलीया अम्बाटोली में हाथी का उत्पात, घर क्षतिग्रस्त व फसलें बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता

भरनो (गुमला)। भरनो प्रखंड के अमलीया अम्बाटोली गांव में जंगली हाथी के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीती रात जंगल से निकले हाथी ने ग्रामीण सुलेंद्र उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा खेतों में लगी सब्जी फसलों को भी बर्बाद कर दिया।

ग्रामीणों के अनुसार हाथी देर रात गांव में घुसा और सीधे सुलेंद्र उरांव के मिट्टी के मकान को नुकसान पहुंचाने लगा। इस दौरान घर में रखा एक बोरा चावल भी हाथी खा गया। दीवार गिरने से घर में रखे बर्तन और अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के समय सुलेंद्र उरांव किसी तरह जान बचाकर दूसरे कमरे में छिप गए। हाथी के जाने के बाद ही वे बाहर निकले। घटना के बाद गांव में भय का माहौल है और लोग रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं।



ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई महीनों से जंगली हाथियों का आतंक बना हुआ है। प्रभावित परिवार ने वन विभाग से मुआवजा एवं स्थायी समाधान की मांग की है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची। वनरक्षी अकील अहमद ने नुकसान का जायजा लेते हुए उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही ग्रामीणों को सुरक्षा के लिए टॉर्च और पटाखे उपलब्ध कराए गए तथा हाथियों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई।

## योगगुरु के सानिध्य में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने किया योगाभ्यास



नवीन मेल संवाददाता

सिसई (गुमला)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरगांव, मकुंदा सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया।

योगगुरु गजराज महतो ने "करें योग, रहें निरोग" के संदेश के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, कटि चक्रासन, त्रिकोणासन सहित विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया। इसके अलावा मंडुकासन, उष्ट्रासन, तितली आसन एवं पवनमुक्तासन जैसे आसनों का भी अभ्यास कराया गया।

योगगुरु ने कहा कि योग भारत की प्राचीन जीवनदायिनी परंपरा है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने बताया कि नियमित योग एवं प्राणायाम के अभ्यास से शरीर लंबे समय तक स्वस्थ और सक्रिय बना रहता है।

कार्यक्रम के अंत में हृदय चक्र पर ध्यान केंद्रित कर विश्व कल्याण हेतु "वसुधैव कुटुंबकम" का संदेश दिया गया तथा शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## नशे में बाइक चलाना पड़ा भारी, अनियंत्रित होकर गिरा युवक गंभीर

गुमला। सुरसांग थाना क्षेत्र के कोण्डरा पंचायत अंतर्गत कुलाडुबा प्रेमनगर मुख्य पथ पर सोमवार रात एक युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान कोब्जा पुरबडांड़ डीपाटोली निवासी 28 वर्षीय राजू खड़िया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजू खड़िया नशे की हालत में पल्सर बाइक (BR 01 AU 2351) से घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई, जिससे उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के जरिए उसे उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने युवाओं से नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

## भवरा के हमले से 75 वर्षीय वृद्ध गंभीर



- एंबुलेंस नहीं मिलने पर निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया

नवीन मेल संवाददाता

डुमरी (गुमला)। डुमरी थाना क्षेत्र के अंबाटोली गांव निवासी 75 वर्षीय बालाशीष खाखा भवरा के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार दोपहर की है, जब वे मवेशियों को चराने बगीचे की ओर गए थे।

बताया गया कि एक सेमल पेड़ पर बने छत्ते के पास पहुंचते ही भवरे अचानक आक्रामक हो गए और वृद्ध पर हमला कर दिया। भवरे ने उनके चेहरे समेत शरीर के कई हिस्सों में डंक मारे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद समाजसेवी राजकुमार राज ने 108 एंबुलेंस सेवा से संपर्क किया, लेकिन वाहन उपलब्ध नहीं हो सका। स्थिति गंभीर होने पर परिजनों ने निजी वाहन की व्यवस्था कर घायल वृद्ध को शाम करीब 5:30 बजे सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में आपात स्थिति के दौरान एंबुलेंस की अनुपलब्धता बड़ी समस्या बनी हुई है, जिससे समय पर इलाज में परेशानी होती है।

## चीक बड़ाइक समाज का मातृत्व सम्मान सह युवा सम्मेलन संपन्न

- मेधावी छात्र-छात्राएं और माताएं हुईं सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



गुमला। नगर भवन में चीक बड़ाइक समाज द्वारा मातृत्व सम्मान समारोह सह युवा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति का सम्मान, युवाओं को प्रोत्साहित करना और समाज में एकजुटता को मजबूत करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक नागपुरी गीत-संगीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। युवा अध्यक्ष ननकू चीक बड़ाइक ने स्वागत भाषण दिया।

सम्मेलन में वर्ष 2026 की मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वहीं 50 वर्ष से अधिक आयु की माताओं एवं ग्रामीण सामाजिक व्यवस्था संभालने वाले कारटाहा को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व अध्यक्ष राहुल बड़ाइक ने कहा कि समाज को अपनी पारंपरिक संस्कृति और पहचान को संरक्षित रखने की आवश्यकता है। सम्मेलन में चीक बड़ाइक समाज को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही कठिनाइयों पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज के अधिकार और पहचान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को उत्साहित किया। आयोजन को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों एवं युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सात घरों में बाहर से लगा ताला धमकी भरी चिट्ठी से दहशत

- डुमरा के कुसुमटोला में देर रात अज्ञात लोगों की हरकत, ग्रामीणों ने सुरक्षा की लगाई गुहार



नवीन मेल संवाददाता

बारियातू। थाना क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत डुमरा गांव के कुसुमटोला में शनिवार देर रात अज्ञात लोगों द्वारा सात घरों में बाहर से कुंडी और ताला लगाए जाने की घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने बारियातू थाना में आवेदन देकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित राम उरांव, नागेश्वर उरांव, धर्मदेव उरांव, गुडू उरांव, नरेश उरांव, बोलवा उरांव एवं बिजय उरांव ने बताया कि रात में सभी लोग भोजन कर सो गए थे। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति बाधित कर इलाके में अंधेरा कर दिया। इसके बाद कुछ घरों में बाहर से कुंडी लगा दी गई, जबकि नरेश उरांव और बोलवा उरांव के घर में ताला जड़ दिया गया।

सुबह होने पर लोग घरों से बाहर नहीं निकल सके। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ताला-कुंडी खुलवाकर लोगों को बाहर निकाला। घटना के बाद पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

नरेश उरांव ने बताया कि उनके घर की खिड़की से एक धमकी भरी चिट्ठी भी फेंकी गई थी, जिसमें उन्हें और उनके भाई को डराने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बैगा पहनई जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। उनका आरोप है कि इसी विवाद और पूर्व में दर्ज मारपीट के मामले को उठाने के लिए दबाव बनाने की नीयत से यह हरकत की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है।

## दातुन तोड़ने पेड़ पर चढ़ा युवक 20 फीट नीचे गिरा, कमर में गंभीर चोट

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के गोल सोसो गांव निवासी 42 वर्षीय जोहन एक्का सोमवार सुबह करंज के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि वे दातुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े थे। इसी दौरान सूखी डाल टूट गई और वे यू यू करीब 20 फीट नीचे जमीन पर गिर पड़े। गिरने से उनकी कमर में गंभीर चोट आई। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जांच के बाद चिकित्सक डॉ. असीम मिंज ने बताया कि कमर में गंभीर चोट लगने के कारण उनके दोनों पैर काम नहीं कर रहे हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने लोगों से पेड़ों पर चढ़ते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

## बेटे पर पिता की हत्या का आरोप, गांव में सनसनी

कान्हाचट्टी (चतरा)। कान्हाचट्टी प्रखंड के लारालुट्टूदाग गांव में रविवार देर रात बेटे द्वारा पिता की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कुलेश्वर यादव के रूप में हुई है। आरोप है कि उनके पुत्र भोला यादव ने आपसी विवाद के दौरान उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब साढ़े दस बजे विवाद बढ़ने के बाद यह घटना हुई।

## बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल तबाह, सब्जियों के दाम बढ़े



- फसल नुकसान के बाद मुआवजे की मांग तेज, किसानों में मायूसी

नवीन मेल संवाददाता

कान्हाचट्टी (चतरा)। जिले सहित कान्हाचट्टी प्रखंड में हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। अचानक बदले मौसम से खेतों में लगी सब्जियों एवं अन्य फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने बताया कि कड़ी मेहनत के बाद तैयार फसल तेज बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हो गई। अब लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। फसल खराब होने का असर बाजारों में भी दिखने लगा है। स्थानीय स्तर पर सब्जियों की आवक कम होने से बाहरी बाजारों से सब्जियां मंगाई जा रही हैं, जिसके कारण दाम बढ़ गए हैं। आम लोगों की रसोई पर भी महंगाई का असर पड़ रहा है। प्रभावित किसानों ने सरकार से फसल क्षति का सर्वे कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## सिसई प्रखंड के सभी पंचायतों में 13 मई से लगेगा बिजली विभाग का विशेष शिविर

सिसई (गुमला)। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा सिसई प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में 13 मई से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में बिजली बिल सुधार, नया विद्युत कनेक्शन एवं अन्य शिकायतों का ऑन द स्पॉट समाधान किया जाएगा। बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शिविर में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 मई को नगर पंचायत, 15 मई को ओलमुंडा पंचायत, 18 मई को कुदरा पंचायत, 20 मई को पुसो पंचायत, 22 मई को शिवनाथपुर पंचायत तथा 26 मई को रेड़वा पंचायत में शिविर आयोजित किया जाएगा। विभाग ने बताया कि इसी प्रकार प्रखंड के सभी 18 पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से शिविर लगाकर बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## कृषि विज्ञान केंद्र गुमला में 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू

# उर्वरक अनुज्ञप्ति, मृदा स्वास्थ्य और संतुलित पोषण पर विशेष फोकस

नवीन मेल संवाददाता




गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला द्वारा विकास भारती बिशुनपुर परिसर में उर्वरक अनुज्ञप्ति (उर्वरक लाइसेंस) प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। यह प्रशिक्षण 11 मई से 25 मई 2026 तक चलेगा। कार्यक्रम का मुख्य विषय समेकित पोषण तत्व प्रबंधन रखा गया है।

प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कृषि उद्यमी, उर्वरक विक्रेता एवं किसान भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महेंद्र भगत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी की सेहत और वैज्ञानिक खेती पद्धति बेहतर उत्पादन की कुंजी है। मिट्टी जांच के आधार पर पोषक तत्वों का प्रबंधन करने से खेती की लागत घटेगी और उपज में वृद्धि होगी। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों को समेकित पोषण तत्व प्रबंधन, मिट्टी जांच आधारित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग, सूक्ष्म पोषक तत्वों की भूमिका, सुरक्षित भंडारण, उर्वरक अनुज्ञप्ति से जुड़े नियम तथा कृषि क्षेत्र की नई तकनीकों की जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने किसानों से अंधाधुंध उर्वरक उपयोग से बचने और टिकाऊ खेती पद्धति अपनाने की अपील की।

## 12 वर्षों की मेहनत का मिला सम्मान, अरुण कुमार पांडे बने कांग्रेस के जिला महासचिव

- कृष्णा लोहार को भी मिली बड़ी जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

नवीन मेल संवाददाता



घाघरा। कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए घाघरा प्रखंड के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार पांडेय को गुमला जिला महासचिव नियुक्त किया है। वहीं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता कृष्णा लोहार को भी महासचिव की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

अरुण कुमार पांडेय पिछले 12 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के घाघरा प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, मेहनत और सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जिला महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने अरुण कुमार पांडेय और कृष्णा लोहार को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि दोनों नेताओं के नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि उनके लिए पद से अधिक कार्यकर्ताओं का विश्वास महत्वपूर्ण है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

बधाई देने वालों में शिवकुमार भगत, बॉबी भगत, महेश कुजूर, रमेश जायसवाल, पुष्पलता दुबे, आदित्य भगत, शहजाद खान, गुंदर महली, जेवियर लकड़ा, संदीप मिंज, घुड़ा उरांव, सुरेश सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## दृष्टिपात

### सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी नहीं होगी बर्दाश्त : दिनेश कुमार



घाघरा। गुमला उपायुक्त के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2026-27 में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों का सत्यापन एवं आधार सीडिंग अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर जाकर लाभुकों का सत्यापन किया जाएगा। इस कार्य में पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका एवं पंचायत सहायकों को लगाया गया है। सभी कर्मियों को 25 मई तक सत्यापन कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि योजनाओं का लाभ सही और पात्र लोगों तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से सत्यापन टीम को सहयोग करने और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की अपील की।

### आडीया नदी धाम के पास टूटा गढ़वाल



घाघरा। प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत सचिवालय को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर खतरा बढ़ गया है। आडीया नदी धाम के समीप गढ़वाल टूट जाने से सड़क के क्षतिग्रस्त होने की आशंका गहरा गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जिससे प्रतिदिन छात्र-छात्राएं, मरीज और किसान आवागमन करते हैं। गढ़वाल टूटने के कारण सड़क के नीचे कटाव बढ़ रहा है। दिरगांव पंचायत के ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ को आवेदन सौंपते हुए शीघ्र मरम्मत की मांग की है। बीडीओ ने कहा कि अभियंता से स्थल निरीक्षण कराकर रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी।

### भरनो में विशेष गुरुगोष्ठी आयोजित



भरनो (गुमला)। राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय भरनो के सभागार में सोमवार को विशेष गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसी के लेखापाल राजदीप गुप्ता ने की। गुरुगोष्ठी में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के सचिव उपस्थित रहे। बैठक में एनआईएलपी रजिस्ट्रेशन, अपार आईडी निर्माण, यू-डाइस अपडेट, प्रोग्रेशन रिपोर्ट, चाइल्ड प्रोफाइल, पोशाक वितरण, बैंक खाता खोलने, एनसीपीआई मैपिंग एवं मध्याह्न भोजन संचालन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने शिक्षकों को विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही 12, 13 एवं 14 मई को आयोजित होने वाली शिक्षकों की टीएनए परीक्षा की तैयारी और ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बीआरपी शमीम एजाज, सुधीर साहू सहित सभी सीआरपी एवं विद्यालयों के सचिव उपस्थित थे।

### वर्षों से फरार दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



चैनपुर। चैनपुर पुलिस ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने चैनपुर थाना कांड संख्या 08/23 (एसटी नंबर 192/2023) के नामजद अभियुक्त 29 वर्षीय अशोक एक्का को गिरफ्तार किया है। वह चैनपुर थाना क्षेत्र के जमगई गांव का निवासी है और लंबे समय से फरार चल रहा था। वहीं, चैनपुर थाना कांड संख्या 06/13 (एसटी नंबर 298/2013) के 11 वर्ष पुराने मामले में इश्तहारी वारंटी बहुरा तुरी (50 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया गया। बहुरा तुरी तिगावल गांव का निवासी है। कोर्ट में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उसके खिलाफ वारंट और इश्तहार जारी था। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि फरार अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

कार्यालयः- असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू
जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू

Tender ______ Date ______

अल्प कालिन निविदा आमंत्रण सूचना

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अन्तर्गत जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु पलामू जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मनातू/पाटन/लेस्लीगंज/चैनपुर के लिए एजेंसी का चयन निविदा के माध्यम से किया जाना है।

Request For Proposal Document (RFP) के शर्तों के अनुसार जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु पंजीकृत एजेंसी से निविदा दिनांक–26/05/2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | निविदा से संबंधित तिथि आदि। |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि। | 12/05/2026 |
| 2 | Pre-Bid Conference | 20/05/2026 के अपराह्न 1:00 बजे सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू। |
| 3 | ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 26/05/2026 के अपराह्न 1:00 P.M |
| 4 | ई–निविदा खोलने का समय | 28/05/2026 at 3:00 P.M |
| 5 | Bid Security (Non-Refundable) की राशि जो District Health Society (Jan Aushadhi), Palamu Payable at Palamu के नाम से देय होगा। केवल बैंक डीडी मान्य। | 5,000.00 (Five Thousand) only. |
| 6 | Bid Security (Refundable) की राशि जो District Rural Health Society (Janaushadhi), Palamu के नाम से देय होगा। केवल बैंक डीडी मान्य। | Rs. 50,000.00, (Rs. Fifty Thousand) Only for Each of the CHC. |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 8210173338 |
| 9 | हेल्पलाइन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 9142363737 |
| 10 | निविदा शुल्क एवं Bid Security का DD (Hard Copy)/Bank Guarantee कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 12/05/2026 to 26/05/2026 up to 01.00 pm |
| Further details can be seen on website www.palamu.nic.in | | |
| Civil Surgeon Cum CMO, Palamu - E-mail Add. cspalamu@gmail.com | | |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, का तकनीकी भाग खोलते/मूल्यांकन के समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा में किसी प्रकार के कोरिजेन्डम www.palamu.nic.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 379488 District(26-27)#D

**विचार प्रवाह** ईश्वर के साथ समरस होना और उनमें पूर्ण विश्वास 'रखना, जहां भी वे आपको रखें और आपके साथ जो भी करें उसी में संतुष्ट रहना, सब कुछ नम्रता एवं भक्ति से स्वीकार करना, अत्यंत अद्भुत होता है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# बंगाल और तमिलनाडु में नई राजनीति की राह असान नहीं

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

जो आज बंगाल सोचता है वह देश कल करता है की कहावत पुरानी है पर विरोध,सादगी और किफायत की जिद पर चलती राजनीति में बंगाल में इतिहास बनानेवाले शुभेंदु अधिकारी हैं, जिन्होंने 34 वर्षों के वामपंथी शासन के बाद 2011 में सत्ता में आईं ममता बनर्जी को उनके गढ़ में चुनौती देकर और नंदीग्राम से लेकर भवानीपुर तक सीधी लड़ाई में उन्हें परास्त कर एक नई शुरुआत की । पश्चिम बंगाल के बारे में कहा जाता है कि जो सड़क जीत लेता है, वह चुनाव जीत लेता है पर यह इतना आसान नहीं था । चुनावपूर्व और चुनाव उपरांत हिंसा के बीच पिछले करीब पांच वर्षों से डटे रहे शुभेंदु पूरी आक्रामकता के साथ बंगाल की सड़कों से लेकर विधानसभा तक दिखते रहे और सीएम की कुर्सी तक पहुंचे । बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महिला असुरक्षा जैसे मुद्दों पर ममता सरकार की नाकामियों ने भी उनके लिए जगह तैयार की। बंगाल लंबे समय से चुनावी हिंसा और दलगत टकराव के लिए बदनाम रहा है। उनके विजयी समर्थक भी उत्साह में हैं ऐसे में, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि नई सरकार प्रतिशोध की राजनीति के बजाय परिवर्तन को प्राथमिकता दे । कभी देश का औद्योगिक केंद्र रहा यह राज्य अब निवेश आकर्षित करने में दूसरे राज्यों से काफी पीछे छूट चुका है। नई सरकार के सामने ठोस आर्थिक सुधारों की राह पर बढ़ने की भी चुनौती होगी जिसमें ममता बनर्जी के समर्थक विपक्ष को संभालना चुनौती होगी। बंगाल ने हमेशा देश की राजनीति को दिशा दी है। अब देखना यह होगा कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में गरीबी से जूझ रहा यह राज्य परिवर्तन का कौन-सा नया मॉडल प्रस्तुत करता है ? इसी प्रकार तमिलनाडु की राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ आया, जब 1967 के बाद राज्य में पहली बार किसी गैर-द्रविड़ दल का मुख्यमंत्री बना है। अभिनेता से राजनेता बने सी जोसेफ विजय के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही दशकों से द्रविड़ दलों (द्रमुक और अन्नाद्रमुक) के बारी-बारी से सत्तासीन होने की परंपरा टूटी है, जो राज्य की राजनीति में नई पीढ़ी और एक नए राजनीतिक विमर्श के प्रवेश का संकेत भी है। कामकाज की बात करें तो अतिउत्साह में शपथ ग्रहण के समय ही जब भाषण देने लगे तो राज्यपाल अर्लेकर ने उन्हें टोका ।उन्होंने पहला हस्ताक्षर तमिलनाडु के सभी घरों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के आदेश वाले दस्तावेज़ पर किया। सीएम विजय ने मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए हर ज़िले में एक स्पेशल फ़ोर्स और महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक विशेष कार्य बल, 'लायनेस' की स्थापना के आदेश भी जारी किए।दक्षिण भारतीय राजनीति में सिनेमा और राजनीति का मेल नया नहीं है। अन्नादुरई, एम करुणानिधि और एमजीआर से लेकर जयललिता तक तमिल समाज ने फिल्मी सितारों को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक नेतृत्व के तौर पर भी स्वीकार किया है। विजय भी इसी परंपरा की नई कड़ी हैं, जिन्होंने अपनी सार्वजनिक छवि को राजनीतिक दिशा दी और युवाओं के बीच एक प्रभावशाली समर्थन तैयार किया। सिनेमा में भले नायक अकेले ही समस्याओं का समाधान कर देता है, लेकिन लोकतांत्रिक शासन में निर्णय सामूहिक जिम्मेदारी से लिए जाते हैं। उनके सामने गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को साथ रखने की चुनौती होगी। तमिलनाडु देश के उन राज्यों में गिना जाता है, जिसने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में, नए मुख्यमंत्री को सुनिश्चित करना होगा कि उनका कम प्रशासनिक अनुभव राज्य के विकास की राह में बाधा न बने। जल संकट, कृषि व औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याएं और मछुआरों की परेशानियां जैसे मुद्दे तो राज्य के सामने हैं ही, केंद्र-राज्य संबंधों में संतुलन बनाना भी उनकी राजनीतिक परिपक्वता की परीक्षा होगी। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि विजय की राजनीति अब तक प्रमुखतः फिल्मों में प्रदर्शित भावनात्मक अपील और जनसंपर्क पर आधारित रही है, पर मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद उनसे ठोस नीतिगत दृष्टि की अपेक्षा की जाएगी। लोकतंत्र में हर नया नेतृत्व एक अवसर लेकर आता है। विजय का मुख्यमंत्री बनना भी इसका ही प्रतीक है, जिसमें तमिलनाडु नई ऊर्जा, नई सोच और नए राजनीतिक प्रयोग की ओर बढ़ रहा है। रील से रियल लाइफ में धूर्त नेताओं और अधिकारियों की गिरफ्त में आने से राजनीति के अनुभव और दांव-पेंच से दूर विजय कैसे बचेंगे यह निर्भर करेगा कि वे इस अवसर को सुशासन की स्थायी मिसाल में कैसे बदलते हैं ? अपनी विजय यात्रा के दौरान टीवीके प्रमुख विजय द्वारा ईसा मसीह की प्रतिमा उठाने की घटना ने हिंदू राष्ट्रवादी समूहों को आक्रोशित कर दिया है,जिनकी आपत्ति है कि यह गलत परंपरा है और आज तक नहीं हुआ, जिस पर राजनीति हो सकती है । विजय के समर्थकों का तर्क है कि वे एक समावेशी राजनीति के पक्षधर हैं और मंदिरों व दरगाहों में उनकी समान श्रद्धा रही है।

# बंगाल ने खुद को फिर से ढूंढ़ लिया

आज की बात




हरदीप सिंह पुरी
केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री

> कोलकाता भारत की वाणिज्यिक राजधानी हुआ करती थी। बिड़ला एवं टाटा घरानों के साथ-साथ आईटीसी, ब्रिटानिया, कोल इंडिया, हिंदुस्तान मोटर्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स के मुख्यालय भी यहीं स्थित थे। बर्नपुर स्थित इस्को की स्थापना 1918 में हुई थी, जबकि दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वितीय पंचवर्षीय योजना का हिस्सा था

हावड़ा कभी एशिया का शेफील्ड कहलाता था। हुगली नदी के किनारे स्थित जूट मिलें इस उपमहाद्वीप के संगठित उद्योग का सबसे बड़ा केन्द्र हुआ करती थीं। कोलकाता भारत की वाणिज्यिक राजधानी हुआ करती थी। बिड़ला एवं टाटा घरानों के साथ-साथ आईटीसी, ब्रिटानिया, कोल इंडिया, हिंदुस्तान मोटर्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स के मुख्यालय भी यहीं स्थित थे। बर्नपुर स्थित इस्को की स्थापना 1918 में हुई थी, जबकि दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वितीय पंचवर्षीय योजना का हिस्सा था। वर्ष 1950-51 में, बंगाल ने देश के कुल मैन्यूफैक्चरिंग उत्पादन में लगभग 27 प्रतिशत हिस्से का योगदान किया था। मैं उस कलकत्ता को जानता था। विदेश सेवा में शामिल होने से पहले, मेरी शुरुआती नौकरियों में से एक इसी शहर में हिंदुस्तान लीवर में थी। कलकत्ता तब भी एक ऐसी जगह थी, जहां अपने संदूक के साथ आने वाला एक युवक इस बात के लिए आश्वस्त हो सकता था कि वह उस जगह पर आ गया है जहां से इस देश का वाणिज्य संचालित होता है। बत्तियां जलती रहीं। ट्रामें चलती रहीं। कंपनियों ने भर्तियां जारी रखीं।

जिस चीज को बनाने में एक सदी लगी थी, उसे आर्थिक कुप्रबंधन से कहीं बढ़कर सोची-समझी साजिश के जरिए ध्वस्त कर दिया गया। वाम मोर्चा ने 1977 में सत्ता संभाली। यह मोर्चा चौंतीस वर्षों तक सत्ता पर काबिज रहा। श्रमिक वर्ग के हितों की नारेबाजी का आड़ में, एक संगठित समानांतर राज्य ने जड़ें जमा लीं। मकान बनाने से लेकर दुकान चलाने, भट्टी स्थापित करने, परिवहन मार्ग को पंजीकृत कराने और पंचायत की बैठक आयोजित करने तक के लिए इजाजत लेनी होती थी। ये इजाजतें एक चंदे की एवज में मिलती थीं। कार्यकर्ता ये चंदा इकट्ठा करते थे। सत्तारूढ़ पार्टी में उसे अपने खाते में जमा करती थी। पूंजीपतियों को राज्य से निकाल बाहर करने वाली ट्रेड यूनियनबाजी इसका प्रत्यक्ष पहलू थी। जबरन वसूली से त्रस्त आम नागरिकों के वहां से निकल जाने की परिघटना तो खैर कैमरों में कैद ही नहीं हुई। वर्ष 2000 के दशक में, जब वाम मोर्चा ने खुद अपना रुख बदलने और टाटा मोटर्स को सिंगूर लाने की कोशिश की, तो विपक्ष में बैठी तृणमूल कांग्रेस ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। परिणामस्वरूप, यह परियोजना 2008 में गुजरात चली गई। माफिया ने अपना चोला बदल लिया; वह खत्म नहीं हुआ।

वर्ष 2011 में, तृणमूल कांग्रेस 'परिवर्तन' के वादे पर सत्ता में आई। इसके बाद जो कुछ हुआ, वह नए रूप में पुरानी ही व्यवस्था के लौट आने जैसा था। चंदा, अब एवजी-रकम बन गया। कार्यकर्ता सिंडिकेट बन गए। राष्ट्रीय स्तर पर मैन्यूफैक्चरिंग में बंगाल की 27 प्रतिशत की हिस्सेदारी घटकर 5 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। कभी राष्ट्रीय औसत का 127 प्रतिशत रहने वाली, प्रति व्यक्ति आय लुढ़ककर 84 प्रतिशत पर आ गई है। छह हजार से अधिक पंजीकृत कंपनियों ने अपने मुख्यालय कोलकाता से बाहर स्थानांतरित कर दिए हैं। कभी हावड़ा या साल्ट लेक में काम करने वाले बंगाल के बच्चे, अब बेंगलुरु,




हैदराबाद और पुणे में रहते हैं। अपनी नौकरी और अपने पैसों को राज्य से बाहर जाता देखने वाले, मतदाताओं को अपना हिसाब बराबर करना था और उनके हाथ में हिसाब बराबर करने का जरिया एक मतपत्र ही था। इस बदले के केन्द्र में महिलाओं से जुड़ा एक ऐसा रिकॉर्ड था, जिसका बचाव आजाद भारत के किसी भी सत्ताधारी को नहीं करना पड़ा। एक महिला मुख्यमंत्री के शासनकाल में राज्य की महिलाओं पर निर्मम अत्याचार हुए और उनकी हत्याएं हुईं। अगस्त 2024 में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। रात भर घटनास्थल पर एक भीड़ द्वारा तोड़फोड़ की गई। कोलकाता पुलिस ने इस भीड़ को तितर-बितर करने की कोई कोशिश नहीं की। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस निष्कर्ष के आधार पर जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया कि कोलकाता पुलिस की जांच भरोसेमंद नहीं है। जूनियर डॉक्टरों की 42 दिनों की हड़ताल हुई। इस हड़ताल में कई महिला डॉक्टर शामिल रहीं।

जनवरी 2024 में, संदेशखाली की घटना हुई। सुंदरबन के एक द्वीप की महिलाएं तृणमूल के एक जिला परिषद सदस्य के खिलाफ सड़कों पर उतर आईं। तृणमूल का वह नेता पचपन दिनों तक फरार रहा। जबकि, राज्य की पुलिस चुपचाप बैठी रही और उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया। कभी अपने आंदोलनों के दौरान 'परिवर्तन' की बात करने वाली, एक मुख्यमंत्री ने एक ऐसे शासन का नेतृत्व किया जिसमें उनके राज्य की महिलाओं को उनके ही कार्यकर्ताओं के खिलाफ अदालतों व केन्द्रीय एजेंसियों की शरण लेनी पड़ी और सड़कों पर उतरना पड़ा। यह बेहद निंदनीय है। और घोर अन्यायपूर्ण भी।

बंगाल की महिलाओं को जो पीड़ा सहनी पड़ी, उसकी बराबरी केवल राज्य के युवाओं द्वारा उठाए गए नुकसान से ही की जा सकती है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई पहली छापेमारी की रात सॉल्ट लेक के एक बंद फ्लैट से 21 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। संबंधित संपत्तियों से हुई बरामदगी के बाद कुल राशि 50 करोड़ रुपये से अधिक की हो गई। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने शिक्षा मंत्री के रूप में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की अध्यक्षता की थी। अप्रैल 2024 में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक भर्ती के तहत 25 हजार सात सौ तिरपन शिक्षकों, ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इन नियुक्तियों को भर्ती प्रक्रिया के शुरुआती दौर से ही अवैध पाया गया था। इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाया गया और देश की सर्वोच्च अदालत ने 2025 में इसे बरकरार रखा।

बंगाल के युवाओं को जीवन में एक मजबूत आधार प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई स्कूली भर्ती की पूरी प्रक्रिया एक ऐसे अड्डे में तब्दील हो गई, जहां पदों को बेचा जा रहा था और वैध उम्मीदवार को भर्ती की कतार दिखाई ही नहीं दे रही थी। राशन घोटाला तो इस घोटाले से भी ऊपर था। इसमें एक और मौजूदा कैबिनेट मंत्री ज्योतिप्रिया मल्लिक फंस गईं। इसके ऊपर मवेशी घोटाला, रिश्वतखोरी का धंधा और सिंडिकेट का राज था। मतदाता इन सभी गठजोड़ों को समझ गया। माफिया द्वारा संचालित राज्य में रिश्वत देने से इनकार करने वाला नागरिक सबसे पहले पीड़ित होता है। इस रिकॉर्ड के सामने एक अलग ही तरह का रिकॉर्ड था। पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ इक्कीस लाख घरों का निर्माण पूरा हुआ। जल जीवन मिशन के तहत पंद्रह करोड़ नल-जल के कनेक्शन लगाए गए। जबकि, 2019 में यह आंकड़ा तीन करोड़ का था। आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग पचपन करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का वार्षिक कवरेज मिला। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण ने बंगाल के हर कल्याणकारी कार्यक्रम में होने वाले भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया। ये सभी काल्पनिक बातें नहीं हैं। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता ने इन्हीं बातों को आधार बनाकर वोट मांगा। उस आधार के पीछे एक नेटवर्क खड़ा था। पार्टी के बूथ के स्तर के कार्यकर्ताओं, पन्ना प्रमुखों, और चुनावी चक्रों के दौरान धमकियों, डरा-धमकाने और शारीरिक हिंसा का सामना करने वाले कार्यकर्ताओं ने प्रतिकूल परिस्थितियों में मतदाताओं के पंजीकरण, परिवहन और मतदान कराने के उन गैर-आकर्षक कामों को पूरा किया जिन्हें अन्य पार्टियों ने छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ धमकियां, केन्द्रीय बलों के लौट जाने के बाद होने वाले हाल से जुड़ी घोषणाएं और चुनाव के बाद की हिंसा के पिछले दौरों में गई जानें, ये सब कार्यकर्ताओं के लिए हवाई बातें नहीं थी। वे इन सब अनुभवों से गुजर चुके थे। गृह मंत्री श्री अमित शाह खुद बंगाल के विभिन्न जिलों में घूम-घूम कर देख रहे थे। कभी-कभी तो कुछ ही हफ्तों के भीतर पुराने कस्बे में दुबारा आते थे, क्योंकि वे जानते थे कि उनके कार्यकर्ता क्या कर रहे हैं। वे जो करने की कोशिश कर रहे थे, वह महज चुनावी उलटफेर भर नहीं था। यह एक गढ़ को ढहाने जैसा था।

# नर्सों का योगदान और विश्व स्वास्थ्य का भविष्य

अलग बात



महेंद्र तिवारी

मानवता की सेवा और उपचार की प्रक्रिया में नर्सों का योगदान अतुलनीय है। प्रत्येक वर्ष 12 मई को संपूर्ण विश्व अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाता है। यह दिवस केवल एक तिथि नहीं है बल्कि उस समर्पण और करुणा का सम्मान है जो नर्सें बिना किसी स्वार्थ के समाज को प्रदान करती हैं। इस विशेष दिवस का आयोजन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया जाता है। 1820 में जन्मी फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग को एक पेशेवर और सम्मानित स्वरूप प्रदान किया। क्रीमिया युद्ध के दौरान उन्होंने रात के अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायल सैनिकों की जिस प्रकार सेवा की उसने उन्हें लेडी विद द लैंप की उपाधि दी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि चिकित्सा केवल औषधियों का खेल नहीं है बल्कि इसमें स्वच्छता, सहानुभूति और निरंतर देखभाल का भी उतना ही महत्व है। वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की विषयवस्तु हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं निर्धारित की गई है। यह विषयवस्तु इस बात की ओर संकेत करती है कि भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए नर्सों का सशक्तिकरण अनिवार्य है। नर्सिंग सेवा का विस्तार केवल चिकित्सालयों की दीवारों तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जो व्यक्ति के जन्म से लेकर जीवन के अंतिम क्षणों तक उसके साथ बनी रहती है। स्वास्थ्य प्रणाली में नर्सों की भूमिका एक सेतु के समान है जो चिकित्सक और रोगी के मध्य संवाद और उपचार को सुगम बनाती है। किसी भी आपदा या आपातकाल की स्थिति में नर्सें ही सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़ी नजर आती हैं। यदि हम वैश्विक आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के कुल कार्यबल का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा नर्सों और दाइयों का है। इसके बावजूद वैश्विक स्तर पर नर्सों की भारी कमी देखी जा रही है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगभग 60 लाख अतिरिक्त नर्सों की आवश्यकता होगी। यह आंकड़ा हमें सचेत करता है कि यदि समय रहते इस क्षेत्र में निवेश नहीं किया गया तो भविष्य में स्वास्थ्य प्रणालियाँ लड़खड़ा सकती हैं। भारत जैसे सघन जनसंख्या वाले देश में नर्सों का उत्तरदायित्व और भी अधिक बढ़ जाता है। भारतीय नर्सिंग परिषद के आंकड़ों के अनुसार देश में पंजीकृत नर्सों की संख्या लाखों में है परंतु प्रति 1000 जनसंख्या पर नर्सों की उपलब्धता अभी भी वैश्विक मानकों से कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है वहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की पूरी जिम्मेदारी नर्सों के कंधों पर होती है। वे न केवल प्रसव संबंधी सेवाएं प्रदान करती हैं बल्कि टीकाकरण अभियानों, संक्रामक रोगों के नियंत्रण और पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में नर्सों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण रहा है। वे समाज के सबसे निचले स्तर तक पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाती हैं। हाल के वर्षों में वैश्विक महामारी कोविड 19 ने संपूर्ण विश्व को नर्सों की वास्तविक शक्ति से परिचित कराया। जब पूरा विश्व भयभीत होकर घरों में बंद था तब नर्सें बिना अपनी जान की परवाह किए संक्रमित मरीजों की सेवा कर रही थीं। पीपीई किट पहनकर घंटों बिना भोजन और जल के काम करना उनके अदम्य साहस का परिचायक था। उस कठिन समय में नर्सों ने न केवल शारीरिक उपचार किया बल्कि एकांतवास में रह रहे मरीजों को मानसिक संबल भी प्रदान किया। कई नर्सों ने इस सेवा के दौरान अपने प्राणों की आहुति दे दी जो उनके व्यवसाय के प्रति सर्वोच्च बलिदान को दर्शाता है। इस महामारी ने यह पाठ पढ़ाया कि किसी भी देश की सुरक्षा केवल उसकी सीमाओं पर नहीं बल्कि उसके स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और उसके समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के हाथों में भी सुरक्षित है। वर्तमान परिदृश्य में नर्सिंग के क्षेत्र में कई चुनौतियां भी विद्यमान हैं जिन्हें संबोधित करना अत्यंत आवश्यक है। नर्सों को अक्सर लंबे समय तक कार्य करना पड़ता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कई स्थानों पर उन्हें उचित वेतन और सुविधाएं प्राप्त नहीं होती हैं। कार्यस्थल पर सुरक्षा का अभाव और तनावपूर्ण वातावरण उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त नर्सिंग को आज भी समाज के कुछ वर्गों में केवल एक सहायक कार्य के रूप में देखा जाता है जबकि वास्तव में यह एक उच्च कौशल वाला पेशेवर कार्य है। नर्सों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं और नीति निर्माण में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। वर्ष 2026 की विषयवस्तु इसी अंतर को पाटने का आह्वान करती है। सशक्त नर्सों का अर्थ है उन्हें उन्नत प्रशिक्षण देना, उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करना और उनके कार्य की गरिमा को पहचानना।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## तेरे दर से हर बार

तेरे दर से हर बार
रो कर के निकले
कोई जाने नहीं तो
चेहरा धो कर के
निकले
तुझे पाने के लिए
खुद को खो कर के
निकले
पर फिर भी
हर बार
तेरे ही हो
कर के
निकले
इतना करने
पे भी तो
अंजाम हुआ यूं
कि तुम रिश्ते में
धोखा पिरो करके
निकले
अब इससे आगे की
बातें
हम क्या-क्या बताएं
कि जो भी करना
नहीं था
अक्सर तुम वो करके
निकले
सपने टूटे कई हैं
और टूटे हैं हम भी
तो टूटे सपनों के शीशे
चुभो कर के निकले
दर्द, करवट और
सिसकी
में गुजरी यूं
रातें
कि हम सोए
बिना ही
बिस्तर से
सो कर के
निकले
कुछ सम्भला
नहीं था
और बदला नहीं जो
तो हम खुद में ही
बदलाव
बो करके निकले
कहती है दुनिया जो
अनोखी यूं हमको तो
हम अनोखापन
अपना
संजो करके निकले



लोकृती गुप्ता 'अनोखी'

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## सत्यनिष्ठा



स्वामी चिन्मयानंद


अत्यधिक सफल जीवन का सबसे प्रमुख लक्षण ईमानदारी ही दिखाई देता है। ऐसी ईमानदारी जो दृढ़, निर्भय और स्थिर हो। जिन लोगों ने अपने आप में यह गुण विकसित किया है उन सब ने अपने क्षेत्र में अपने प्रतिद्वन्द्वियों की अपेक्षा अधिक सफलता पाई है। सत्यनिष्ठ मनुष्य जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकता है। वह अपने प्रयास इतने आत्म-विश्वास के साथ करता है कि उसमें आकर्षण और सफलता दोनों ही विद्यमान रहते हैं। यह गुण बहुत कम व्यक्तियों में होता है। किन्तु ऐसा कोई नहीं है जो इसके कारण आकृष्ट न हो। सत्यनिष्ठ व्यक्ति को सभी लोग अपना लेते हैं, विश्वास रखते हैं, भरोसा करते हैं और उससे मैत्री मानते हैं। किसी मनुष्य के हृदय से इस प्रकार के भाव निसृत होने पर अन्य लोग उसकी सहायता करने की इच्छा करते हैं और एक समझदारी का वातावरण बनता है। निश्चय ही सत्यनिष्ठा या ईमानदारी ऐसा गुण है जो हर क्षेत्र में मूल्यवान सिद्ध होता है। सत्यनिष्ठा में केवल यह अच्छाई नहीं है कि उसके कारण हमारे कार्यों में सच्चाई और ईमानदारी आ जाती है वरन उसका प्रभाव इतना गहन है कि उसके कारण अपने इरादों में भी सुन्दरता आती है और आकर्षण प्रकट होता है। यदि हमारे विचारों का उद्गम पवित्र है, यदि हम अपने विचारों के अनुसार वीरता के साथ जीवन जी सकें तो वे विचार ही अव्यावहारिक और काल्पनिक हों और कितनी ही असफलतायें मिलें फिर भी हमारे अन्दर सत्यनिष्ठा विकसित होगी। उसके उपरान्त हमारे व्यक्तित्व में तेज आयेगा और शान्ति व्यक्त होगी। अनेक बार असफल होने पर भी, और भयंकर कठिनाइयों का सामना करके भी समाज के द्वारा मिलने वाली निन्दा और उपहास के बाद भी हमें महानता प्राप्त होगी।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




# आर्या की कलम से

पुस्तक की बात



आर्या झा




गजल के कहन की विविधता से भला कौन अनजान होगा यह तो कोमल मन को सहजता से छूकर जेहन में उतरने में दक्ष होती हैं और उस पर मखमली मुलामियत लिए श्री हरिहरन जी की रुहानी आवाज हो तो कमाल होना तो बनता ही है। हम बात कर रहे हैं सर्व भाषा ट्रस्ट से प्रकाशित कहकशां फाउंडेशन के अध्यक्ष आनन्द कक्कड़ द्वारा लिखित साहित्य आजतक के मंच पर स्वयं हरिहरन के हाथों विमोचित पुस्तक "उस्ताद-ए-गजल हरिहरन" की। उनके पचास वर्षों के अद्भुत योगदान को इस पुस्तक के ग्यारह अध्याय के अन्तर्गत समाहित किया गया है जो गजल के विभिन्न घरानों से गुज़रते हुए हरिहरन घराने पर आकर रुकती है जिसमें हरिहरन के आरंभिक जीवन व उनके गजल के प्रति अतिरिक्त रुझान के राज़ खोलती है और ताज्जुब की बात तो यह है कि आज इन ऊंचाइयों पर पहुंच कर भी वे विद्यार्थी समान सतत प्रयत्नशील रहते हैं शायद यही उनकी सफलता का राज भी है और वह बड़ी ही सादगी से इसका श्रेय अपने तीनों गुरुओं, मां श्रीमती अलामेलु, उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान साहब एवं रुहानी गुरु जनाब मेंहदी हसन साहब को देते नहीं थकते हैं जो उन्हें और भी अनूठा बनाती है। जिस तरह से उन्होंने अपने गीतों व गजलों के माध्यम से संपूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोया है उन्हें सांस्कृतिक राजदूत कहना पूर्णतया न्यायोचित है। जहां एक ओर पूरे विश्व में क्षेत्रवाद की लहर चरम पर है वहीं वह दिलों को जोड़ने की बात करते हैं। इतना ही नहीं उनके गायन की तकनीकी विविधता ने हमेशा से जेनरेशन गैप को भी कम किया है। शायद ही कोई ऐसा हो जिसकी ज़ुबान पर "काय झाला" न चढ़ा हो। एक ओर मेंहदी हसन साहब की तर्ज पर बेमिसाल गजल गायिकी तो दूसरी ओर कोलोनियल कजिंस,जैज और उर्दू ब्लूज और इस तरह से हर वर्ग हर क्षेत्र के लोगों को एक छत के नीचे लाने में सक्षम है जो सिर्फ और सिर्फ हरिहरन ही कर सकते हैं। यहां तक कि स्वयं की गायन शैली में निरंतर बदलाव करते हुए जिस प्रकार पिछले पाँच दशकों से सतत क्रियाशील हैं वह एक पद्मश्री नहीं बल्कि अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने योग्य हैं ! इस किताब की उपयोगिता की बात करें तो जावेद अख्तर साहब ने कहा है कि " इस किताब की जो सबसे बड़ी अहमियत है, वह यह है कि आनन्द कक्कड़ ने इसमें हरिहरन की उन बातों को समेट कर बताया है जो 50 सालों से बिखरी हुई थीं।" आगे यह भी कहा कि उन्हें यकीन है कि इसे पढ़ते हुए पाठकों को हरिहरन का असली योगदान समझ में आएगा। उनकी बात से सौ फीसदी ताल्लुक रखते हुए मुझे भी यह लगता है कि यह किताब करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी और परिस्थितियों को अपनी मेहनत के बल पर बदलने वाले हरिहरन एक सच्चे आदर्श के रूप में उभर कर सामने आएंगे। सरोद सम्राट अमजद अली खान ने हरिहरन की संगीत सेवा को देखते हुए जिन तीन उपाधियों से नवाजा उनमें एक उस्ताद हरिहरन था तो उनके कहे का अमल करते हुए पुस्तक का नाम, "उस्ताद -ए-गजल हरिहरन" रखा गया। हरिहरन साहब की एकदम साफ़ तलफ्फुज उर्दू ज़बान पर उन्होंने यह भी कहा कि "एक दक्षिण भारतीय होते हुए कोई गजल गाए और उर्दू से डील करे यह अपने आप में बहुत बड़ा करिश्मा है, खुदा की देन है और एक बड़ी कामयाबी है।" इसके विभिन्न अध्यायों में हरिहरन साहब के गुरु, उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान साहब के कुशल प्रशिक्षण, उनकी सलाहियत पर उर्दू जबान सीखने इत्यादि की जानकारी मिलती है। हरिहरन साहब के निरंतर रियाज एवं गजलों के कंपोजिशन पर अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप विश्वस्तरीय सफलताओं का जिक्र बेहद सुखद प्रतीत होता है। आगे लेखक एक श्रोता के तौर पर जब उस्ताद-ए-गजल हरिहरन के साथ संवाद कर उनके जीवन के अनुभवों को कलमबद्ध करते हैं तो उनसे गुजरते हुए पाठकों की जिज्ञासा शांत होती है। पुस्तक में हरिहरन के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों एवं उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है तथा गायिकी के सफ़र के प्रतिनिधि साथियों का उनके प्रति उद्गार भी प्रस्तुत किया है जो हरिहरन के सम्पूर्ण व्यक्तित्व व कृतित्व के रेशे-रेशे से परिचित कराते हैं। अध्याय 'रुबरु' के दौरान रचयिता के प्रश्न यूँ प्रतीत होते हैं जैसे लंका पार करने के पूर्व हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलाई गईं हों जो इस बात का द्योतक है कि कुछ और बेहतरीन ग़ज़ल अल्बम अवश्यंभावी हैं। मौलिक गजल कंपोजर और गायक के रूप में हरिहरन के लिए उन्हीं को ग़ज़ल का एक मतला समर्पित है:-

*वो सर फिरी हवा थी संभालना पड़ा मुझे*
*मैं आखिरी चराग था जलना पड़ा मुझे।*

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

सुबह, दोपहर, शाम क्या, रात सनसनी खेज।
ऐसा सबको मोहता, ज्यों बजार रंगरेज।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बंगाल में अब बीएसएफ को मिलेगी जमीन, आयुष्मान व केंद्रीय योजनाएं लागू होंगी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नवगठित मंत्रिमंडल की पहली बैठक सोमवार को मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें बांग्लादेश के साथ वर्तमान में बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कांटेदार बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को 45 दिनों के भीतर भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि नई कैबिनेट के गठन के 45 दिनों के भीतर बीएसएफ को जमीन सौंपने का वादा भाजपा के संकल्प पत्र में किया गया था और गृह मंत्री अमित शाह ने भी इसकी घोषणा की थी। कैबिनेट बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए अधिकारी ने कहा, "नई कैबिनेट की पहली बैठक में इस फैसले को मंजूरी दे दी गई।" बैठक में पारित दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय पश्चिम बंगाल में केंद्र प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत को लागू किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस की पिछली सरकार ने इस योजना को इस आधार पर लागू नहीं किया था कि राज्य की अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना 'स्वस्थ साथी' लागू होने के कारण केंद्र सरकार की योजना अनावश्यक हो गई थी। सीएम अधिकारी ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य को केंद्र प्रायोजित कई अन्य योजनाओं में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिनमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री कृषक बीमा योजना, पीएम श्री योजना, विश्वकर्मा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना और उज्ज्वला योजना शामिल हैं।

### यह सरकार व्यक्तिवाद से नहीं, सिद्धांतों से चलेगी

मुख्यमंत्री शुभेंदु ने कहा कि पिछली सरकार ने जनगणना संबंधी केंद्रीय गृह मंत्रालय के 16 जून 2025 के निर्देश को लंबे समय तक लागू नहीं किया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने उसे तुरंत लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार व्यक्तिवाद से नहीं, सिद्धांतों से चलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "डर आउट, भरोसा इन" संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि नई सरकार जनता के विश्वास, सुरक्षा और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा, लेकिन उन्हें पारदर्शी तरीके से चलाया जाएगा। किसी मृत व्यक्ति, गैर-भारतीय या अवैध व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पुन: आश्वासन दिया कि बीएसएफ के लिए आवश्यक सभी भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने अवैध घुसपैठियों के हित में केंद्र सरकार और अदालत के निर्देशों की अनदेखी की थी। बैठक में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के अलावा राज्य कैबिनेट के सदस्य दिलीप घोष अग्निमित्र पाल निश्चित प्रमाणिक अशोक कीर्तनीय के अलावा पुलिस और प्रशासन के सभी आला अधिकारी मौजूद थे।

***भूमि एवं राजस्व सचिव तथा मुख्य सचिव को अगले 45 दिनों के भीतर यह प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है।***

# पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध एलपीजी की सप्लाई जारी : सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घरेलू खाना पकाने की जरूरतों के लिए एलपीजी की सप्लाई की जा रही है। वहीं, पिछले तीन दिनों में ही 1.26 करोड़ बुकिंग के मुकाबले 1.14 करोड़ घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) डिलीवर किए गए हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां अंतर-मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। देश में किसी भी रिटेल आउटलेट पर स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप भी सुचारू रूप से काम कर रही हैं और कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में 17,000 टन से ज्यादा कमर्शियल एलपीजी बेची गई है। 762 टन से ज्यादा ऑटो एलपीजी भी बेची गई है। इसके अलावा इसी दौरान 1,40,000 से ज्यादा 5 किलो के सिलेंडर बेचे गए हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा लगभग 93 कैंप लगाए गए, जिनमें 2,100 से ज्यादा सिलेंडर बेचे गए हैं।

### पश्चिम एशिया संकट पर राजनाथ सिंह की बैठक


## पीएम की अपील आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेचैनी की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी की मितव्ययिता उपायों की अपील के एक दिन बाद, पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करने के लिए मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (आईजीओएम) की पांचवीं बैठक सोमवार को हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हुई इस बैठक में सरकार ने इस संदेश को दोहराया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के कारण ईंधन आपूर्ति में आई भारी कमी को देखते हुए संसाधनों का संरक्षण करना जरूरी है। बैठक के तुरंत बाद सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मैं लोगों से शांत रहने और किसी भी तरह की घबराहट से बचने का आग्रह करता हूं, क्योंकि सरकार आपूर्ति श्रृंखलाओं में कमी या व्यवधान को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक व्यवधानों और चुनौतियों का सामना करने में देश की मदद के लिए प्रधानमंत्री मोदी की लोगों की सामूहिक भागीदारी की अपील आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यह कठिन वैश्विक दौर में संरक्षण के बारे में प्रधानमंत्री का व्यापक संदेश है। संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सरकारी अधिकारियों द्वारा आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में भी किसी भी प्रकार की घबराहट को दूर करने का प्रयास किया गया।

# सोमनाथ मंदिर भारत की सभ्यतागत भावना का प्रतिबिंब है: नायडू

**एजेंसी। अमरावती**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा है कि सोमनाथ मंदिर भारत की सभ्यतागत भावना का एक चिरस्थायी प्रतीक है, जो सदियों से इसकी रक्षा और पुनर्निर्माण करने वालों के बलिदान और समर्पण को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के उस पोस्ट के जवाब में ये विचार साझा किए, जिसमें उन्होंने सोमवार को मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महापूजा की थी।

उन्होंने कहा कि हमारी भूमि पर आस्था का सम्मान किया जाता है और यह एक ऐसी शक्ति है जो सभी को एकजुट करती है। सोमनाथ मंदिर केवल एक पूजा स्थल से कहीं अधिक है; यह भारत की सभ्यतागत भावना का एक चिरस्थायी प्रतीक है, जो इतिहास में इसकी रक्षा और पुनर्निर्माण करने वालों के बलिदान और समर्पण को दर्शाता है। तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख ने यह भी लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने 'विकास भी, विरासत भी' की भावना को अपनाया है, जिससे यह सुनिश्चित हो रहा है कि भारत की विकास यात्रा उसकी चिरस्थायी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण और पुनरुद्धार के साथ-साथ आगे बढ़े।

नायडू ने लिखा कि यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो उन सभी को सम्मानित करता है, जिन्होंने भारत के विकास और उसकी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के लिए समान रूप से प्रयास किए हैं। सोमनाथ अमृत महोत्सव के अवसर पर, मैं दुनिया भर के भक्तों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। हर हर महादेव! उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भी सोमनाथ मंदिर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कवि कोकिल गुर्रम जशुवा द्वारा रचित 'फिरदौसी' की कुछ कविताएं भी प्रकाशित कीं। ये काव्यात्मक पंक्तियां बताती हैं कि कैसे गजनी महमूद ने हमारी धरती पर 17 बार आक्रमण किया और हमारे सोमनाथ को लूटा।

# 30 दिनों के भीतर काम नहीं करने वाले पदाधिकारी 31 वें दिन स्वत: निलंबित होंगे : मुख्यमंत्री सम्राट

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को सहयोग पोर्टल और सहयोग हेल्पलाइन नंबर का लोकार्पण किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि सहयोग शिविर के लिए आए आवेदन को अटकाने वाले पदाधिकारियों की अब खैर नहीं। लोगों की समस्याओं से जुड़े आए आवेदन पर अगर 30 दिवों के भीतर काम नहीं होता है तो आर्डर पास नहीं करने वाले पदाधिकारी 31 वें दिन स्वत: निलंबित हो जाएंगे। यह काम मुख्यमंत्री कार्यालय के स्तर से ही हो जाएगा। इस तरह के फारमेट को जेनरेट कर दिया गया है। सीएम ऑफिस में एक डैश बोर्ड तैयार किया गया है जिसमें माध्यम से सहयोग शिविर में आए आवेदनों की रियल टाइम मानीटरिंग होगी।



### डीएम-एसपी भी कम से कम पांच सहयोग शिविर में जाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएम और एसपी स्वयं कम से कम पांच सहयोग शिविर में जाएं। वह जहां जा रहे उसकी सूचना पहले से नहीं हो। इसका रोस्टर बनाएं।

जब तक आवेदन आना बंद नहीं होगा तब तक यह शिविर बंद नहीं होगा। आम जनता का जीवन सहज हो इसके लिए काम करना है।

पहले यह होता था कि डीएम के स्तर पर आए आवेदन को नीचे भेज दिया जाता था पर उसके क्रियान्वयन के लिए कोई टाइमलाइन नहीं होता था पर अब हम टाइमलाइन पर काम करेंगे।

### हम पर थोपा गया है ये युद्ध, अगर मजबूर किया तो लड़ेंगे जरूर: बाघेई

**तेहरान।** ईरान ने खुद पर हुई अमेरिकी हमलों को थोपा हुआ युद्ध बताया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि जहां जरूरत होगी वहां कूटनीति से काम लिया जाएगा लेकिन जहां जरूरत पड़ेगी तो देशहित में लड़ने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इसके साथ ही उन्होंने उस शांति प्रस्ताव का भी जिक्र किया जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अस्वीकार कर दिया है। प्रस्ताव में लिखी गई उन मांगों का जिक्र किया जो उनके अनुसार "तर्कसंगत" हैं। तेहरान में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान जब उनसे भविष्य की कार्रवाई को लेकर सवाल किया गया तो कहा कि अगर ईरान को लड़ाई के लिए मजबूर किया गया तो वह लड़ाई लड़ेगा। कूटनीतिक संवाद भी जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा, "जहां कूटनीति की गुंजाइश होगी, वहां बातचीत का रास्ता भी अपनाया जाएगा। कूटनीति के अपने नियम होते हैं।" बाघेई के अनुसार, तेहरान अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा।

# संसदीय साक्षरता और मूल्य आधारित पत्रकारिता जरूरी : उपसभापति हरिवंश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सोमवार को कहा कि डिजिटल दौर में पत्रकारिता में तेजी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह सटीकता की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने युवा पत्रकारों से मूल्य आधारित और विश्वसनीय पत्रकारिता को मजबूत करने का आह्वान किया। संसद भवन परिसर में राज्यसभा टीवी इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए हरिवंश ने कहा कि किसी भी पत्रकार के लिए संसदीय साक्षरता उतनी ही आवश्यक है जितनी पेशेवर दक्षता। उन्होंने कहा कि संसद वह स्थान है जहां राष्ट्र का इतिहास लिखा जाता है और इसकी सही रिपोर्टिंग के लिए संवैधानिक ढांचे, नियम पुस्तिकाओं तथा संसदीय परंपराओं की गहरी समझ जरूरी है।

उन्होंने प्रशिक्षुओं से संसद टीवी को विश्वसनीय सूचना का मानक बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि डिजिटल मीडिया के दौर में गति बढ़ी है, लेकिन पत्रकारिता की विश्वसनीयता और तथ्यात्मक सटीकता सर्वोपरि रहनी चाहिए।

उपसभापति ने कहा कि युवा पत्रकार जटिल विधायी प्रक्रियाओं और आम नागरिक की आकांक्षाओं के बीच सेतु का काम कर सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को युवाओं से जुड़ने वाले नए और प्रभावी कहानी कहने के प्रारूप विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

हरिवंश ने कहा कि संसद परिसर में काम करने वालों की विशेष नैतिक जिम्मेदारी होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अनुशासन और समर्पण के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल सामग्री निर्माता नहीं, बल्कि जनता के जानने के अधिकार के संरक्षक भी हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया और शासन व्यवस्था लगातार बदल रही है, इसलिए सफल पेशेवर वही है जो जीवनभर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखे।

## दृष्टिपात

### हुमायूं कबीर ने बीएसएफ को भूमि आवंटित करने के बंगाल कैबिनेट के फैसले का किया स्वागत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में बांग्लादेश के साथ वर्तमान में बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कांटेदार बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को 45 दिनों के भीतर भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के प्रमुख हुमायूं कबीर ने इस निर्णय का स्वागत किया है। हुमायूं कबीर ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "इस फैसले से राज्य और देश की सुरक्षा जुड़ी हुई है। पश्चिम बंगाल में अब डबल इंजन वाली सरकार है। इसलिए सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से लंबित काम को तुरंत पूरा किया जाना चाहिए। इससे संबंधित भूमि विवाद का भी जल्द ही समाधान हो जाएगा। नए मुख्यमंत्री ने इस संबंध में वादा किया था। आइए उनके वादों पर भरोसा रखें। अब देखना यह है कि वे कितने वादे पूरा करते हैं।"बैठक में सीमा सुरक्षा बल को 45 दिनों के भीतर भूमि सौंपने का जो निर्णय लिया गया, वह भारतीय जनता पार्टी के चुनाव पूर्व संकल्प पत्र में किया गया वादा था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट रूप से कहा था कि इस भूमि हस्तांतरण पर निर्णय नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया जाएगा और सोमवार को ठीक वैसा ही हुआ।

### बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप जारी मृतकों की कुल संख्या 409 हुई

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे का कहर जारी है। खसरे और उससे मिलते-जुलते लक्षणों के कारण 11 और लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही इस प्रकोप से जुड़ी पुष्ट और संदिग्ध मौतों की कुल संख्या बढ़कर 409 हो गई है। स्थानीय मीडिया ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के हवाले से बताया कि मृतकों की ये संख्या रविवार तक के पिछले 24 घंटों में दर्ज की गईं। डीजीएचएस ने बताया कि चार लोगों की मौत खसरे के कारण हुई इसकी पुष्टि हो चुकी है। इसके साथ ही 15 मार्च के बाद से खसरे से हुई पुष्ट मौतों की कुल संख्या 65 हो गई। वहीं, सात अन्य मृतक संख्या संदिग्ध मामलों से जुड़ी थीं, जिससे मौत का आंकड़ा बढ़कर 344 पहुंच गया। बांग्लादेश के अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' के अनुसार, इसी 24 घंटे की अवधि में 1,503 नए संदिग्ध खसरा मरीज सामने आए, जिसके बाद 15 मार्च से अब तक कुल संदिग्ध मामलों की संख्या 49,159 हो गई है। इनमें से 205 मामलों में खसरे की पुष्टि हुई, जिससे कुल पुष्ट मामलों की संख्या 6,819 तक पहुंच गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 15 मार्च के बाद से खसरे के लक्षणों वाले 34,909 मरीजों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मार्च के मध्य से अब तक बांग्लादेश में 400 से अधिक लोगों की मौत के बाद एक रिपोर्ट में इस प्रकोप को "टाला जा सकने वाला संकट" बताया गया है। रिपोर्ट में पूर्व अंतरिम सरकार, जिसका नेतृत्व मुहम्मद यूनुस कर रहे थे, से जवाबदेही तय करने की मांग की गई।

### काशी में सीएम योगी का विपक्ष पर हमला, बोले- सनातन को मिटाने वाले खुद मिट गए



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वाराणसी में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में सनातन, सांस्कृतिक विरासत और मंदिर पुनर्स्थापना के मुद्दे को लेकर विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहम्मद गौरी से लेकर मुगल शासकों तक कई विदेशी आक्रांताओं ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मिटाने का प्रयास किया लेकिन वे भारत की आत्मा और सनातन चेतना को कभी समाप्त नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर गुलामी का ढांचा खड़ा किया था लेकिन वह भारत की आत्मा को नहीं तोड़ पाया। सनातन केवल मंदिरों की दीवारों तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत की चेतना और आत्मा में बसता है।सीएम योगी ने कहा, ''जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया।

### प बंगाल सरकार ने पुलिस को दिया गायों की तस्करी पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने के बाद राज्य में गायों की तस्करी रोकने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जिला पुलिस को भी कड़ा संदेश दिया गया है। नई सरकार के पहले कार्य दिवस पर गायों की तस्करी पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक हलकों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि किसी भी कीमत पर गायों की तस्करी को रोका जाए। यह भी कहा गया है कि अवैध गाय बाजारों को चलने की अनुमति नहीं दी जा सकती और उन पर नजर रखी जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त निगरानी का आदेश दिया गया है कि कोई भी अवैध बाजार न खुले। सरकार ने राज्य पुलिस को भी इसी तरह का संदेश दिया है। इसके बाद, राज्य पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने भी यह संदेश जिला पुलिस तक पहुंचाया। यह ध्यान देने योग्य है कि तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल का नाम गायों की तस्करी के मामले से जुड़ा था।

# आज हिमंता के शपथ ग्रहण में मोदी शाह और नितिन होंगे शामिल

**एजेंसी। गुवाहाटी**



असम के नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्व सरमा के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां बड़े स्तर पर की जा रही हैं। यह भव्य आयोजन 12 मई को आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, 22 राज्यों के मुख्यमंत्री, कई केंद्रीय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शीर्ष नेता तथा बड़े उद्योगपति शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर असम में भाजपा और राजग के बूथ अध्यक्षों के साथ-साथ पंचायत स्तर पर निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिससे कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप मिला है। आमंत्रित प्रमुख अतिथियों में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा एवं उपमुख्यमंत्री प्रेस्टन टाइनसोंग, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो एवं उपमुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आगमन को देखते हुए खानापाड़ा क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है तथा कई मार्गों में यातायात परिवर्तन लागू किया गया है। वीआईपी आगमन के मद्देनजर कामाख्या से खानापाड़ा और बोरझाड़ हवाई अड्डे से कार्यक्रम स्थल तक सड़कों की सफाई, मरम्मत और रंगाई-पुताई का कार्य पिछले तीन दिनों से लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि असम के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद डॉ. हिमंत बिस्व सरमा को विधायक दल का नेता घोषित किया था।

# सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल हुए पीएम, मंदिर में की पूजा-अर्चना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोमनाथ अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह महोत्सव भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। भगवान शिव को समर्पित बारह पूजनीय ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान भव्य समारोह आयोजित किए गए और भारी जनभाग ने भाग लिया।

सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ अमृत महोत्सव के उत्सव के दौरान हेलीकॉप्टर से फूलों की पंखुड़ियां भी बरसाई गईं। मंदिर परिसर में प्रवेश करने से पहले, मोदी ने सोमनाथ में आयोजित रोड शो के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंदिर के रास्ते में एक जनसभा की और रास्ते भर उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित भीड़ जमा हुई।

### हिंदू बच्चों को पहनाई टोपी, सिखाया 'सजदा', 3 टीचर सस्पेंड

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित पीएम श्री स्कूल के तीन शिक्षकों को परिसर में धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अलका शर्मा ने जलाब सराय गांव में हुई आधिकारिक जांच के बाद प्रधानाचार्य मोहम्मद अंजर अहमद, कार्यवाहक प्रधानाध्यापक वलेश कुमार और सहायक शिक्षक मोहम्मद गुल एजाज को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मुस्लिम शिक्षकों पर स्कूल के अंदर धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और हिंदू छात्रों को टोपी पहनने के लिए कहने तथा लड़कियों को हिजाब पहनने के लिए प्रोत्साहित करने का आरोप है। प्रधानाध्यापक मोहम्मद अंजर अहमद और सहायक शिक्षक मोहम्मद गुल एजाज के खिलाफ भी पीएम श्री स्कूल में धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, कलह पैदा करने और भेदभावपूर्ण व्यवहार में लिप्त होने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।



यह विवाद 7 मई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद शुरू हुआ। इसके बाद, संभल ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार ने मामले की जांच के लिए 8 मई को स्कूल का दौरा किया। छात्रों के बयान दर्ज किए गए और बाद में बीएसए को एक रिपोर्ट सौंपी गई, जिसके आधार पर रविवार को निलंबन की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि कार्यवाहक प्रधानाध्यापक वालेश कुमार को वरिष्ठ अधिकारियों को गतिविधियों के बारे में सूचित करने में विफल रहने और अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन न करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान, प्रधानाचार्य मोहम्मद अनज़ार अहमद और सहायक शिक्षक मोहम्मद गुल एजाज़ दोनों विद्यालय परिसर में अनुपस्थित पाए गए।





# पश्चिम एशिया तनाव : नेपाल की अर्थव्यवस्था पर संकट के बादल

**UNDP**

**संकट के मुख्य कारण**

**आयात निर्भरता :** नेपाल की विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता के कारण आर्थिक जोखिम।

**आपूर्ति श्रृंखला :** अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन बाधित होने से जरूरी सामानों की कमी।

**रेमिटेंस प्रवाह :** विदेशों (विशेषकर खाड़ी देशों) से आने वाले धन में भारी गिरावट की आशंका।

**एजेंसी । काठमांडू**

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में नेपाल की उपलब्धियां जोखिम में पड़ सकती हैं। यूएनडीपी की पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर ताजा अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला, रेमिटेंस प्रवाह और आयातित वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता के कारण नेपाल के इस संघर्ष से प्रभावित होने की आशंका में है। यूएनडीपी की "मिलिट्री एस्केलेशन इन द मिडल ईस्टः ह्यूमन डेवलपमेंट इम्पैक्ट्स अक्रॉस एशिया एंड द पैसिफिक" शीर्षक वाली प्रारंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि दो महीने से जारी संघर्ष लंबा खिंचता है तो नेपाल और पाकिस्तान को मानव विकास के क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कमजोर होने से रेमिटेंस आय घट सकती है। इससे परिवारों की क्रय शक्ति कम होगी और खाद्य सुरक्षा पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि युद्ध के कारण कृषि में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाले फॉस्फेट उर्वरक के लिए आवश्यक सल्फर की ढुलाई बाधित हुई है। पेट्रोलियम पदार्थों के सह-उत्पाद सल्फर की कीमत और आपूर्ति में समस्या आने से नेपाल में धान उत्पादन पर असर पड़ सकता है, जो कृषि क्षेत्र का प्रमुख आधार है। रिपोर्ट में कहा गया है, "नेपाल में रोजगार का जोखिम वैदेशिक श्रम प्रवासन से गहराई से जुड़ा हुआ है। करीब 80 प्रतिशत प्रवासी श्रमिक खाड़ी देशों और मलेशिया जाते हैं। यदि व्यवधान जारी रहा, तो श्रमिक आवाजाही में कमी आने से रेमिटेंस पर निर्भर परिवारों की आय और रोजगार प्रभावित हो सकते हैं। यूएनडीपी के विश्लेषण के अनुसार, रेमिटेंस और कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर कम होगी, जिससे एचडीआई के आय संबंधी सूचक प्रभावित होंगे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित देशों में स्वास्थ्य और शिक्षा के सूचकांकों पर भी असर पड़ेगा। रिपोर्ट में 2013 से 2023 के बीच मानव विकास में हुई प्रगति को आधार बनाया गया है।

## सॉफ्टवेयर हैक कर टेंडर हथियाने के आरोप में पूर्व मंत्री सहित 22 के खिलाफ आरोप पत्र



**काठमांडू ।** नेपाल पुलिस के साइबर ब्यूरो ने आज बिजली विभाग के ई-बिडिंग सॉफ्टवेयर को हैक कर टेंडर हथियाने के आरोप में पूर्व शहरी विकासमंत्री विक्रम पाण्डे सहित २२ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। काठमांडू के जिला सरकारी वकील कार्यालय के अनुसार, इनमें 13 आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। नौ अभी फरार हैं। गिरफ्तार आरोपितों में पूर्वमंत्री पाण्डे भी शामिल हैं। पाण्डे व अन्य का आज से काठमांडू जिला अदालत में बयान दर्ज किया जाएगा। बयान दर्ज होने के बाद न्यायिक हिरासत पर बहस शुरू होगी। पुलिस का दावा है कि आरोपितों ने बिटकॉइन जैसी मुद्रा का कारोबार भी किया गया। आरोप पत्र में मांग की गई है कि संगठित तरीके से बिटक्वॉइन मुद्रा के कारोबार में संलग्न रहने के आरोप में भी आरोपितों को सजा दी जाए। पाण्डे चितवन के भरतपुर के रहने वाले हैं। वह राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) से सांसद रहे हैं।

उनकी कालिका कंस्ट्रक्शन निर्माण कम्पनी भी है। जांच के निष्कर्ष के अनुसार आरोपितों ने अनधिकृत पहुंच बनाकर आर्थिक प्रस्ताव से जुड़े दस्तावेजों में फेरबदल किया। एक आरोपित दिवाकर देउजा के पॉलीग्राफ परीक्षण समेत विभिन्न प्रमाणों के आधार पर पाण्डे की संलिप्तता की पुष्टि होने का दावा किया गया है। अभियोग पत्र में दावा किया गया है कि इस कार्य के बदले क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से रकम का लेनदेन भी हुआ। इससे राज्य को भी नुकसान पहुंचा।

## लैंडिंग के दौरान काठमांडू हवाई अड्डे पर आग लगी यात्री सुरक्षित, परिचालन शुरू

**काठमांडू ।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सुबह टर्किश एयरलाइंस के एक विमान में लैंडिंग के दौरान आग लग गई, जिसे दमकल विभाग ने नियंत्रित कर लिया गया। यात्रियों और क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सूचना अधिकारी ज्ञानेन्द्र भुल ने इसकी पुष्टि की। विमान में चार बच्चों सहित कुल 277 यात्री सवार थे। बचाव के दौरान कुछ यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं। इस्तांबुल से काठमांडू आए टीके 726 विमान के पहियों में आज सुबह करीब पौने सात बजे लैंडिंग के दौरान आग लग गई थी। विमान के रनवे पर ही रुक जाने के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का आवागमन प्रभावित हुआ है।

## पोखरण परीक्षण भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मविश्वास का प्रतीक : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए वर्ष 1998 के सफल पोखरण परमाणु परीक्षणों को भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मविश्वास का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम अपने वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण को गर्व के साथ याद करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 1998 में पोखरण में सफल परीक्षण हुए थे। वह ऐतिहासिक क्षण भारत की वैज्ञानिक उत्कृष्टता और अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक प्रमुख स्तंभ बन चुकी है। यह नवाचार को गति देने, अवसरों का विस्तार करने और विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र के विकास में योगदान दे रही है।

मोदी ने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास प्रतिभाओं को सशक्त बनाने, अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और ऐसे समाधान विकसित करने पर केंद्रित है, जो राष्ट्र की प्रगति और हमारे लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करें।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक संस्कृत सुभाषित भी साझा किया, जिसमें 'अग्नि' को स्वर्ग की सर्वोच्च शक्ति और पृथ्वी पर समस्त ऊर्जा का मूल स्रोत बताया गया है। उन्होंने कहा कि यही अग्नि तत्व पदार्थ के सूक्ष्मतम कणों में छिपी अपार शक्ति को जागृत करता है और समस्त सृष्टि में ऊर्जा एवं गति का संचार करता है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, "वर्ष 1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्भुत सामर्थ्य से परिचित कराया। हमारे वैज्ञानिक देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं। अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वति॥

### फ्रांस लौटे यात्री में हंटावायरस के लक्षण

## पांच लोगों को आइसोलेशन में रखा गया

**एजेंसी । पेरिस**


एआई जेनरेटेड

फ्रांस सरकार ने पुष्टि की है कि स्पेन के टेनेरिफ से वापस लाए गए पांच फ्रांसीसी नागरिकों में से एक यात्री में उड़ान के दौरान हंटावायरस जैसे लक्षण पाए गए। इसके बाद सभी यात्रियों को एहतियातन सख्त आइसोलेशन में रखा गया है। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि संक्रमित लक्षण दिखाने वाले यात्री की पहचान के बाद स्वास्थ्य सुरक्षा प्रोटोकॉल तुरंत लागू कर दिए गए। उन्होंने बताया कि सभी पांचों लोगों को अलग रखा गया है और उनकी लगातार मेडिकल निगरानी की जा रही है। प्रधानमंत्री के अनुसार, यात्रियों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच और लैब टेस्ट कराए जाएंगे, ताकि संक्रमण की पुष्टि की जा सके और किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है और संपर्क में आए लोगों की पहचान भी शुरू कर दी गई है। साथ ही फ्रांसीसी प्रशासन निकट संपर्क में आए लोगों के लिए भी विशेष आइसोलेशन उपाय लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस संबंध में जल्द एक आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा।

फिलहाल फ्रांस के स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से घबराने के बजाय सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में सैनिकों ने लगाई लगातार 88 घंटे की दौड़

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पिछले साल पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को तबाह करने के लिए शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली सालगिरह पर भारतीय वायु सेना ने नई दिल्ली में 88 घंटे लगातार दौड़ का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की सभी कमानों से कुल 600 धावकों ने भाग लिया। इस दौड़ को 7 मई को सुबह 1:05 बजे एयर ऑफिसर इन चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन (एओए) ने इंडिया गेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इसका समापन 10 मई को शाम 5:00 बजे एयर फोर्स स्टेशन नई दिल्ली में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने किया। यह दौड़ 88 घंटे तक चलने वाली निरंतर रिले प्रारूप में आयोजित की गई थी, जिसमें असैनिक अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 1 जुलाई से लागू होगा 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम, मिलेगी 125 दिन रोजगार की गारंटी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास एवं रोजगार को नई दिशा देने के उद्देश्य से 'विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी–जी राम जी अधिनियम-2025 के क्रियान्वयन की अधिसूचना जारी कर दी। यह नया कानून एक जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा और इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)-2005 निरस्त माना जाएगा। सरकार के मुताबिक इस योजना के तहत एक जुलाई से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार चाहने वाले लोगों को अब साल में 100 नहीं बल्कि 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा। इस बीच के समय में मनरेगा के सारे प्रावधान लागू रहेंगे और अधूरे काम एक जुलाई के पहले तक मनरेगा के अंतर्गत ही पूरे किए जाएंगे।


## टक्कर तो हुई पर विदेश में पर पब्लिक को मजा आ गया

**एजेंसी । नई दिल्ली**



अपनी उच्च शिक्षा, तीखे तर्कों और हाजिर जवाबी के लिए जाने वाले भाजपा नेता के अन्नामलाई ने स्टैनफोर्ड इंडिया सम्मेलन में हुई बहस के दौरान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को बगलें झांकने पर मजबूर कर दिया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आयोजित इस सम्मेलन में भारत की राजनीति, पहचान, शासन और विकास को लेकर दोनों नेताओं के बीच परिसीमन, उत्तर-दक्षिण राजनीतिक संतुलन और तमिलनाडु की बदलती राजनीति पर तीखी बहस देखने को मिली। अन्नामलाई ने जनसंख्या आधारित प्रतिनिधित्व को स्वाभाविक बताते हुए उत्तर भारतीय राज्यों को अधिक सांसद मिलने के पक्ष में तर्क रखे, जबकि शशि थरूर ने दक्षिण भारतीय राज्यों के राजनीतिक रूप से कमजोर होने की आशंका जताई। सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच हुई नोकझोंक और राजनीतिक टिप्पणियों ने भी व्यापक चर्चा बटोरी। परिसीमन के मुद्दे पर शशि थरूर ने दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंता पर कहा कि यदि लोकसभा सीटों का पुनःनिर्धारण केवल जनसंख्या के आधार पर किया गया तो दक्षिण भारत के राज्यों को राजनीतिक रूप से नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की जनसंख्या तेजी से बढ़ी है, जिसके कारण वहां के सांसद अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में सफलता हासिल की है। ऐसे में केवल जनसंख्या आधारित परिसीमन दक्षिणी राज्यों के साथ अन्याय माना जाएगा। थरूर ने यह आशंका भी जताई कि भविष्य में उत्तर भारतीय राज्यों का प्रभाव इतना बढ़ सकता है कि हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने जैसे प्रयास तेज हो जाएं, जिसका तमिलनाडु जैसे राज्य विरोध करेंगे।

थरूर ने उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्यों के पुनर्गठन की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि लगभग 28 करोड़ आबादी वाले राज्य का एक ही प्रशासनिक ढांचा होना व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने राज्यों के पुनर्गठन आयोग को अधिक अधिकार देने की बात कही और याद दिलाया कि मायावती के मुख्यमंत्री रहते उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में बांटने का प्रस्ताव भी आया था। के अन्नामलाई ने कहा कि भारत को केवल बहस नहीं बल्कि व्यावहारिक समाधान की आवश्यकता है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर उत्तर भारतीय राज्यों को स्वाभाविक रूप से अधिक सांसद मिलने चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर परिसीमन विधेयक का विरोध करने का आरोप लगाया और कहा कि यह सभी राज्यों के लिए सहमति से समाधान निकालने का अवसर था। अन्नामलाई ने दावा किया कि नए प्रस्तावित मॉडल में तमिलनाडु को वर्तमान से अधिक सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि हर राज्य केवल अपने नुकसान और लाभ के आधार पर सोचेगा तो समस्या का हल कभी नहीं निकलेगा।महिला आरक्षण विधेयक पर शशि थरूर ने कहा कि महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने के लिए परिसीमन का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से मौजूदा लोकसभा संरचना में ही महिला आरक्षण लागू करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि हाल ही में लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पर मतदान हुआ था, जिसमें सरकार को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। प्रस्तावित विधेयक के तहत लोकसभा की सीटें बढ़ाकर आठ सौ सोलह करने और महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने की योजना थी। विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया, लेकिन परिसीमन को उससे जोड़ने का विरोध किया था।स्टैनफोर्ड इंडिया सम्मेलन के दौरान तमिलनाडु की राजनीति भी चर्चा का मुख्य विषय रही। अन्नामलाई ने हालिया तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को एक असाधारण राजनीतिक घटना बताया। उन्होंने कहा कि अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके का उभार द्रविड़ राजनीति के लंबे वर्चस्व को तोड़ने वाला परिवर्तन है। चुनाव में टीवीके को एक सौ आठ सीटें मिलीं, जबकि द्रमुक को उनसठ और अन्नाद्रमुक को 47 सीटों पर संतोष करना पड़ा। अन्नामलाई ने इसे व्यवस्था में आई दरार बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय दल अब विंध्य पर्वत के दक्षिण में भी मजबूती से राजनीतिक संघर्ष करेंगे।उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि चुनाव के दौरान द्रमुक के साथ रहने वाली कांग्रेस ने परिणाम आने के बाद टीवीके का समर्थन कर दिया। इसी दौरान अन्नामलाई ने कांग्रेस पर रंग बदलने का आरोप लगाते हुए गिरगिट जैसी टिप्पणी की। इसके बाद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर मजाकिया अंदाज में लिखा कि उन्हें लगा अन्नामलाई ने गिरगिट नहीं बल्कि तमिलियन कहा था। यह टिप्पणी तेजी से चर्चा में आ गई और राजनीतिक हलकों में हास्य और व्यंग्य का विषय बन गई।

### सतत खनन और पारिस्थितिकी बहाली विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी व प्रदर्शनी आयोजित, बोलें राज्यपाल

# विकास व पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान कोल प्रबंधन (आईआईसीएम) में विज्ञान भारती के तत्वावधान में कोल इंडिया लिमिटेड, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से आयोजित "सतत खनन और पारिस्थितिकी बहाली" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए कहा कि आज आवश्यकता केवल खनन की नहीं, बल्कि सतत एवं उत्तरदायी खनन की है, जिसमें विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ें।



### राज्य को प्राकृतिक संसाधनों व खनिज संपदा से समृद्ध बताया

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों एवं खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। यहां उपलब्ध कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट एवं यूरेनियम जैसे खनिज देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय असंतुलन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में "सतत खनन" भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन केवल आर्थिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर भी हैं। हमें ऐसा भारत बनाना है, जहाँ विकास भी हो, पर्यावरण भी सुरक्षित रहे, उद्योग भी आगे बढ़े और प्रकृति भी मुस्कुराती रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन जिम्मेदार एवं पर्यावरण-अनुकूल खनन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस भारत की वैज्ञानिक क्षमता, तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा नवाचार की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने वर्ष 1998 में 11 एवं 13 मई को पोखरण में "ऑपरेशन शक्ति" के अंतर्गत हुए सफल परमाणु परीक्षणों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर अपनी वैज्ञानिक क्षमता और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की। उन्होंने कहा कि उस समय अनेक अंतरराष्ट्रीय चुनौतियां एवं प्रतिबंध सामने आए, लेकिन भारत झुका नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प के साथ और अधिक मजबूती से आगे बढ़ा।

राज्यपाल ने कहा कि यह दिवस हमें प्रेरणा देता है कि जब विज्ञान, तकनीक और राष्ट्रीय संकल्प एक साथ आगे बढ़ते हैं, तब भारत असंभव को भी संभव बना देता है। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य रहा है कि उन्हें श्रद्धेय अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार में केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में कार्य करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। अटल जी को स्मरण करते हुए उन्होंने भावुक होकर कहा कि वर्ष 1984 के चुनाव में अटल जी ने बरेली में उनके लिए एक दिन में आठ जनसभाएं की थीं।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047, आत्मनिर्भर भारत तथा सतत विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा दिया गयापर्यावरण के लिए जीवनशैली का संदेश प्रकृति और प्रगति के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने शोध एवं नवाचारों को समाज एवं धरातल से जोड़ें, ताकि विज्ञान और तकनीक का लाभ व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचे।

# मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी तरह सतर्क : मंत्री दीपिका

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** महागामा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेहरमा प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा सीमानपुर पंचायत के खिरौंधी में बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न बूथों से बड़ी संख्या में बूथ लेवल एजेंट, पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी बूथ स्तर तक पहुंचाना, मतदाता सूची में संभावित अनियमितताओं के प्रति संगठन को सजग व सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटियों के संशोधन और पात्र मतदाताओं के नाम कटने से रोकने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई।

झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में हर वोट की अपनी अहमियत होती है और प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदान अधिकार सुरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान संगठन की सजगता ही यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न हटे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें और यदि किसी भी नागरिक को नाम जोड़ने या संशोधन में कठिनाई हो, तो कांग्रेस संगठन पूरी तत्परता से सहायता प्रदान करे।

मंत्री ने कहा कि कुछ राज्यों में मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की शिकायतें सामने आई हैं, मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती हैं इसलिए झारखंड में विशेष सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस जनता की सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है राज्य में विभाजनकारी राजनीति को सफल नहीं होने दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देना, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और पात्र मतदाताओं के नाम कटने से रोकने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना था। इस अवसर पर गोड्डा जिला कांग्रेस अध्यक्ष यह्या सिद्दीकी, मेहरमा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनिंदर सिंह, एसआईआर प्रशिक्षक मुद्दसर खान सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे बूथ स्तर पर पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करेंगे। कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनाधिकारों की रक्षा के लिए अपना संघर्ष निरंतर जारी रखेगी।

# झारखंड हाईकोर्ट में धनबाद के एसएसपी हुए हाजिर

**नवीन मेल संवाददाता**



### अदालत ने पीड़िता का वीडियो वायरल होने पर जताई चिंता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में एक आपराधिक अपील पर सुनवाई के दौरान सोमवार को धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अदालत के आदेश पर सशरीर हाजिर हुए। एसएसपी ने अदालत को बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस संजय प्रसाद की बेंच ने एसएसपी का पक्ष सुनने के बाद उन्हें भविष्य में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान कर दी। अगली सुनवाई 11 जून को होगी। सुनवाई के दौरान अदालत ने एक युवती का वीडियो वायरल होने के मामले पर गहरी चिंता व्यक्त की। कोर्ट के समक्ष यह जानकारी आई कि उक्त वीडियो झारखंड के बजाय दूसरे राज्य गुजरात से वायरल हुआ है। इस पर अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस को इस वायरल वीडियो को तत्काल डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाने या डिलीट कराने के लिए प्रभावी प्रयास करने चाहिए थे। कोर्ट ने धनबाद एसएसपी को निर्देश दिया है कि इस मामले की जांच में तेजी लाएं और अगली सुनवाई के दौरान अदालत में विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें। दरअसल यह पूरा मामला रवि साव नामक एक आरोपी से जुड़ा है, जिसे पूर्व में हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी थी। जमानत पर रिहा होने के बाद पीड़िता ने आरोपी की जमानत रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी। पीड़िता का आरोप है कि जेल से बाहर आने के बाद आरोपी ने पुनः अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया और उसका वीडियो वायरल कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़िता ने इस संबंध में साइबर पुलिस में लिखित शिकायत दी थी। इससे पूर्व की सुनवाई में अदालत ने इस बात पर कड़ी आपत्ति जताई थी कि शिकायत में स्पष्ट रूप से संज्ञेय अपराध का खुलासा होने के बावजूद धनबाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की। इसी लापरवाही पर जवाब तलब करने के लिए अदालत ने एसएसपी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पक्ष रखा।

# भाजपा का प्रदर्शन राजनीतिक पाखंड : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने धनबाद में भाजपा द्वारा किए गए प्रदर्शन और बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने इसे भाजपा का राजनीतिक पाखंड करार देते हुए कहा कि जो दल वर्षों तक सत्ता में रहकर राज्य की बुनियादी समस्याओं को हल नहीं कर सका, वह आज जनता को गुमराह करने के लिए सड़कों पर मटका फोड़ रहा है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को यह याद रखना चाहिए कि राज्य में सबसे लंबे समय तक भाजपा की सरकारें रही हैं। धनबाद का जो जल संकट आज विकराल रूप में है, वह भाजपा की अदूरदर्शी नीतियों और पाइपलाइन योजनाओं के नाम पर हुए बंदरबांट का परिणाम है। हमारी सरकार तो उन बंद पड़ी और अधूरी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। बाबूलाल मरांडी के भ्रष्टाचार के आरोपों पर लाल किशोर ने पलटवार करते हुए कहा कि केंद्र की नल-जल योजना की हकीकत पूरे देश के सामने है।

# राष्ट्र प्रथम के भाव से पीएम के आह्वान को अपनाएं : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**



### देश के लिए राजनीति छोड़ पीएम के साथ खड़ी हो कांग्रेस और विपक्षी दल

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशवासियों के 7 आह्वान पर कहा कि जब भी वैश्विक स्तर पर युद्ध की परिस्थितियां आई हैं या देश ने युद्धकाल का सामना किया है, प्रधानमंत्री के आग्रह पर देशवासियों ने सदैव ही अपने राष्ट्र प्रथम के भाव का परिचय दिया है।

आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) के देशों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर देशवासियों से 7 आह्वान किए हैं, वह राजनैतिक नहीं बल्कि देशहित में है। आज जब उस युद्ध के कारण पूरी दुनिया में उथल पुथल मचा हुआ है। हर देश की महंगाई चरम पर है, ऐसे में भारत जैसे 140 करोड़ की आबादी वाले देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से स्थिर है। जनता पर कोई अनावश्यक बोझ नहीं पड़ा है। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान को हर नागरिक को अपनाना चाहिए। बिना किसी राजनैतिक और वैचारिक प्रतिरोध के हम सबको इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध के समय तात्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने सभी देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास रखने का आह्वान किया था।

देशवासियों ने उनके इस आह्वान को हाथों हाथ लेकर अपने जीवन में शामिल कर लिया था। फिर 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के समय तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी देशवासियों पर कई प्रकार के टैक्स लगाए थे। डाक टिकटों पर विशेष टैक्स लगाए गए थे। हर चिट्ठी पर 5 पैसे का विशेष टिकट लगाया जाता था। तब उनकी सरकार ने अत्यधिक आयकर दर 97.5% तक लागू कर दिया था। देश की उस परिस्थिति को देखते हुए, हर देशवासी सरकार के साथ खड़े रहे थे। आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में खड़े होने का आह्वान किया है तो तमाम कांग्रेसी और विपक्षी नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, जो राष्ट्रहित में नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कल ही प्रधानमंत्री ने राष्ट्र प्रथम - कर्तव्य सर्वोपरि का आह्वान किया है ताकि विकसित भारत 2047 के राह कर भारत आगे बढ़ता रहे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत को सशक्त बनाने के लिए 7 महत्वपूर्ण आह्वान किए हैं, जिसमें वर्क फ्रॉम होम अपनाना, पेट्रोल-डीज़ल की खपत घटाना, विदेश यात्रा से बचना, स्वदेशी अपनाना, खाद्य तेल का उपयोग सीमित करना, रासायनिक खाद का उपयोग कम कर, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और सोना खरीदने से परहेज करना शामिल है।

जब करोड़ों भारतीय एकजुट होकर ये छोटे-छोटे बदलाव करें, तो आत्मनिर्भर और सशक्त भारत बनाने से कोई नहीं रोक सकता। श्री सेठ ने देशवासियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान को अपने जीवन में शामिल करें।

## पेज एक के शेष

### ट्रैफिक जाम कम ...

राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, खदान क्षेत्रों और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ने के लिए नई सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, सड़कों का सुदृढ़ीकरण भी किया जा रहा है। सरकार का फोकस सिर्फ नई सड़कें बनाने पर ही नहीं है, बल्कि मौजूदा सड़कों की गुणवत्ता सुधारने और उनके रखरखाव पर भी है।

### रिटायर्ड टाटा स्टील...

घटना की खबर फैलते ही एग्रिको इलाके में भारी भीड़ जुट गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि रवींद्र प्रसाद सिंह इसी वर्ष फरवरी माह में टाटा स्टील से सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद से परिवार में लगातार विवाद और तनाव की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि, हत्या के पीछे की वास्तविक वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पूरी रात घर के भीतर शवों के साथ ही मौजूद रहा। सोमवार सुबह उसने खुद पुलिस को कॉल कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया, जिसने घर के भीतर से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। घटना की सूचना मिलते ही जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू और सिटी एसपी ललित मीणा सिदगोड़ा थाना प्रभारी फैज अहमद समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी से लगातार पूछताछ की जा रही है। आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही हत्या के कारणों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

### ट्रंप ने शांति...

ईरान की सेना ने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी दी है कि अगर आक्रामकता फिर से शुरू होती है, तो दोनों देशों को निश्चित रूप से कल्पना से परे चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित प्रतिनिधियों की प्रतिक्रिया पढ़ी है। मुझे यह पसंद नहीं आई। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है! उन्होंने दूसरी पोस्ट में कहा, ईरान पिछले 47 साल से अमेरिका और बाकी दुनिया के साथ खेल खेल रहा है। ओबामा सरकार ने 2015 में एक समझौता किया था, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना था। मैंने अपने पहले कार्यकाल में इस समझौते को मंजूरी नहीं दी। हाल ही में ईरान ने 42,000 बेकसूर और निहत्थे प्रदर्शनकारियों को खत्म कर दिया। वह हम पर हंस रहे हैं। वे अब और नहीं हंस पाएंगे। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में फ्रांसीसी-ब्रिटिश कोशिश के खिलाफ भी चेतावनी दी है। ईरान के उप विदेशमंत्री ने कहा कि होर्मुज में अमेरिका की गैरकानूनी कार्रवाई का साथ देने पर सशस्त्र बल निर्णायक और तत्काल जवाब देंगे।

### टेंडर कमीशन घोटाले...

इससे पहले, 6 मई 2024 को ईडी ने रांची में बड़े पैमाने पर छापेमारी की थी। इस दौरान संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास से करीब 32.2 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए थे। वहीं, संजीव लाल के आवास से 10.5 लाख रुपए और उनके सचिवालय स्थित कार्यालय से 2.3 लाख रुपए बरामद हुए थे। एक डायरी भी जब्त की गई, जिसमें कथित तौर पर कमीशन के लेन-देन का ब्योरा दर्ज था। जांच के बाद, 15 मई 2024 को आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया गया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सरकारी टेंडर आवंटित करने के बदले कमीशन वसूलने के लिए एक संगठित नेटवर्क काम कर रहा था। जांच एजेंसी के अनुसार, ठेकेदारों को कथित तौर पर कुल ठेके की कीमत का लगभग तीन प्रतिशत कमीशन के तौर पर देना पड़ता था। इसमें से, लगभग 1.35 प्रतिशत राशि कथित तौर पर तत्कालीन मंत्री तक उनके निजी सचिव के माध्यम से पहुंचाई जाती थी। वहीं, 0.65 से 1 प्रतिशत राशि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों में बांटी जाती थी। शेष राशि इंजीनियरों सहित अन्य कर्मचारियों के बीच साझा की जाती थी।

### इंफ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टल...

यह पहल डिजिटल क्रिएटर्स एवं पर्यटन विभाग के बीच एक सशक्त एवं संरचित साझेदारी स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान इंफ्लुएंसर्स के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें पर्यटन प्रचार, डिजिटल स्टोरी टेलिंग, कंटेंट निर्माण एवं झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभागीय सचिव मुकेश कुमार, झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन, महाप्रबंधक राजीव रंजन सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### शिक्षक नियुक्ति मामले...

जेएसएससी और राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि जब इस मामले से संबंधित अपील खंडपीठ में लंबित है, तब समानांतर रूप से फैक्ट फाइंडिंग कमीशन में सुनवाई जारी रखना उचित नहीं है। हाईकोर्ट के ग्रीष्मावकाश के दौरान भी फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने 16 मई 2026 को अगली सुनवाई निर्धारित की है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 10 जून 2026 को तय की है। इसी बीच, डोरंडा स्थित पुराने हाईकोर्ट भवन में वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान सरकार और जेएसएससी की ओर से मांगे गए दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। हालांकि, कुछ दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी न्यायालय के समक्ष पेश की गई, लेकिन कमीशन ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। फैक्ट फाइंडिंग कमीशन ने सरकार और जेएसएससी को अंतिम अवसर देते हुए निर्देश दिया कि मांगे गए दस्तावेज 16 मई 2026 से पहले शपथ पत्र के साथ दाखिल किए जाएं। सुनवाई के दौरान माध्यमिक शिक्षा निदेशक और जेएसएससी के उपसचिव बशीर अहमद भी न्यायालय में उपस्थित रहे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शेखर प्रसाद गुप्ता, अमृतांश वत्स एवं अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा।

### राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# ट्रेजरी घोटाला पशुपालन घोटाले से भी बड़ा, सीबीआई जांच कराएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने राज्य में उजागर हुए ट्रेजरी घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने इस बाबत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र में दावा किया कि झारखंड का यह कोषागार घोटाला तत्कालीन संयुक्त बिहार के चर्चित पशुपालन घोटाले से भी अधिक व्यापक और गंभीर प्रतीत हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान जांच प्रक्रिया केवल खानापूर्ति और 'आईवॉश' प्रतीत हो रही है। ऐसे में पूरे मामले की जांच तत्काल सीबीआई को सौंपे जाने की जरूरत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र में तीखा आरोप लगाया है कि करोड़ों रुपये की इस अवैध निकासी को अंजाम देने के पीछे सिस्टम और सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों का संरक्षण शामिल है। उन्होंने कहा कि यह केवल कुछ छोटे कर्मचारियों या होमगार्ड जवानों का काम नहीं हो सकता बल्कि एक सुनियोजित नेक्सस के माध्यम से सरकारी खजाने में डाका डाला गया है। साहू ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि घोटाले को सामने आए एक महीना बीत चुका है लेकिन अब तक की गई कार्रवाई केवल संदेह पैदा करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य सरकार एक श्वेत पत्र जारी करे, जिसमें यह स्पष्ट हो कि किन-किन जिलों से कुल कितनी राशि की अवैध निकासी हुई है और महालेखाकार ने किन विशिष्ट गड़बड़ियों को चिन्हित किया है। साहू ने मुख्यमंत्री के समक्ष पांच सवाल रखते हुए पूछा है कि जब रांची, चाईबासा और पलामू जैसे जिलों में भी करोड़ों की अवैध निकासी हुई, तो सीआईडी की एसआईटी जांच को केवल बोकारो और हजारीबाग तक ही सीमित क्यों रखा गया है। उन्होंने डिजिटल ट्रांजैक्शन के लिए उपयोग होने वाले ई-कुबेर पोर्टल की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए और पूछा कि मास्टर डेटा बेस में छेड़छाड़ की भनक विभागीय अधिकारियों और निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों (डीडीओ) को क्यों नहीं लगी। पत्र में इस बात पर भी सवाल उठाया गया है कि ट्रेजरी कोड के तहत नियमित निरीक्षण और ऑडिट की जो व्यवस्था है, वह पिछले छह वर्षों में कितनी प्रभावी रही।

### कोकर से लापता 18 माह की अबोध बच्ची के परिजनों से मिले आदित्य साहू

# बच्ची की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस प्रशासन को 36 घंटे का दिया अल्टीमेटम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने रांची के कोकर स्थित खोरहा टोली रोड नं-02 से पिछले कई दिनों से लापता 18 माह की मासूम बच्ची के परिजनों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा को करीब से महसूस किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन को 36 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि इस दौरान बच्ची की सकुशल बरामदगी नहीं होती है, तो भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का काम करेगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि यह काफी गंभीर मामला है। राज्य में पुलिस का भय समाप्त हो चुका है। अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। राज्य में पुलिस का नहीं अपराधियों का शासन चल रहा है। राज्य की पुलिस और यहां की सरकार को आम लोगों की सुरक्षा को लेकर कोई चिंता नहीं है। अपराधियों का दुस्साहस इस कदर बढ़ा हुआ है कि खुलेआम बच्चे को टांगा हुआ फोटो दिखाकर आतंक फैलाया जा रहा है। गालियां बका जा रहा है। अब तक अबोध बच्ची का कोई सुराग न मिलना बेहद चिंताजनक और दर्दनाक है। श्री साहू ने कहा कि एक मासूम की जिंदगी दांव पर लगी है, लेकिन झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार और प्रशासन की सुस्ती साफ नजर आ रही है। इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए और बच्ची को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया जाए। श्री साहू ने कहा कि इसके पहले जगन्नाथपुर और ओरमांझी में घटना घट चुकी है। आखिरकार पार्टी की चेतावनी और भारी जनदबाव के कारण इन बच्चों की सकुशल बरामदगी हुई। यह बतलाता है कि सतर्कता, जनदबाव और त्वरित कार्रवाई से सकारात्मक परिणाम संभव हैं। कोकर से गायब अबोध बच्ची के मामले को भी हमारी पार्टी ने पूरी गंभीरता से लेने का काम किया है। दुख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और न्याय मिलने तक आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने पुलिस से अविलंब ऐसे अपहरणकर्ता को पकड़ने और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

**जागरूक**

### पीएम मोदी की अपील का पद्मश्री छुटनी महतो ने किया समर्थन, बोलीं

# स्वदेशी अपनाने की दिशा में सराहनीय पहल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

डायन प्रथा के खिलाफ संघर्ष कर समाज में अलग पहचान बनाने वाली पद्मश्री सम्मानित छुटनी महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई सात अपीलों का खुलकर समर्थन किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ये अपीलें केवल सरकार के लिए नहीं बल्कि देश की आर्थिक मजबूती, नागरिकों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बेहद जरूरी हैं।

झारखंड में सरायकेला की पद्मश्री अवॉर्डी छुटनी महतो ने कहा कि मोदी हैं तो मुमकिन है। प्रधानमंत्री ने जो सात अपीलें की हैं, उन्हें देश के सभी नागरिकों को मानना चाहिए। यह अपील किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि, देशहित और आम लोगों के कल्याण के लिए की गई है।

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से खाद्य तेल का कम उपयोग करने की प्रधानमंत्री मोदी की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि इससे घरेलू बजट पर बोझ कम होगा और लोगों की सेहत भी बेहतर रहेगी।

छुटनी महतो ने कहा कि आज के समय में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। स्वदेशी अपनाने और वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने की बात पर उन्होंने कहा कि पहले वे भी बाहर जाकर कई कार्य करती थीं, लेकिन अब अधिकतर काम घर से ही करती हैं। यदि लोग स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंगे तो इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लेने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सहयोग करने की अपील की।



आज के समय में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है

वहीं, मुरादाबाद के पद्मश्री चिरंजीलाल यादव ने पीएम मोदी की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि ये देशहित और आर्थिक मजबूती की नई दिशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। पीएम मोदी को इस पहल के लिए बधाई देता हूं। देश की जनता इन चीजों से जागरूक नहीं थी।

चिरंजीलाल ने पीएम मोदी की नेशन फर्स्ट की अपील को लेकर कहा कि देश को प्राथमिकता देने से ही विकास होगा। यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाला है। स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल से भारत का पैसा देश में ही रह जाएगा और अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के पर्यटन को बढ़ाने की अपील की है। हमारे देश में ही घूमने के लिए अच्छी जगह है, ऐसे में लोगों को विदेश जाने की जरूरत नहीं है। इस तरह से देश का पैसा भारत में रहने से उन्नति और विकास को पंख लगेंगे।

# आलमगीर को बेल मिलने पर कांग्रेस ने न्यायपालिका पर जताया भरोसा

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को माननीय न्यायालय से जमानत मिलने पर पार्टी ने इसे न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास का प्रतीक बताया है। कांग्रेस का कहना है कि वह हमेशा से संविधान, कानून और न्यायपालिका का सम्मान करती रही है और उसे उम्मीद है कि सत्य एवं न्याय की जीत होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा लगातार राजनीतिक द्वेष और एजेंसियों के दुरुपयोग के जरिए विपक्षी नेताओं की छवि को धूमिल करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने कहा कि अदालतों के फैसले यह दर्शाते हैं कि लोकतंत्र में अंतिम भरोसा न्यायपालिका पर ही होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा पारदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ी रही है।

# राज स्पोर्ट्स ने एनसी स्पोर्टिंग न्यूरी को 4-2 से पराजित किया



**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग मैच के दूसरे दिन रविवार को राज स्पोर्ट्स और एनसी स्पोर्टिंग न्यूरी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में राज स्पोर्ट्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसी स्पोर्टिंग न्यूरी को 4-2 से पराजित कर जीत अपने नाम की। राज स्पोर्ट्स की ओर से अरुण मुंडा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच के 10वें और 39वें मिनट में दो गोल दागे। वहीं प्रशांत ने 45वें और 99वें मिनट में दो गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। दूसरी ओर एनसी स्पोर्टिंग न्यूरी की तरफ से चंद्रमोहन और वरुण ने एक-एक गोल किए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। मैच का संचालन रेफरी करम मुंडा, महावीर और गुप्तेश्वर मुंडा ने किया। मुकाबले के दौरान समिति के निशांत भेंगरा, रितेश गुप्ता, धीरज हंस और पादरी नेल्सन कुंडलना सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# सुनील मुंडा की हैट्रिक से परासी एफसी को मिली शानदार जीत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग के तीसरे वर्ष के तीसरे दिन सोमवार को सी ग्रुप का मुकाबला रघु ब्रदर्स और परासी एफसी के बीच खेला गया। एकतरफा रहे इस मैच में परासी एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रघु ब्रदर्स को 5-0 से करारी शिकस्त दी। परासी एफसी की ओर से सुनील मुंडा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक गोल दागे और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मान गोविंद मुंडा और गुरुचरण मुंडा ने एक-एक गोल कर टीम की बढ़त को मजबूत किया। दूसरी ओर रघु ब्रदर्स की टीम परासी एफसी के मजबूत क्षेत्ररक्षण को भेदने में पूरी तरह असफल रही और पूरे मैच में एक भी गोल नहीं कर सकी। मैच का संचालन रेफरी करम मुंडा, महावीर और गोखेन मुंडा ने किया। मुकाबले के दौरान समिति के निशांत भेंगरा, रितेश गुप्ता, विवेक गुप्ता, शत्रुघ्न शर्मा सहित एसोसिएशन के कई सदस्य और खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार दिल्ली कैपिटल्स ने 3 विकेट से रौंदा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईपीएल 2026 अपने आखिरी और सबसे रोमांचक पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। आज मुकाबला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच है। ये मुकाबला धर्मशाला के खूबसूरत मैदान पर है। जहां टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। पंजाब ने अय्यर-प्रियांश की फिफ्टी के दम पर 210 रन बनाए। अब दिल्ली की बल्लेबाजी जारी है। 211 रनों के जवाब में उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही। और अभिषेक पोरेल और केएल राहुल दोनों ही फ्लॉप रहे। साहिल पराख और स्टब्स भी कुछ खास नहीं कर सके। लेकिन अक्षर पटेल ने पारी को संभाला और फिफ्टी जड़ी। अक्षर ने 30 गेंद में 56 रन बनाए। इसके बाद डेविड मिलर और आशुतोष ने पारी को संभाला। मिलर ने 28 गेंदों में 51 रन ठोके और 4 छक्के जड़े।

## पंजाब की बल्लेबाजी रही बेअसर

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पंजाब की पारी का आगाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने किया। दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग की। इसी बीच, प्रियांश आर्य ने 24 गेंद में फिफ्टी जड़ी। पंजाब को पहला झटका 7वें ओवर में लगा जब प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हो गए। 9वें ओवर में पंजाब को दूसरा झटका लगा जब प्रियांश आर्य 56 रन बनाकर माधव तिवारी का शिकार बने। लेकिन इसके बाद श्रेयस अय्यर और कूपर कोनली ने अच्छी बल्लेबाजी की। अय्यर ने नाबाद 59 रन बनाए। जिसके दम पर पंजाब ने 5 विकेट खोकर 210 रन बनाए।

# सोनी और रिद्धिमा की शानदार पारियों से रॉकमेन्स की बड़ी जीत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आरडीसीए विमेंस क्रिकेट लीग 2025-26 के तहत गोलचक्कर मैदान में खेले गए मुकाबले में रॉकमेन्स टीम ने जस्टिस को 166 रन के बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉकमेन्स की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट खोकर 245 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

टीम की ओर से सोनी ने शानदार 92 रन की पारी खेली, जबकि रिद्धिमा ने 79 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 246 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जस्टिस की टीम रॉकमेन्स की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 19.4 ओवर में 79 रन पर ऑलआउट हो गई। जस्टिस की ओर से सानिया ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। गेंदबाजी में रॉकमेन्स की अंजुम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 5 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि सोनी ने 15 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। दमदार बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी के दम पर रॉकमेन्स ने मुकाबला 166 रन से अपने नाम कर लिया।

**कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स से पहले भारतीय वेटलिफ्टर्स को सौगात**

# भारतीय खेल प्राधिकरण ने 1.95 करोड़ रुपए का निवेश किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने भारतीय वेटलिफ्टिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने और लंबे समय तक चलने वाले नेशनल कोचिंग कैंप के लिए कुल मिलाकर करीब 1.95 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया, जब देश के वेटलिफ्टर गांधीनगर में जारी एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं।

सरकार ने गुजरात में 17 मई तक चलने वाली एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत की भागीदारी के लिए लगभग 70.45 लाख रुपए मंजूर किए थे। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 और एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों के लिहाज से एक अहम समझी जा रही इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए भारत की शुरुआती टीम में 22 एथलीट, 6 कोच, 5 सपोर्ट स्टाफ और 3 रेफरी शामिल थे।

# द्वितीय रांची जिला पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मोराबादी इंडोर स्टेडियम में रविवार को द्वितीय रांची जिला पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप 2026-27 का भव्य आयोजन रांची जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में टांडिंग, तुंग्गल, गंडा, रेगु एवं सोलो इवेंट्स में करीब 170 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पेंचक सिलाट आत्मरक्षा, एकाग्रता और अनुशासन का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को आत्मरक्षा की तकनीक आनी चाहिए और यह खेल बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल और क्रिकेट जैसे खेलों की अधिक चर्चा होती है, लेकिन पेंचक सिलाट जैसे खेल समाज में आत्मविश्वास और सजगता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस खेल के प्रचार-प्रसार के लिए सरकार से वार्ता की जाएगी तथा इसे गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास होगा। साथ ही एसोसिएशन के लिए स्वयं का भवन उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल करने की बात कही। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष ने गुजरात के आनंद में आयोजित राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रांची जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बताया कि झारखंड के खिलाड़ी इस खेल में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में आयोजित नेशनल टूर्नामेंट में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया।

## पैसे मांगकर पिता ने दिलाई पिस्टल, एशियाई खेलों में गोल्ड : सौरभ



**नई दिल्ली ।** खेल के मैदान में उम्र कोई खास मायने नहीं रखती है। अगर कुछ मायने रखता है, तो वो है आपका जुनून। भारत के स्टार निशानेबाज सौरभ चौधरी की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। सौरभ ने एशियाई खेलों में महज 16 साल की उम्र में गोल्ड मेडल पर निशाना लगाते हुए इतिहास रचा। सौरभ एशियाई खेलों में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने वाले सबसे युवा निशानेबाज बने। उत्तर प्रदेश के मेरठ के कलीना गांव में जन्मे सौरभ को निशानेबाजी का चस्का कक्षा चार में लगा। सौरभ ने शूटिंग की दुनिया में कदम रखने की इच्छा पिता से जाहिर की।

# राष्ट्रीय वुडवाल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम को मिला ट्रैक सूट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** छत्तीसगढ़ में 14 से 17 मई तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वुडवाल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही झारखंड वुडवाल टीम के खिलाड़ियों के बीच सोमवार को ट्रैक सूट का वितरण किया गया। जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को ट्रैक सूट प्रदान करने के साथ ही टीम की नई जर्सी का भी अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में शंकरा हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के संस्थापक एवं समाजसेवी शंकर दुबे तथा विंग फिट के ऑनर गोपाल सिंह ने खिलाड़ियों को ट्रैक सूट उपलब्ध कराया। इस अवसर पर वुडवाल संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार, संरक्षक सुभाष सिंह, मानवाधिकार मंच के अध्यक्ष पी.के. लाला, उपाध्यक्ष सोहिनी राय, गोविंद झा, अशोक चौबे, अभिषेक सिंह, स्वाति कुमारी और दीपक वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया और सभी ने झारखंड का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# एआई और सेमीकंडक्टर से बदलेगा भारत का भविष्य : अश्विनी वैष्णव



**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि वैश्विक अस्थिरता का भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती से सामना किया है और एआई, सेमीकंडक्टर और रेलवे अगले चरण के बदलाव का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे सेक्टर में बदलाव की गति असाधारण है। पूंजीगत खर्च पिछले वित्त वर्ष में 2,72,000 करोड़ रुपए रहा है, जो कि कुछ वर्षों पहले 66,000 करोड़ रुपए पर था। वैष्णव ने कहा, "पूरे रेलवे सिस्टम की निष्पादन क्षमता में एक साथ विस्तार हुआ है, जो परियोजना कार्यान्वयन और वितरण में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा, "लगभग 49,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है, जो जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है। डिब्बों और इंजनों के उत्पादन में भी मजबूत वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश भर में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सुविधाओं की एक नई लहर गुणवत्ता-केंद्रित और किफायती विनिर्माण प्रथाओं को बढ़ावा दे रही है, जो तकनीकी रूप से उन्नत और आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रही है।

वैष्णव ने एआई को इतिहास की सबसे क्रांतिकारी तकनीकी क्रांतियों में से एक बताते हुए कहा कि एआई अभूतपूर्व गति से दुनिया को नया आकार दे रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "भारत को एआई के प्रति एक स्पष्ट और रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि देश इस तकनीक का लाभ उठाकर सभी क्षेत्रों में उत्पादकता, गुणवत्ता और उत्पादन दक्षता में सुधार करे। उन्होंने आगे कहा, "वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितता और निरंतर संघर्षों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री की राष्ट्र के नाम की अपील आज और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

## वैश्विक तनाव के बीच जैव ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता



**मुंबई ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि जैव ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच अपनी ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक मजबूती को और मजबूत करने पर ध्यान दे रहा है। मुंबई में आयोजित 'सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट 2026' में बोलते हुए दास ने कहा कि भारत की मजबूती का आधार मजबूत आर्थिक स्थिरता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सरकार की वित्तीय स्थिति और बैंकिंग व्यवस्था स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा, "कॉरपोरेट कंपनियों की बैलेंस शीट अब पहले की तुलना में काफी मजबूत है, जिससे नए निवेश को समर्थन मिलेगा।" साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार सुधारों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस मामले में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जा रही है।

हालांकि, दास ने चेतावनी दी कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव और सप्लाई चेन में आ रही रुकावटें दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर भारी लागत का बोझ डालती रहेंगी।

## लंदन में हरित क्रांति और पर्यावरण पर व्याख्यान देंगे क्रेडाई चेयरमेन कुमुद झा



**रांची।** रियल एस्टेट कारोबारियों की संस्था क्रेडाई के चेयरमेन कुमुद झा ब्रिटिश हाई कमीशन के आमंत्रण पर भारतीय शिष्टमंडल के सदस्य के रूप में लंदन में आयोजित उद्यमियों के सम्मेलन में भाग लेंगे। इंडिया बिल्ट एनवायरनमेंट ट्रेड मिशन के तहत 11 मई से 15 मई तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में वे हरित क्रांति और पर्यावरण संरक्षण विषय पर व्याख्यान देंगे। कुमुद झा अपनी पत्नी कल्पना झा के साथ लंदन के लिए रवाना हो चुके हैं। उनके इस दौरे को झारखंड के रियल एस्टेट और इंजीनियरिंग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ज्ञात हो कि कुमुद झा बीआईटी मेसरा से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और अपनी अग्रणी कंपनी फीकॉन कंस्ट्रक्शंस एंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से पिछले 36 वर्षों से झारखंड में रियल एस्टेट, सिविल इंजीनियरिंग और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने राज्य में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन में योगदान दिया है। सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। वे लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। लंदन में आयोजित इस सम्मेलन में उनके व्याख्यान को भारतीय निर्माण क्षेत्र और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी की सात अपीलें भारत को बनाएंगी मजबूत, टिकाऊ विकास को मिलेगा बढ़ावा : एसोचैम

**एजेंसी । नई दिल्ली**



उद्योग संगठन एसोचैम ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई सात अपीलें भारत की 'विकसित भारत' यात्रा को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से वैश्विक आर्थिक चुनौतियों, सप्लाई चेन में रुकावट और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के कारण बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए सामूहिक सहयोग की अपील की थी। इसके तहत पेट्रोलियम उत्पादों का सोच-समझकर इस्तेमाल करने और फिजूलखर्ची कम करने पर जोर दिया गया, ताकि देश पर वित्तीय बोझ कम हो सके। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के मिंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री की ये सात अपीलें अनिश्चित वैश्विक माहौल में भारत की मजबूती, प्रतिस्पर्धा क्षमता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने वाले सात मंत्र की तरह हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों और रेल परिवहन को बढ़ावा देने से प्रदूषण कम होगा, कनेक्टिविटी बेहतर होगी और लोगों की जिंदगी आसान बनेगी। मिंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सार्वजनिक परिवहन और मेट्रो यात्रा को प्राथमिकता देने की अपील देश की लॉजिस्टिक्स क्षमता और ईंधन सुरक्षा को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के कम इस्तेमाल और विदेश यात्राओं को घटाने की अपील से विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी और 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को भी मजबूती मिलेगी।

एसोचैम ने गैर-जरूरी सोने की खरीद कम करने की अपील का भी स्वागत किया। निर्मल मिंडा ने कहा, "अनिश्चित परिस्थितियों में विदेशी मुद्रा की जरूरतों को पूरा करने में यह कदम मदद करेगा, क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने करीब 70 अरब डॉलर का सोना आयात किया था। एसोचैम के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री की ये सात अपीलें देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, लोगों के कल्याण और वैश्विक स्तर पर भारत की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने में मदद करेंगी। संगठन ने कहा कि भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां वैश्विक अस्थिरता और 70 दिनों से ज्यादा समय से जारी संघर्ष के बावजूद पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी 1.5 प्रतिशत तक फिसले

**एजेंसी । मुंबई**



पश्चिम एशिया में जारी तनावों के बीच नकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली और प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी50 और सेंसेक्स 1.5 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1312.91 अंकों यानी 1.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,015.28 पर था, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 360.30 अंक (1.49 प्रतिशत) गिरकर 23,815.85 पर पहुंच गया। दिन के दौरान सेंसेक्स 76,638.09 पर खुलकर 1,300 अंकों या 1.5 प्रतिशत से अधिक गिरकर 75,957.40 के दिन के निचले स्तर पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,970.10 पर खुलकर दिन के दौरान 1 प्रतिशत से अधिक गिरकर 23,799.10 के निचले स्तर पर पहुंच गया। व्यापक बाजार में निफ्टी मिडकैप में 1.05 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक में 1.13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# भारत के पास किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार है

**एजेंसी । नई दिल्ली**



उर्वरक विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मध्य पूर्व संकट के बीच भी भारत की उर्वरक सुरक्षा मजबूत और स्थिर बनी हुई है। सरकार ने घरेलू उत्पादन और आयात बढ़ाकर यह सुनिश्चित किया है कि सभी प्रमुख श्रेणियों में किसानों की जरूरतों से अधिक उर्वरक उपलब्ध रहे। देश में वर्तमान में 199.65 लाख मीट्रिक टन का पर्याप्त भंडार है, जो मौसमी मांग के 51 प्रतिशत से अधिक को पूरा करता है। यह इस समय के सामान्य बफर स्तर (लगभग 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है। उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह बेहतर अग्रिम भंडारण और कुशल लॉजिस्टिक्स प्रबंधन को दर्शाता है।

हाल ही में आए संकट के बाद, घरेलू उत्पादन और आयात में तेजी से वृद्धि की गई है, जिससे कुल उपलब्धता में लगभग 97 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की बढ़ोतरी हुई है।